हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● शुक्रवार ● 26.12.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 151 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये


## एक नजर

### अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में टीचर की गोली मारकर हत्या

**अलीगढ़** : उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी कैंपस में उस समय सनसनी फैल गई, जब यूनिवर्सिटी के ही एबीके यूनियन हाई स्कूल में कार्यरत शिक्षक दानिश राव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह वारदात सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत एएमयू कैंपस में लाइब्रेरी कैंटीन के पास हुई, जहां दानिश राव अपने कुछ दोस्तों के साथ बैठे हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक स्कूटी सवार अज्ञात हमलावर मौके पर पहुंचे और बिना किसी बहस के दानिश राव पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली उनके सिर में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास मौजूद छात्रों और कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही यूनिवर्सिटी प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर अवस्था में दानिश राव को तत्काल जेएन मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया। हालांकि, सिर में गोली लगने के कारण उनकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई थी और इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

### इंडिगो ने खराब मौसम के चलते रद की 67 उड़ानें

**नयी दिल्ली** : देश की प्रमुख घरेलू एयरलाइन इंडिगो ने गुरुवार को मौसम और कुछ ऑपरेशन कारणों से 67 उड़ानें रद कर दीं। एयरलाइन की वेबसाइट के अनुसार, इनमें से केवल चार उड़ानें ऑपरेशन कारणों से रद की गईं, जबकि बाकी खराब मौसम की भविष्यवाणी के कारण रद्द हुईं। प्रभावित हवाईअड्डों में आगारतला, चंडीगढ़, देहरादून, वाराणसी और बंगलूरू शामिल हैं। बता दें कि एविएशन रेगुलेटर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इस सर्दी के मौसम के लिए 10 दिसंबर से 10 फरवरी तक का समय 'फॉग विंडो' घोषित किया है। इस दौरान एयरलाइंस को कुछ नियमो का पालन करना अनिवार्य है। इसके तहत पायलट जो लो-विजिबिलिटी में उड़ान भरने में प्रशिक्षित हों, उन्हें ही फ्लाइट्स में तैनात किया जाए।

### प्रधानमंत्री ने देश को समर्पित किया राष्ट्र प्रेरणा स्थल

## अटल जयंती सुशासन उत्सव का दिन, उन्होंने सही मायने में सुशासन को जमीन पर उतारा : मोदी

एजेंसी





**लखनऊ** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ दौरे पर हैं। अपने दौरे में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के मौके पर 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' का लोकार्पण किया। खूबसूरत राष्ट्र प्रेरणा स्थल को लखनऊ ने वसंत कुंज इलाके में गोमती नदी के किनारे बनाया गया है। अटल बिहारी वाजपेयी के अलावा, पीएम मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय की विशाल कांस्य प्रतिमाओं का भी अनावरण किया। इस खास मौके पर पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए अटल बिहारी, दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कार्यों को भी याद किया।

लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण करने के बाद पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा आज लखनऊ की ये भूमि एक नई प्रेरणा की साक्षी बन रही है। इससे पहले मैं देश और दुनिया को क्रिसमस की शुभकामनाएं देता हूं... 25 दिसंबर का ये दिन देश की दो महान विभूतियों के जन्म का अद्भुत संयोग लेकर आता है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और भारत रत्न मदन मोहन मालवीय इन दोनों महापुरुषों ने भारत की अस्मिता, एकता और गौरव की रक्षा की है और राष्ट्र निर्माण में अपनी अमिट छाप छोड़ी है।

पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा ये राष्ट्र प्रेरणा स्थल उस सोच का प्रतीक है जिसने भारत को आत्मसम्मान, एकता और सेवा का मार्ग दिखाया है। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी जी इनकी विशाल प्रतिमाएं जितनी ऊंची हैं इनसे मिलनी वाली प्रेरणाएं उससे भी बुलंद है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा आज अटल जी की जयंती का यह दिन, सुशासन के उत्सव का भी दिन है। लंबे समय तक देश में 'गरीबी हटाओ' जैसे नारों को ही सुशासन मान लिया गया था, लेकिन अटल जी ने सही मायनों में सुशासन को जमीन पर उतारा। आज डिजिटल पहचान की इतनी चर्चा होती है, उसकी नींव रखने का काम अटल जी की सरकार ने ही किया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने देश के विकास में योगान देने वाली महान विभूतियों का कद छोटा करने का कार्य किया। भाजपा की सरकार ने आंबेडकर, नरसिम्हा राव, प्रणब मुखर्जी, भगवान विरसा मुंडा से लेकर अटलजी तक के योगदान को समान रूप से सम्मान दिया और उनके योगदान को याद किया है। देश में दूसरों की लकीर छोटी कर एक ही परिवार को सारा श्रेय देने का प्रयास हुआ, भाजपा ने उसे भी बदला है।

प्रधानमंत्री ने क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज लखनऊ की यह धरती नयी प्रेरणा का साक्षी बन रही है। 25 दिसंबर का यह दिन दो महान विभूतियों के जन्म का सुयोग लेकर आता है। अटलजी और महामना मदन मोहन मालवीयजी की जयंती है। आज के ही दिन महाराजा बिजली पासी की भी जन्म जयंती है। महाराजा बिजली पासी ने जो विरासत छोड़ी, उसे हमारे पासी समाज ने आगे बढ़ाया। यह संयोग ही था कि अटलजी ने ही वर्ष 2000 में महाराजा बिजली पासी के नाम पर डाक टिकट जारी किया। इन महान विभूतियों को नमन करता हूं।

### हेमन्त सोरेन ने अमर शहीद निर्मल महतो को दी श्रद्धांजलि

## झारखंड आंदोलन में निर्मल महतो का अमूल्य योगदान रहा है : मुख्यमंत्री



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने गुरुवार को झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता अमर वीर शहीद निर्मल महतो की जयंती पर रांची के जेल मोड़ स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि आज बहुत महत्वपूर्ण दिन है। राज्य के आदिवासी-मूलवासियों के हक-अधिकार की लड़ाई लड़ने वाले और झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता वीर शहीद निर्मल महतो की 75वीं जयंती है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे राज्य में वीर सपूत शहीद निर्मल महतो को लोग याद कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य को बने हुए 25 वर्ष हो चुके हैं। ऐसे वीर सपूतों का हमारे बीच आना गौरव का विषय है। झारखंड राज्य आंदोलन में शहीद निर्मल महतो का अमूल्य योगदान रहा है। उनके आदर्श एवं विचारों को आत्मसात करते हुए राज्य निरंतर आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि जिस समय निर्मल महतो की शहादत हुई उस समय वे युवा थे। आज हमारे राज्य के नौजवान उन्हें अपने मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्त्रोत के रूप में देखते हैं। राज्य का एक-एक युवा उन पर गर्व करता है। आने वाले समय में भी उनके विचारों को जिंदा रखते हुए हम सभी राज्यवासी आगे बढ़ते रहेंगे।

## बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की हत्या भीड़ ने सरेआम पीट-पीटकर मार डाला



एजेंसी

**राजबारी** : बांग्लादेश की पुलिस ने बताया कि राजबारी के पांग्शा उपज़िला में कल रात जबरन वसूली के आरोप में एक व्यक्ति की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। हालांकि अब पुलिस उसे ही दोषी और अपराधी बता रही है। सहायक पुलिस अधीक्षक (पांग्शा सर्कल) देब्रता सरकार ने बांग्लादेश के पत्रकारों को बताया कि यह घटना कल रात करीब 11:00 बजे कालीमोहर यूनियन के होसेनडांगा गांव में घटी। मरने वाले की पहचान अमृत मंडल उर्फ सम्राट के रूप में हुई है, जो उसी गांव का निवासी था। पुलिस ने उसके एक साथी मोहम्मद सलीम को गिरफ्तार किया और उसके पास से दो हथियार बरामद किए। एएसपी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सम्राट को गंभीर हालत में बचाया। उसे पांग्शा उपजिला स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सुबह करीब 2:00 बजे उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बाद में सलीम से एक पिस्तौल और एक सिंगल-शॉटर बंदूक बरामद कर उसे हिरासत में ले लिया। एएसपी ने बताया कि सम्राट के शव को पोस्टमार्टम के लिए राजबारी सदर अस्पताल के मुर्दाघर भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि सम्राट के खिलाफ पांग्शा पुलिस स्टेशन में कम से कम दो मामले दर्ज थे, जिनमें एक हत्या का मामला भी शामिल है।

### खुद बता रहे भीड़ ने पीटा

बांग्लादेश के अखबार द डेली स्टार के अनुसार, स्थानीय लोगों ने बताया कि सम्राट ने एक आपराधिक गिरोह बनाया था और वह लंबे समय से जबरन वसूली और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल था। भारत में लंबे समय तक छिपने के बाद, वह हाल ही में घर लौटा और कथित तौर पर गांव के निवासी शाहिदुल इस्लाम से जबरन वसूली की रकम मांगी। कल रात, सम्राट और उसके गिरोह के सदस्य शाहिदुल के घर पैसे लेने गए। जब घरवालों ने "चोर" चिल्लाकर शोर मचाया, तो स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और सम्राट की पिटाई की। उसके अन्य साथी भागने में सफल रहे, जबकि सलीम को हथियारों के साथ पकड़ा गया।

## ओडिशा मुठभेड़ में 1.10 करोड़ के इनामी माओवादी नेता गणेश सहित चार ढेर, दो मुठभेड़ों में कुल छह मारे गए



एजेंसी

**भुवनेश्वर** : ओडिशा के कंधमाल जिले में मुठभेड़ में 1.10 करोड़ के इनामी सीसीएम और माओवादी नेता गणेश उइके सहित चार लोग मारे गए जबकि एक अन्य मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए। इस तरह से दो मुठभेड़ में कुछ छह इनामी माओवादी मारे गए। उनके पास से कई हथियार भी बरामद किए गए हैं।

पहली मुठभेड़ बेलघर पुलिस थाना क्षेत्र के गुमा जंगल में हुई, जिसमें दो माओवादी ढेर हुए। अधिकारियों ने बताया कि यह सर्च ऑपरेशन खुफिया जानकारी के आधार पर चलाया गया था और दोनों माओवादी हथियारबंद थे। उन्होंने घने जंगल का लाभ उठाकर सुरक्षा बलों से बचने का प्रयास किया लेकिन सुरक्षा बलों में उन्हें वहीं पर ढेर कर दिया। जबकि दूसरी और निर्णायक मुठभेड़ चकापाद पुलिस थाना क्षेत्र में हुई।

इस मुठभेड़ में केंद्रीय समिति के सदस्य और वरिष्ठ माओवादी नेता गणेश उइके समेत चार माओवादी मारे गए। सीसीएम गणेश उइके पर कुल 1.10 करोड़ का इनाम था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इनमें से दो महिला माओवादी थीं। इन दोनों महिला माओवादी सहित अभी तीन लोगों के नाम नहीं मालूम हो सके हैं।

69 वर्ष गणेश उइके पूर्वी और दक्षिणी भारत में सक्रिय शीर्ष माओवादी नेता था। वह सीपीआई (माओवादी) का वरिष्ठ सदस्य और कमांडर था। कई राज्यों द्वारा उस पर कुल 1.10 करोड़ रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि उइके ओडिशा और आसपास के राज्यों में माओवादी गतिविधियों की रणनीति और संचालन में अहम भूमिका निभा रहा था।


इस अभियान में विशेष संचालन दल (एसओजी), जिला स्वयंसेवी बल (डीवीएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की संयुक्त टीम शामिल थी।

### पीएलएफआई नक्सलियों ने क्रशर प्लांट में की फायरिंग, मांगी 20 लाख की लेवी

**खूंटी** : प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) ने एक बार फिर जिले में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का प्रयास किया है। पीएलएफआई के चार अज्ञात उग्रवादियों ने बुधवार की रात में सदर थाना क्षेत्र के डुगड़गिया स्थित मेसर्स नितेश शारदा क्रशर प्लांट में घुसकर फायरिंग की और वहां मौजूद लोगों को संगठन के नाम पत्र देते हुए 20 लाख रुपए की रंगदारी मांगी। लेवी नहीं देने पर कार्रवाई करने की धमकी दी गई है। यह पत्र पीएलएफआई के जोनल सदस्य राजेश यादव के नाम से जारी किया गया है। घटना की पुष्टि करते हुए खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने गुरुवार को बताया कि सूचना मिलने के बाद वे थाना प्रभारी मोहन कुमार और सशस्त्र बल के जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने क्रशर प्लांट में मौजूद कर्मियों से पूछताछ की और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए पुलिस जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## तमिलनाडु में तिरुचिरापल्ली नेशनल हाइवे पर बस दो कारों से टकराई, नौ की मौत, पीएम ने जताया दुःख

एजेंसी



**कदालूर** : तमिलनाडु में तिरुचिरापल्ली-चेन्नई राष्ट्रीय राजमार्ग पर रात को हुए सड़क हादसे में सात लोगों की जान चली गई। यह हादसा टायर फटने से अनियंत्रित हुई तमिलनाडु राज्य एक्सप्रेस ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की बस के दो कारों से टकराने की वजह से हुई। अस्पताल में भर्ती कराए गए घायलों में से दो और लोगों के दम तोड़ देने से मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने दुर्घटना में मारे गए व्यक्तियों के परिवारों और उनके संबंधियों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने हर मृतक के परिवार को तीन लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल लोगों को एक-एक लाख रुपये मुख्यमंत्री सार्वजनिक राहत निधि से देने का भी आदेश दिया है। पुलिस के अनुसार, राहत और बचाव कार्य के दौरान सात लोग मौके पर ही मृत मिले। गंभीर रूप से घायल छह लोगों को उपचार के लिए पेरम्बलूर सरकारी अस्पताल भेजा गया। वहां दो लोगों ने दम तोड़ दिया। बाकी चार लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों में कार सवार उद्यमी राजरत्नम (67), उनकी पत्नी राजेश्वरी (57), कारचालक जयकुमार (30) के रूप में हुई है। दूसरी कार के हताहत लोगों की भी पहचान हो गई है। उनमें तिरुची के तिरुवारंपथ कत्तूर के मोहम्मद फारूक (45), उनकी पत्नी रिबाना (33), उनकी बेटी ताज्बिर्का (10) और बेटा अब्दुल पाठा (सात) हैं। अस्पताल में दम तोड़ने वालों में पुडुकोत्तई के कालिप नगर के सिराजुद्दीन की पत्नी गुरजिस फातिमा (32) और उनका बेटा अजिज अहमद (तीन) हैं।

पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल पिल्लई टनेरिन पंडाल के मोहम्मद कासिम, उनकी पत्नी अमीशा और सिराजुद्दीन के पुत्र अक्तुल अजीज और अब्दुल अहमद का इलाज चल रहा। दुर्घटना में घायल मोहम्मद कासिम के बेटे सिराजुद्दीन को चेन्नई हवाई अड्डे से कनाडा जाना था। मोहम्मद फारूक और मोहम्मद कासिम का परिवार उन्हें छोड़ने के लिए कार से चेन्नई गया था। वह लोग सिराजुद्दीन को हवाई अड्डे पर छोड़कर कारसे घर लौट रहे थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह बस तिरुचिरापल्ली से चेन्नई जा रही थी। कदालूर जिले के तिट्टकुड़ी के उपतूरू इलाके में अचानक बस का टायर फट गया।

### कर्नाटक में लॉरी से टक्कर के बाद बस में लगी आग, नौ यात्री जिंदा जले

**चित्रदुर्ग** : कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में हिरियूर तालुक के गोरलाहट्टू गांव के पास आज तड़के एक लॉरी से टक्कर के बाद बस में आग लग गई। इस हादसे में नौ से ज्यादा यात्री जिंदा जल गए। आग लगने से राख हुई निजी स्लीपर कोच बस है। पुलिस के अनुसार, बेंगलुरु से गोकर्ण जा रही बस को एक लॉरी ने सामने से टक्कर मार दी और उसमें तुरंत आग लग गई। यह हादसा गोरलाहट्टू गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर हुआ। पुलिस का कहना है कि हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। वहीं, हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका पास के ही अस्पताल में इलाज जारी है।

## शीतलहर से झारखंड में बढी कनकनी आज भी 13 जिलों के लिए येलो अलर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड में इन दिनों शीतलहर से कनकनी बढ गई है। भारी कनकनी के कारण लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हुई है। मौसम विभाग ने गुरुवार को राज्य के 13 जिलों में शीतलहर को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार मध्यवर्ती जिले (रांची, खूंटी, गुमला, रामगढ, हजारीबाग, बोकारो, लोहरदगा, कोडरमा और धनबाद) के अलावा राज्य के उत्तर और-पश्चिमी जिले पलामू, गढवा, चतरा और लातेहार के कुछ जगहों में शीतलहर चलने की संभावना है। इधर, शीतलहर के चलने के कारण कई जिलों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे चला गया है। हालांकि दिन में मौसम साफ रहने से लोगों को कंपकंपाने वाली ठंड से थोडी सी राहत मिल रही है। दिन में लोग खुले स्थानों पर अच्छी और गुलाबी धूप का आनंद लेते देखे जा रहे हैं। राज्य के कुछ इलाकों में देर रात और तडके सुबह हल्के दर्जे का कुहासा भी देखने को मिल रहा है। हालांकि सुबह में मौसम पूरी तरह से साफ हो रहा है।

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 27.4 डिग्री चाईबासा में और सबसे कम तापमान गुमला में 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने राज्य में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में सामान्य तापमान से दो डिग्री से अधिक के बदलाव से इंकार किया है। वहीं गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा, लेकिन शीतलहर के कारण दिनभर भारी ठंड महसूस की गई। वहीं गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री, जमशेदपुर में 26 और 10.4 डिग्री, डालटेनगंज में 25.1 और 8.1 डिग्री, बोकारो में 22.1 और 9.5 डिग्री, खूंटी में 25.6 और 6 डिग्री और सरायकेला में अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## एक नजर

### पेसा नियमावली की मंजूरी से जनजातीय समुदाय सशक्त होगा : मंजीत यादव



**बरही** : बरही विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत यादव ने कैबिनेट में पेसा नियमावली पारित होने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया है। पेसा नियमावली को ऐतिहासिक और दूरगामी परिणाम वाला फैसला बताते हुए कहा कि पेसा कानून से जनजातीय समुदाय को सशक्त बनाने, ग्राम सभाओं को मजबूत करने और उन्हें भूमि एवं प्राकृतिक संसाधनों का अधिकार देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। आदिवासी क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी और विकास की प्रक्रिया में ग्राम सभा निर्णायक होगी। जल जंगल और जमीन की रक्षा होगी। भूमि अधिग्रहण और वन भूमि से जुड़े मामलों को महत्वपूर्ण निर्णय लेने का अधिकार मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जतायी कि पेसा कानून पारित होने से झारखंड प्रदेश का त्वरित विकास होगा।

### बंगला देश में हिंदुओं के हत्या के विरोध में आक्रोश प्रदर्शन आज



**बरही** : बांग्लादेश में हो रही हिन्दू हिंसा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन एवं आतताइयों का पुतला दहन कार्यक्रम आज विश्व हिंदू परिषद के द्वारा किया जाएगा। उपरोक्त विषय की ओर ध्यानाकृष्ट कराते हुए बताया कि विश्व हिंदू परिषद की राष्ट्रीय आकस्मिक कार्यक्रम के तहत विश्व हिंदू परिषद बरही ईकाई ने दिनांक 26/12/2025 दिन शुक्रवार को अपराह्न 1:00 बजे से बांग्लादेश में हो रही हिन्दू हिंसा के खिलाफ बरही नगर के चारों रोड में विरोध मार्च और बरही चौक पर आतताइयों के पुतला दहन का कार्यक्रम तय किया है । इसमें प्रखंड मैदान बरही में एकत्रीकरण दोपहर 12:00 बजे।
1:00 बजे से विरोध मार्च प्रखंड मैदान से निकलकर युवराज होटल हजारीबाग रोड,रेलवे ओवरब्रिज गया रोड, कोबरा गेट तिलैया रोड एवं बरही सदर अस्पताल होते हुए बरही चौक पर पुतला दहन व कार्यक्रम का समापन होगा। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं के शामिल होने की संभावना है । अधिक से अधिक लोगों से भाग लेने की अपील की गई है। जानकारी विहिप के नंदकिशोर कुमार ने दी है।

### एकल अभियान श्री हरि कथा की ओर से भजन मंडली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बरही** : एकल अभियान श्रीहरि कथा सत्संग समिति की ओर से बरही प्रखंड के बरसोत जी टी रोड स्थित बजरंग बली मंदिर प्रांगण में भजन मंडली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व हजारीबाग अंचल के प्रभारी विनोद प्रसाद ने किया। कार्यक्रम की शुरूवात तुलसी पूजन से किया गया। श्रीनगर के पेमिया देवी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में दस विद्यालय बरसोत, श्रीनगर, चलंगा, सिंहपुर, जीतपुर, मलकोको, लखना बलहरा, बुंडू, नई टांड़ के विद्यालय ने भाग लिया। मंच संचालन संच व्यास उमा देवी ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जीतपुर, द्वितीय स्थान बरसोत, तीसरा स्थान श्रीनगर एकल विद्यालय को मिला।

# संजय सिंह स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव का हुआ भव्य समापन

प्रत्युष नवबिहार बड़कागांव




**हजारीबाग** : हजारीबाग शहर स्थित संजय सिंह स्टेडियम में गुरुवार को सांसद खेल महोत्सव-2025 का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित यह ऐतिहासिक खेल महोत्सव बीते 15 जून से प्रारंभ होकर गुरुवार को समापन समारोह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन से जहां पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में खेल-खिलाड़ियों और खेल प्रेमी दर्शकों का महासमागम हुआ वहीं क्षेत्र में उ सकारात्मक खेल ऊर्जा का संचार भी हुआ। इस अवसर पर देशभर के 290 सांसदों की उपस्थिति में सभी जगहों पर सांसद खेल महोत्सव के क्लोजिंग सेरेमनी का भव्य आयोजन कर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव उद्बोधन लोगों ने सुना। सुबह 11:00 बजे शुरू हुई यह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करीब 12:15 बजे तक चली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सांसदों को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और देशभर के खिलाड़ियों को संबोधित किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की समाप्ति के बाद हजारीबाग के संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम में विभिन्न खेलों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सांसद मनीष जायसवाल की ओर से स्मृति चिन्ह और नगद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही यहां मौजूद विभिन्न खेलों से जुड़े हजारीबाग खेल संघ के अध्यक्ष, सचिव एवं उनके पदाधिकारियों को भी सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान समारोह की शुरूआत स्वयं सांसद मनीष जायसवाल द्वारा खेल संघ से जुड़े कई पदाधिकारियों को सम्मानित कर की गई। इसके बाद मंच पर उपस्थित अन्य अतिथियों ने बारी-बारी से खिलाड़ियों और पदाधिकारियों को मोमेंटो एवं कैश प्राइज देकर सम्मानित किया। यह अवसर अपने आप में एक अद्वितीय और ऐतिहासिक दृश्य के रूप में नजर आया। कार्यक्रम का मंच संचालन मनमीत अकेला ने वहीं धन्यवाद ज्ञापन भाजपा नेता सह लोकसभा क्षेत्र के सांसद सह प्रतिनिधि विनोद झुनझुनवाला ने किया। सम्मान समारोह से पूर्व मंच से संबोधित करते रामगढ़ के बीजेपी नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटु बाबू ने कहा कि यह युवा शक्ति का उत्सव है। सांसद खेल महोत्सव है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 15 जून से नमो फुटबॉल प्रतियोगिता के साथ शुरू हुआ सांसद खेल महोत्सव मेरे लिए केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य को दिशा देने का एक संकल्प रहा है। उक्त अवसर पर विशेषरूप से हजारीबाग के जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, लोकसभा सांसद सह प्रतिनिधि विनोद झुनझुनवाला, भाजपा नेता अनिल मिश्रा, हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि अजय साहू, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, भाजपा नेता डॉ संजय कुमार सिंह, महेंद्र राम बिहारी, सरदार अनमोल सिंह, विजय जायसवाल, लब्बू गुप्ता, रणधीर पांडे, इन्द्रनाथ कुशवाहा,र विनोद राम, सांसद मनीष जायसवाल के सुपुत्र करण जयसवाल, बंटी तिवारी, अविनाश कुमार, टिंकू कुमार सहित कई भाजपा नेता, कार्यकर्ता, खेल संघ से जुड़े लोग और खिलाड़ीगण शामिल हुए ।

## भाजपाइयों ने मनाई अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : बरही धनबाद रोड स्थित भाजपा कार्यालय में गुरुवार को अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती मनाई गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक मनोज कुमार यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भगवान केशरी शामिल हुए। वहीं मौके पर मौजूद सभी कार्यकताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विधायक मनोज कुमार यादव ने भाजपा पश्चिमी मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक को अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया। साथ ही इस दौरान पार्टी के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए देश के प्रति उनके द्वारा दिए गए बलिदान और उनके द्वारा किए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए उनके द्वारा प्रदत्त सुमार्ग में चलने की अपील की। मौके पर भाजपा नेता सुरेंद्र रजक, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, पप्पू चंद्रवंशी, खिरोधर यादव, राजन कुमार, नवलकिशोर सिंह, राजन कुमार, प्रमोद मंडल, राजकुमार यादव, युगल यादव, अशोक यादव, संजय पासवान, वीरेंद्र राम एवं अनुज दास समेत कई अन्य मौजूद थे।

## प्रखंड के कई चर्च में दया करुणा और प्रेम के भगवान प्रभु येसु का मनाया गया जन्मदिन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : जेएमएस चर्च बड़कागांव, बरतुआ, कुंदरु, जोभीया के चर्च में धूमधाम से जन्मदिन क्रिसमस मनाया गया। बड़कागांव जेएमएस चर्च में पास्टर नकुल महतो के नेतृत्व व विक्रम कुमार की संचालन में धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि सबूर महतो, विशिष्ट अतिथि प्रमुख फुलवा देवी, जीप प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बासमती देवी ,मनोज गुप्ता, जानेसार आलम, पास्टर नकुल महतो, योगेंद्र महतो उपस्थित अन्य प्रबुद्ध जनो ने संयुक्त रूप से 5 फिट लंबा केक काटा।एक दूसरे को केक खिलाकर लोगों ने प्रभु यीशु की जन्मदिन पर बधाई दी। मौके पर रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, अतिथियों के लिए स्वागत गीत गाई गई। इसके अलावा सामाजिक कुरीतियां शराब उन्मूलन, सामाजिक व्यवहारिकता, के अलावा शिक्षा झारखंड की संस्कृति पर विशेष नाट्य मंचन किया गया। मौके पर पास्टर नकुल महतो ने प्रभु यीशु से तमाम लोगों की सुख व समृद्धि की कामना की। कहा की प्रभु यीशु दया करुणा और प्रेम के प्रतीक हैं। हमें मिलजुल कर रहने, एक दूसरे के सम्मान, सहयोग करने की संदेश देते हैं। मौके पर उपस्थित लोगों में बादल महतो, घोलटू महतो सीताफल महतो, कुंती देवी, शांति देवी, प्रतिमा देवी के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सांसद सेवा कार्यालय में मनाई गई में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : भारतीय जनता पार्टी के शिखर नेता, उत्कृष्ट कवि और देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती हजारीबाग के सांसद सेवा कार्यालय सभागार में अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने वाजपेयी जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित पार्टी कार्यकताओं और गणमान्य लोगों ने भी महान नेता को नमन किया। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने वाजपेयी जी के विराट व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि अटल जी भारत माता के सच्चे सपूत थे। वे सिर्फ एक जननायक, उत्कृष्ट लेखक और प्रसिद्ध राजनेता ही नहीं थे, बल्कि वह एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्हें भारत के सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' से अलंकृत किया गया। उनका जीवन और उनकी कार्यशैली वर्तमान समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत है। सांसद जायसवाल ने आगे कहा कि अटल जी का सरल, सहज और बेदाग व्यक्तित्व उनकी बेमिसाल वाक्पटुता और उनके द्वारा लिए गए राष्ट्रहित के निर्णय सदैव याद रखे जाएंगे। उनके कार्यकाल में देश ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ। उपस्थित सभी लोगों ने अटल जी के बताए मार्ग पर चलने और उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। मौके पर विशेषरूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, सांसद प्रतिनिधि विनोद झुनझुनवाला, राजीव जायसवाल, द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, अजय साहू, किशोरी राणा, रेणुका कुमारी, दामोदर प्रसाद, अनूप कुमार, भाजपा नेता अनिल मिश्रा, जयनारायण, रणधीर पांडेय, विजय वर्मा, जितेंद्र कुमार साहू, बीरेंद्र कुमार बीरू, लब्बू गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से बना तुलसी पूजन दिवस , बताई तुलसी की महिमा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : तुलसी पूजन दिवस के शुभ अवसर पर सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल विद्यालय परिसर में तुलसी पूजन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के निदेशक टूकलाल साहू ने इस पावन पर्व के बारे में विस्तार से बतलाया। वर्तमान में हो रहे बड़े-बड़े बीमारियों में तुलसी के पौधे का क्या प्रभाव है, उसके बारे में विस्तृत रूप से बताया । विद्यालय के प्राचार्य नितेश कुमार ने तुलसी पौधा के बारे में उसका औषधि गुण, वैज्ञानिक गुण और सनातन संस्कृति में इसके महत्व के बारे में विस्तार रूप से समझाया ।पूजन कार्यक्रम में क्लास आठवीं नवमी और दसवीं के छात्र-छात्राओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसमें मुख्य रूप से सोनाली कुमारी, सीता कुमारी, चांदनी कुमारी, नेहा कुमारी, सुमन कुमारी ने योगदान दिया। इसके तुलसी पौधा थीम पर चित्रांकन प्रतियोगिता का का आयोजन किया गया। जिसमें सभी शिक्षक शिक्षिकाएं द्वारा प्रथम स्थान के लिए क्लास नवमी के सोनम कुमारी, द्वितीय स्थान पर क्लास सिक्स के तरन्नुम दिलकशी और तृतीय स्थान पर क्लास सिक्स के ही ओम राणा का नाम चयनित किया गया। सभी सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया पूजा अर्चना के बाद तुलसी माता जी का आरती के साथ पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। विद्यालय के सलाहकार राजेंद्र प्रसाद ने इस तरह के कार्यक्रम को करवाकर अपनी सभ्यता संस्कृति को जानने के बारे में बतलाया। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जयंती के शुभ अवसर पर उनके जीवनी पर विस्तार रूप से प्रकाश डालने का कार्य किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सहायक शिक्षक शिक्षिकाओं में अजय कुमार, शिबू रजक, मोनिका कुमारी, फिजा नाज, आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# अटल जयंती समारोह, वक्ताओं ने अटल जी के विचारों पर चलने का लिया संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण** : भारत रत्न पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजपा कार्यालय चौपारण में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में बोकारो के पूर्व विधायक विरंची नारायण व बरही विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह आदि उपस्थित हुए। अतिथियो ने अटल जी के तस्विर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वक्ताओं ने अटल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान सैकड़ो जरूरतमन्दों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मंच का संचालन संयुक्त रूप से भाजपा नेता मुकुंद साव और मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चनद्रवंशी ने किया। विरंची नारायण ने अटल जी की जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व हिमालय जैसा ऊंचा था। कहा अटल जी ने विपरीत परिस्थितियों में भी संगठन को खड़ा किया और देश को परमाणु शक्ति संपन्न बनाया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि राजनीति केवल सत्ता के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए होनी चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बरही विधायक ने कहा ने कहा कि अटल जी मात्र एक नाम नहीं, एक विचारधारा थे। अटल जी ने ही चंद्रयान अभियान की घोषणा कर विश्व को भारत की अंतरिक्ष शक्ति का परिचय कराया था। युवा अटल जी के संघर्षपूर्ण जीवन का अध्ययन करें। उन्होंने हमें सिखाया कि राजनीति में हार-जीत तो चलती रहती है, लेकिन देश की अखंडता सर्वोपरि होनी चाहिए। उनका जीवन हर भाजपा कार्यकर्ता के लिए ऊर्जा और प्रेरणा का पुंज है। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष रेवाशंकर साव, बरही से नागेश्वर रजक, चंदवारा से नंदकिशोर सोनी, पदमा से बाबुलाल मेहता, भाजपा नेता रामस्वरूप पासवान, राजदेव यादव, लक्ष्मण यादव चंदवारा, नारायण यादव, अजय मेहता पदमा, बिरेन्द्र रजक, राकेश रंजन, महामंत्री आशीष सिंह, बालेश्वर साव, कृष्ण साव, अरविंद सिंह, जनार्दन सिंह, सहदेव प्रसाद यादव, जन्मजेय सिंह, विकास यादव, सुखदेव पासवान, मोहन साव, अशोक गुप्ता, देवकुमार दांगी, कृष्णा पासवान, मदन चन्द्रवंशी, दया सिंह, आदित्य चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### संजीव बेदिया ने निर्मल महतो की जयंती मनाई



**बड़कागांव** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव एवं हजारीबाग जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष पीयूष बेदिया ने पार्टी कार्यालय में झारखंड राज्य अलग आंदोलनकारी नेता स्वर्गीय निर्मल महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर जन्मदिन मनाया। संजीव बेदिया ने कहा निर्मल महतो झारखंड अलग राज्य में आंदोलनकारी नेता थे। निर्मल महतो झारखंड के महान क्रांतिकारी में से एक थे जो बिना किसी पद के बिना किसी शक्ति पद के सिर्फ लोगों के हित में सोचते थे। हमेशा ग्रामीणों का आवाज बनकर लोंगो की समस्याओं को लेकर खड़ा रहना ,अपने आप को गौरवशाली मानते थे। वही पीयूष बेदिया ने कहा की निर्मल महतो हमेशा गरीबों की सेवा के लिए निरंतर तत्पर रहते थे।

### नव मनोनीत बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक को विधायक ने किया सम्मानित



**बरही** : बरही पश्चिमी मंडल का मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक को बनाया गया है। मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर विधायक ने अपने कार्यालय में अंगवस्त्र देकर स्वागत एवं सम्मान किया। विधायक ने नव मनोनीत मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक को बधाई देते हुए कहा कि नागेश्वर रजक भाजपा के समर्पित सिपाही हैं। उन्होंने भाजपा संगठन को मजबूत करने में ईमानदारी पूर्वक कर्तव्यों का निर्वहन किया है। जिसको देखते हुए पार्टी ने मंडल अध्यक्ष के तौर पर एक बड़ी जिम्मेदारी दी है। इस जिम्मेदारी को और बढ़िया तरीके से निर्वहन हो, इस पर ध्यान देने की जरूरत है। नागेश्वर रजक ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी के उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री किशुन यादव,भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री रमेश ठाकुर,भाजपा नेता सुरेन्द्र रजक,जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता,पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री भगवान केसरी,पप्पू चंद्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, राजन कुमार, नवल किशोर सिंह,प्रमोद मंडल, राजकुमार यादव,जुगल यादव,अशोक यादव, पंकज केशरी, बिपिन सिन्हा,राजकुमार केसरी,अमित गौरव,गोपाल राणा आदि लोग मौजूद थे।

### बड़कागांव के राजाबागी में दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत, चार गंभीर रूप से घायल



**बड़कागांव** : बड़कागांव-टंडवा मुख्य मार्ग पर स्थित राजाबागी के गुरुवार शाम करीब पांच बजे एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई। तेज रफ्तार के कारण एक टीवीएस अपाचे और हीरो पैशन प्रो बाइक के बीच सीधी और जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मोटरसाइकिलों के परखच्चे उड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अपाचे बाइक पर तीन युवक सवार थे, जबकि पैशन प्रो पर एक व्यक्ति सवार था। टक्कर के बाद चारों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचित किया। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहाँ उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायल व्यक्तियों की पहचान अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, दुर्घटना का मुख्य कारण ओवर स्पीड माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात घायल की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। दुर्घटना से बचने के लिए सड़क पर वाहन चलाते समय गति सीमा का पालन करें और हेलमेट अवश्य पहनें। सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात नियमों का पालन झारखंड ट्रैफिक पुलिस के दिशा-निदेशों के अनुसार करें।

### अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी में सम्मानित हुए शिक्षक प्रकाश कुमार रजक




**चौपारण** : प्रखंड के एकमात्र विद्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में आयोजित अभिभावक शिक्षक गोष्ठी के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए शिक्षक प्रकाश कुमार रजक को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से मानगढ़ पंचायत के मुखिया अर्जुन पांडेय, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप चंद्रवंशी, विद्यालय की वार्डेन ललिता कुमारी एवं पूर्व वार्डेन संघमित्रा कुमारी ने संयुक्त रूप से उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। गौरतलब है कि प्रकाश कुमार रजक विगत कई वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य करते हुए प्रखंड स्तर पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहता है। वे न केवल विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रदान कर रहे हैं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए एक बेहतर मार्गदर्शक की भूमिका भी निभा रहे हैं।

### भूतपूर्व पत्रकार एवं सहायक आचार्य के पुत्र का सड़क दुर्घटना में मौत, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

**बड़कागांव** : बड़कागांव के पूर्व पत्रकार स्वर्गीय उपेंद्रनाथ मालाकार एवं सहायक आचार्य पम्मी कुमारी के एकलौता पुत्र 20 वर्षीय अनुपम कुमार का निधन सड़क दुर्घटना में हो गई। बताया जाता है कि अनुपम अपने दोस्तों के साथ अपने चार पहिया वाहन जेएच 02 बीएस -7637 से नेतरहाट पर्यटन के लिए निकला था। नेतरहाट से लौटने के क्रम में गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड के गुरदरी थाना क्षेत्र के चोरकाखंड के समीप गुरुवार 9:00 बजे उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टक्कराई जिससे कार का अगले हिस्से परखच्चे होकर उड़ गए। इस हादसे में अनुपम की मौत मौके पर हो गई।

## एक नजर

### खेल प्रतियोगिताएं जीत में खुशी व हार में देती है प्रतिस्पर्धा की ताकत : आदित्य साहू

**रांची** : भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में फिट इंडिया अभियान को बढ़ावा दिया जा रहा। विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि में बदलने के लिए स्वस्थ भारत आवश्यक है। भारत आज युवाओं का देश है। आनेवाले दिनों में युवा पीढ़ी ही विकसित भारत का नेतृत्व करेगी। भारत में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। आज इसी प्रतिभाओं को विकसित करने का प्रयास प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे देश में चल रहा है। वे गुरुवार को साहेबगंज में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाएं जीत में खुशी और हार में प्रतिस्पर्धा की ताकत देती है। हर युवा को जीवन को खेल की भांति जीना चाहिए। दैनिक जीवन में भागदौड़ के बीच हर युवा को खेल एवं योग के आत्मसात करने का आह्वान किया।

### स्वास्थ्य मंत्री मासूम बच्चों की सुध लेना भूल जाते हैं : बाबूलाल

**रांची** : नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने स्वास्थ्य मंत्री को एक बार फिर से निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने से पीड़ित बच्चों को मानसिक और सामाजिक प्रताड़ना का शिकार होना पड़ रहा है। एक ओर स्वास्थ्य मंत्री हिजाब-नकाब देखकर नौकरी देने की घोषणा करते हैं, वहीं दूसरी ओर अपने ही विभाग की लापरवाही के कारण जीवन-मरण के संकट से जूझ रहे मासूम बच्चों की सुध लेना भूल जाते हैं। बाबूलाल ने आगे कहा कि जिन बच्चों को संरक्षण, इलाज और सम्मान मिलना चाहिए, वे आज तिरस्कार, उपेक्षा और अमानवीय व्यवहार झेलने को मजबूर हैं। अधिकारियों का नैतिक पतन इस कदर हो चुका है कि वे सिर्फ उन्हीं आदेशों का पालन करते हैं, जिसका मुख्यमंत्री आदेश देते हैं। आगे कहा कि बाकी समय लूट-खसोट और निजी स्वार्थ साधने में व्यस्त रहते हैं। नेता प्रतिपक्ष ने चाईबासा डीसी से कहा है कि मामले पर संज्ञान लें और पीड़ित बच्चों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराएं।

### 'खोरठा दिवस' श्रीनिवास पानूरी के अतुलनीय योगदान की याद दिलाता है : अवध बिहारी

**रांची** : मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा (खोरठा) विभाग द्वारा 'खोरठा दिवस/श्रीनिवास पानूरी जयंती सह एकदिवसीय संगोष्ठी' का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के जे.सी. बोस सभागार में हुआ।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खोरठा भाषाविद डॉ. विनोद कुमार (समन्वयक, जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग सह विभागाध्यक्ष, खोरठा भाषा विभाग, रहे। विशिष्ट अतिथियों में मेजर डॉ. माहेश्वर सारंगी, डॉ. अरविंद कुमार साव, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. निरंजन कुमार, डॉ. राजेंद्र कुमार महतो एवं महादेव प्रसाद सहित कई खोरठा विद्वान एवं शिक्षाविद उपस्थित थे।
अतिथियों का स्वागत खोरठा भाषा विभाग के सहायक प्राध्यापक सह एएनओ (एनसीसी) लेफ्टिनेंट डॉ. अवध बिहारी महतो एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार के नेतृत्व में हुआ। स्वागत में छात्र-छात्राओं द्वारा मांदर-नगाड़े की थाप, तिलक एवं पुष्पवर्षा के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीनिवास पानूरी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई। स्वागत भाषण में लेफ्टिनेंट डॉ. अवध बिहारी महतो ने कहा कि खोरठा दिवस श्रीनिवास पानूरी जी के अतुलनीय योगदान की याद दिलाता है।

### प्रेम, शांति व बाईबल संदेश के साथ मनाया गया क्रिसमस

# क्रिसमस जलसा नहीं, जीवन में मसीह को स्थान देने का पर्व : जॉनसन लकडा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : क्रिसमस पर्व के अवसर पर चर्चों में प्रेम शांति का महौल देखने को मिला। इस मौके पर एक दूसरे को क्रिसमस का बधाई दिए।एक दूसरे से गले मिले। तीन चरणों में चर्चो में विनती हुई। सुबह 6 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक यीशु जन्म पर्व पर विशेष विनती आयोजित किए गए। इस दौरान पुरूलिया रोड स्थित संत मारिया महागिरजा चर्च में प्रभु यीशु और माता मरियम के समीप विश्वासियों ने कैंडल जलाकर प्रेम और शांति का आशिष मांगा। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग विनती और प्रार्थना के लिए चर्चों में जुटने लगे थे।
जीईएल चर्च के बिशप जॉनसन लकड़ा ने क्रिसमस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व केवल उत्सव या दिखावे का माध्यम नहीं है, बल्कि मनुष्य के जीवन में यीशु मसीह को स्थान देने का संदेश है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने हृदय को प्रभु के चरणों की चरनी बनाना चाहिए और अपने कार्य व व्यवहार से दूसरों के जीवन में क्रिसमस की सच्ची बधाई देनी चाहिए।

**मनुष्य को पापों से बचाने और नया जीवन देने आए प्रभु यीशु- पुरोहित**

सीएनआई चर्च के पुरोहित जोलजस कुजूर ने कहा कि यीशु मसीह का जन्म सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए हुआ है। वे केवल घटना नहीं, बल्कि संसार को पापों से मुक्त कराने के रूप में उद्धारकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि मानव इतिहास में करोड़ों लोग जन्मे, लेकिन पूरी मानवता के उद्धार के लिए जन्म लेने वाले केवल प्रभु यीशु ही हैं। प्रभु यीशु पापियों को नष्ट करने नहीं, बल्कि मनुष्य को पापों से बचाने और नया जीवन देने आए है। परमेश्वर की दृष्टि में हर जीवन अनमोल है। उसी जीवन की रक्षा के लिए प्रभु का धरती पर अवतरण हुआ है।

## धैर्य एवं परिश्रम ही सफलता की पूंजी है : प्रमोद अग्रवाल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पिस्का नगड़ी** : आदित्य प्रकाश जलान सरस्वती विद्या मंदिर, कुदलुम में मनाया गया पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती एवं वार्षिकोत्सव। हर साल की भांति इस साल भी आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिकोत्सव बहुत बड़े पैमाने पर मनाया गया। अतिथि के आगमन के समय विद्यालय के भैया बहन ने झारखंड के सांस्कृतिक तरीके से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्वल से हुई जिसमें हमारे मुख्य अतिथि प्रमोद अग्रवाल जी निदेशक टाटा पावर एवं भारतीय प्रशासनिक सेवक एवं पूर्व सीएमडी कोल इंडिया लिमिटेड, विशिष्ट अतिथि वेद प्रकाश बागला ट्रस्टी एवं उपाध्यक्ष चिन्मया मिशन रांची, राम अवतार नरसरिया, विष्णु जालान, संजय जैन, डॉ बृजेश कुमार (प्रदेश मंत्री विद्या विकास समिति), विवेक नयन (रांची विभाग निरीक्षक) एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी जी शामिल हुए। इसके उपरांत अतिथि परिचय एवं अतिथि स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी के द्वारा किया गया। छात्रावास के भाइयों द्वारा भारत के प्राचीन नियुद्ध कला का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में हमारे विद्यालय के छोटे भैया बहनों ने काफी आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में भैया बहनों के द्वारा हस्तलिखित पत्रिका का विमोचन किया गया और सभी उपस्थित अतिथिगण को भेंट किया गया। भैया बहनों ने सांस्कृतिक नृत्य, एकांकी, गीत, पंच परिवर्तन पर एकांकी जिसमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण नागरिक कर्तव्य एवं स्वः का बोध की विशेषताएं बताई गई।

## पेसा नियमावली पारित होने पर जयपाल सिंह स्टेडियम से कांग्रेस भवन तक निकली रैली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : पेसा नियमावली के पारित होने की खुशी में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला ग्रामीण अध्यक्ष सोमनाथ मुंडा के नेतृत्व में शनिवार को जयपाल सिंह स्टेडियम से कांग्रेस भवन तक भव्य पेसा उत्सव रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए।
रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक ढोल-नगाड़ों के साथ नाच-गान किया और पूरे उत्साह के साथ "जल, जंगल, जमीन की रक्षा होगी" जैसे नारे लगाए। पूरा माहौल आदिवासी अस्मिता, अधिकार और स्वशासन के समर्थन से गूंज उठा।
कांग्रेस भवन पहुंचकर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा एवं जिला ग्रामीण अध्यक्ष सोमनाथ





मुंडा ने कहा कि पेसा नियमावली का पारित होना आदिवासी समाज के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह नियमावली ग्राम सभाओं को सशक्त बनाएगी और आदिवासी समुदाय के जल, जंगल और जमीन की रक्षा सुनिश्चित करेगी।
नेताओं ने कहा कि पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन से आदिवासी क्षेत्रों में स्वशासन को मजबूती मिलेगी और स्थानीय लोगों को अपने संसाधनों पर अधिकार प्राप्त होगा। यह आदिवासी समाज की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे अब साकार किया गया है।
सभा में वक्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं गठबंधन सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने आदिवासी हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और पेसा नियमावली को लागू कर ऐतिहासिक फैसला लिया है।
इस अवसर पर एतवा उरांव, विजय टोप्पो, तुलसी खरवार, योगेंद्र बेदिया, अरबिंद लोहरा, प्रदीप मुंडा, अजय उरांव, कमिशनर मुंडा, संजय कुमार सहित आलोक दुबे, संजय मुंडा, रीना मुंडा, रमेश चंद्र उरांव, रिंकी देवी, शोभा देवी, सोनिया देवी, गायत्री देवी, प्रमिला देवी, अंजू लकड़ा, विजय तिर्की, तिलोस्फर मिंज एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान में बड़े दिन पर हुआ विशेष कार्यक्रम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**रांची** : ब्रह्माकुमारी संस्थान में बड़ा दिन के अवसर पर गुरुवार को विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि बड़ा दिन की सार्थकता तभी है जब हर व्यक्ति समूची मानवता के प्रति प्रेम, दया, करुणा को अपने जीवन में अपनाए।
उन्होंने कहा कि ईसा मसीह ने संसार को यह संदेश दिया कि परमात्मा प्रकाश स्वरूप है। जब हम प्रभु की दिव्य प्रकाश ज्योति से राजयोग के माध्यम से जुड़ते हैं, तब हमारे भीतर ऊंचे विचार और दिव्य संस्कार जागृत होते हैं, जिससे दिल की भावनाएं उदार बनती हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी दिन या रात अपने आप में अच्छे या बुरे नहीं होते, बल्कि हमारे विचार और कर्म ही उन्हें खुशनुमा या बदनुमा बनाते हैं।
उन्होंने कहा कि सृष्टि के रचयिता प्रजापिता ब्रह्मा के सहयोगी बनकर बड़े दिलवालों का सुखमय संसार, अर्थात स्वर्ग, स्थापित किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने मतभेद और बुराइयों को भुलाकर समूची मानवता से सच्चा प्रेम करने का संदेश दिया गया।

## तीन दिवसीय नगड़ी मेला की तैयारी को लेकर की गई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पिस्का नगड़ी** : नगड़ी दुर्गा मंदिर परिषद में तीन दिवसीय नगड़ी मेला रानी चुआ की तैयारी को लेकर नगरी मेला संचालन समिति की बैठक ओमप्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में हुई निर्णय लिया गया कि मेला संचालन समिति पदाधिकारीगण एवं सदस्यों बैठक किया गया मेला को सफल बनाने के लिए मेला संचालन समिति एवं ग्रामीण अरविंद भगत शंकर चौधरी प्रेम सागर केसरी अयोध्या महतो चूड़ामणि महतो प्रभात महतो बांदे उरांव शाहिद अहमद कुदुस आलम सूरज भगत एवं ग्रामीण उपस्थित थें।

# सीसीएल के लाल व लाडली योजना के लिए 2026-28 सत्र की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल के तहत संचालित सीसीएल के लाल और सीसीएल की लाडली योजना के 2026-28 सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया की घोषणा कर दी गई है। यह योजना वर्ष 2012 से निरंतर संचालित की जा रही है और इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण सुविधा उपलब्ध कराना है।
इस योजना के तहत चयनित छात्रों को रांची स्थित सीसीएल अध्ययन केंद्र में आईआईटी एलुमनाई सीसीएल अधिकारियों द्वारा





इंजीनियरिंग कोचिंग प्रदान की जाती है। साथ ही विद्यार्थियों को गांधीनगर स्थित डीएवी स्कूल में सीबीएसई पैटर्न के अंतर्गत 11वीं और 12वीं की स्कूली शिक्षा दी जाती है। छात्रों के लिए आवास की भी अलग-अलग व्यवस्था की गई है, जिसमें लड़कों को सीसीएल के लाल हॉस्टल, सीसीएल कॉलोनी गांधीनगर में और लड़कियों को सीसीएल कॉलोनी जवाहरनगर में आवास उपलब्ध कराया जाता है। सभी छात्रों को पौष्टिक भोजन की सुविधा भी निःशुल्क दी जाती है। योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज में शामिल किया जाता है, जिससे वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के अनुरूप अपनी तैयारी का मूल्यांकन कर सकें। इसके अलावा समय-समय पर अभिभावक और शिक्षक बैठकें आयोजित की जाती हैं, ताकि छात्रों की शैक्षणिक प्रगति और समग्र विकास पर चर्चा की जा सके।
2026-28 सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी गई है।
ऑनलाइन आवेदन 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन के लिए अभ्यर्थियों का वर्ष 2026 में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही आवेदक या उनके अभिभावक का सीसीएल के कमांड एरिया, यानी किसी सीसीएल प्रतिष्ठान से 25 किलोमीटर की परिधि में निवास करना आवश्यक है। वार्षिक पारिवारिक आय की सीमा आठ लाख रुपये निर्धारित की गई है, हालांकि यह शर्त सीसीएल कर्मियों के आश्रितों पर लागू नहीं होगी। इस सत्र में कुल 40 सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा, जिनमें सीसीएल के लाल के लिए 20 और सीसीएल की लाडली के लिए 20 सीटें निर्धारित हैं। आरक्षण झारखंड सरकार के प्रचलित नियमों के अनुसार लागू होगा। चयन प्रक्रिया के तहत केंद्र आधारित ऑफलाइन ओएमआर प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा के आधार पर अस्थायी मेधा सूची जारी की जाएगी, जिसके बाद दस्तावेज सत्यापन के पश्चात अंतिम चयन किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा का पाठ्यक्रम सामान्य अभिरुचि एवं तर्कशक्ति, भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित पर आधारित होगा, जिसमें कक्षा दसवीं स्तर के प्रमुख अध्याय शामिल किए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि



**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को लोक भवन स्थित दरबार हॉल में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने कहा कि वाजपेयी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्रहित के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई। उनके आदर्श एवं विचार सदैव सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे।

### एसबीयू और गुरु गोबिंद सिंह यूनिवर्सिटी के बीच हुआ शैक्षणिक करार



**रांची** : सरला बिरला यूनिवर्सिटी, रांची और श्री गुरु गोबिंद सिंह ट्राईसेंटेनरी यूनिवर्सिटी (एसजीटी), गुड़गांव के बीच शैक्षणिक करार पर सहमति बनी है। इस आशय से संबंधित पत्र पर एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक और एसजीटी के कुलपति प्रो हेमंत वर्मा ने हस्ताक्षर किया। इस समझौते से दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अब शोध, परामर्श, शैक्षणिक तथा अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग हेतु संबंधित गतिविधियों का आदान- प्रदान सुनिश्चित हो सकेगा। इस एमओयू से विभिन्न शोध परियोजनाओं पर संभावित सहयोग, संगोष्ठियों और सम्मेलनों के संयुक्त आयोजन के अलावा संकाय और छात्रों के आदान-प्रदान का अवसर भी मिल सकेगा। साथ ही दोनों विवि के छात्रों को नवीनतम और अद्यतन जानकारियां मुहैया करवायी जा सकेगी। सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुए शैक्षणिक करार पर हर्ष व्यक्त किया है।

### धुर्वा भूसूर टीओपी के पास सड़क दुर्घटना में एक की मौत, लोगों ने की सड़क जाम

**रांची** : धुर्वा थाना क्षेत्र अंतर्गत भूसूर टीओपी के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब मृतक सड़क पार कर रहा था और तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, टक्कर इतनी भीषण थी कि व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि टक्कर मारने वाला वाहन दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने न्याय की मांग करते हुए गुरुवार को शव के साथ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने मृतक के शव को सड़क पर रखकर सड़क को पूरी तरह से जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी मृतक के परिजनों के लिए मुआवजे और तेज रफ्तार वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। सड़क जाम के कारण धुर्वा भूसूर टीओपी के आसपास सड़क पर जाम लग गया, जिससे आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही धुर्वा थाना और भूसूर टीओपी के पुलिसकर्मी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने-बुझाने और शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस ने लोगों को आश्वासन दिया कि दोषी वाहन चालक को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा और सरकारी नियमों के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

### वरिष्ठ पत्रकार डॉ वेद प्रकाश शरण का निधन



**रांची** : वरिष्ठ पत्रकार और रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो वाइस चांसलर प्रो. डॉ. वेद प्रकाश शरण (80) का गुरुवार तड़के रांची के दीपाटोली स्थित क्यूरेस्टा अस्पताल में निधन हो गया। शरण अपने पीछे पुत्री और दामाद को छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को हरमू मुक्तिधाम में किया जाएगा। इनके निधन से शिक्षा और पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है। रांची प्रेस क्लब ने संवेदना जताते हुए दुख प्रकट किया है। परिजनों के अनुसार वे वर्ष 2021 से किडनी संबंधी बीमारी से पीड़ित थे और लंबे समय से इलाजरत थे। उनके निधन से परिवार, शिक्षा जगत, पत्रकारिता जगत और राजनीतिक हलकों में गहरा शोक व्याप्त है। प्रो. डॉ. शरण रांची विश्वविद्यालय में प्रोझवाइस चांसलर के पद पर कार्यरत रहे। उन्होंने संेट जेवियर्स कॉलेज, रांची में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष (एचओडी) के रूप में लंबे समय तक सेवाएं दीं और वहीं से सेवानिवृत्त हुए। इसके साथ ही वे सेंट जेवियर्स कॉलेज में पत्रकारिता विभाग के निदेशक भी रहे। पत्रकारों के संगठनात्मक सशक्तिकरण में उनकी अहम भूमिका रही और वे रांची प्रेस क्लब के संस्थापक संयुक्त सचिव थे। राजनीतिक क्षेत्र में भी वे सक्रिय थे और कांग्रेस की झारखंड प्रदेश इकाई के पूर्व मुख्य प्रवक्ता के रूप में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### स्व निर्मल महतो की जयंती पर उनके प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण



**अनगड़ा** : गोंदली पोखर चौक में झारखण्ड आंदोलन के सूत्रधार रहे, आंदोलनकारियों में ऊर्जा और उत्साह भरने वाले आदरणीय निर्मल महतो की जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें शत शत नमन किये इस मौके पर आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव, केंद्रीय सचिव जीतेन्द्र सिंह, नामकुम उपप्रमुख सह आजसू जिलाध्यक्ष वीणा कुमारी, झारखण्ड आंदोलनकारी काशीनाथ महतो, जलनाथ चौधरी, कार्तिक महतो, एवं आजसू के जिला सचिव वीणा देवी व अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो सहज महतो, रीना बैठा, सनी मुंडा आदि शामिल थे।

# खेलो इंडिया फिट इंडिया अभियान के तहत सांसद खेल महोत्सव का समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** लोकसभा क्षेत्र के डोमचांच स्थित सी. एन. उच्च विद्यालय मैदान में गुरुवार को आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य समापन समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। खेल, अनुशासन और युवा सशक्तिकरण को समर्पित इस महोत्सव में लगभग 3000 की संख्या में खिलाड़ी, अभिभावक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा। समारोह के दौरान देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का लाइव संबोधन भी हुआ। अपने संदेश में प्रधानमंत्री जी ने अभिभावकों से बच्चों को खेलों के



प्रति प्रोत्साहित करने का आह्वान किया और कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास बल्कि मानसिक मजबूती, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का भी निर्माण करते हैं। उन्होंने 'फिट युवा, विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में खेलों की भूमिका को रेखांकित किया। इस अवसर पर डॉ. नीरा यादव माननीय विधायक कोडरमा,अनूप जोशी जिला अध्यक्ष भाजपा कोडरमा, मुकेश जलान संयोजक सांसद खेल महोत्सव सह कोषाध्यक्ष गिरिडीह , वीरेंद्र मेहता संयोजक सांसद खेल महोत्सव कोडरमा, देवनाथ राणा संयोजक सांसद खेल महोत्सव गिरिडीह,नितेश चंद्रवंशी प्रदेश कार्य समिति सदस्य ,रामनाथ सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष, सुनीति सेठ महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ,अरसद खान जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, रामचंद्र राम जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, बासुदेव यादव जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, साहिल शर्मा आईटी संयोजक भाजपा गिरिडीह तथा संजीव सिंह युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री भाजपा की उपस्थिति रही। समापन दिवस पर आयोजित फाइनल मुकाबलों ने दर्शकों का विशेष आकर्षण बना। फुटबॉल के फाइनल मैच में महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में डोमचांच की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को आयोजन समिति की ओर से जर्सी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन हुआ। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आगामी 4 जनवरी 2026 को पोलेंजिया में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कोडरमा की माननीय सांसद एवं भारत सरकार की कैबिनेट मंत्री अन्नपूर्णा देवी जी स्वयं उपस्थित होकर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान करेंगी।

## एक नजर

### पूर्व राष्ट्रपति स्व. ज्ञानी जैल सिंह की मनी पुण्यतिथि



**बोकारो :** विश्वकर्मा मन्दिर सेक्टर 4 जी के प्रांगण में देश के 7वें राष्ट्रपति स्व. ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष रामबिहारी शर्मा , महामंत्री कैलाश शर्मा और राम लखन मिस्री, मुनेश्वर राणा, मधुसूदन शर्मा , रामानंद शर्मा ,बृहस्पति शर्मा, सुभाष शर्मा, लालबाबू शर्मा व पंडित मनोज शामिल रहे।

### बाइक की टक्कर से ठेका कर्मी महिला की मौत, परिजनों ने मुआवजे की मांग की



**बोकारो:** बालिडीह थाना क्षेत्र के नरकरा मुकुंदपाड़ा निवासी दुलारी देवी की तेज रफ्तार बुलेट मोटरसाइकिल से टक्कर के बाद सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसा गुरुवार सुबह माराफरी थाना क्षेत्र के मनसा सिंह गेट के पास हुआ।कुमीडीह से बोकारो स्टील प्लांट जा रही दुलारी देवी बोकारो स्टील प्लांट में ठेका कर्मी के रूप में कार्यरत थीं और परिवार की मुख्य कमाने वाली सदस्य थीं। पुलिस के अनुसार, तेज रफ्तार बुलेट ने उन्हें जोरदार टक्कर मारी, जिससे वे सड़क पर गिर पड़ीं और सिर में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि बाइक सवार को थाने ले जाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद कानूनी कार्रवाई होगी। मौत की खबर पर परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मुआवजे की मांग करते हुए आक्रोश जताया। परिजनों का कहना है कि दुलारी देवी की असमय मौत से परिवार आर्थिक संकट में आ गया है।

### विधायक ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास



**कोडरमा:** गुरुवार को कोडरमा विधायक सह प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने मरकच्चो, चाराडीह और कोडरमा नगर पंचायत में कई योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी नजर रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है और जहां भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, उन्हें पूरा किया जा रहा है। कार्यक्रम में उनके साथ जिला परिषद के अध्यक्ष रामधन यादव, जिला परिषद सदस्य महेंद्र यादव, दीपक यादव के अलावा अन्य लोग मौजूद थे। इस दौरान मरकच्चो के गुरहा टोला कोठियार कान्दू टोला से पक्की सड़क तक पीसीसी पथ व नाली निर्माण, जिला अनाबद्ध योजना से चाराडीह पंचायत भवन के सामने कलवर्ट एवं गार्डवाल का निर्माण, कोडरमा नगर पंचायत में अरघौती नदी के दोनों ओर पुल की मरम्मति, श्मशान शेड, कोडरमा बाजार से हनुमान मंदिर तक पेवर ब्लॉक, कांटी फैक्ट्री से आकाशदीप सिन्हा के घर तक पीसीसी, कृष्णा कॉलोनी बेहरवा टांड़ में पीसीसी, एनसीसी कैंपस से माइनिंग बिल्डिंग तक पीसीसी और वार्ड 4 में लक्ष्मण साहू के घर से इकबाल के घर तक आरसीसी नाली ढक्कन समेत कार्य का शिलान्यास किया गया।

# क्रिसमस को लेकर चर्चों में हुई प्रार्थनाएं, बच्चों ने बांटे उपहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो में क्रिसमस का त्योहार बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया, जहाँ चर्चों में विशेष प्रार्थनाएँ हुईं, बच्चों ने सांता क्लॉज बनकर नृत्य किया, उपहार बांटे गए और बोकारो मॉल व सिटी सेंटर जैसे स्थानों पर आकर्षक सजावट की गई, जिससे पूरे शहर में खुशियों और भाईचारे का माहौल रहा। त्योहार की झलक,चर्चों में रौनकः सिटी चर्च, जीईएल चर्च, संत मेरी चर्च और अन्य गिरजाघरों में देर रात से सुबह तक लोगों का तांता लगा रहा, जहाँ विशेष प्रार्थना सभाएं हुईं और प्रभु यीशु के जन्म का जश्न मनाया गया। जगह जगहों पर सांता क्लॉज ने बच्चों को चॉकलेट और उपहार बांटे, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह था। बच्चों ने कैरोल गाए, नृत्य किए और क्रिसमस के संदेश दिए।



सजावट और उत्सवः बोकारो मॉल और सिटी सेंटर सहित कई स्थानों पर खूबसूरत सजावट की गई थी, और चर्चों में सुंदर झाँकियाँ सजाई गईं, जहाँ लोग तस्वीरें खिंचवा रहे थे। संदेशः इस अवसर पर प्रेम, शांति, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया गया, जैसा कि फादर जॉर्ज चितडी और स्कूल निदेशकों ने बताया। कुल मिलाकर, बोकारो में क्रिसमस का त्योहार भक्ति, उल्लास और सामुदायिक भावना के साथ मनाया गया, जिसमें हर तरफ उत्सव का माहौल था।

# बेशकीमती पत्थरों के अवैध भंडारण पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, एक हिरासत में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जिले में बेशकीमती पत्थरों के अवैध भंडारण और कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसोतियाबर स्थित दो आवासीय परिसरों में भारी मात्रा में बेशकीमती पत्थरों को अवैध रूप से स्टॉक कर उनकी सफाई किए जाने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दोनों परिसरों से बड़ी मात्रा में बेशकीमती पत्थर बरामद किए गए, जिन्हें अवैध रूप से संग्रहित किया गया था। पुलिस ने मौके से शंकर सिंह नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि जिन दोनों आवासीय परिसरों में छापेमारी की गई, वे शंकर सिंह और रोहित सिंह के बताए जा रहे हैं। पुलिस की



टीम फिलहाल सभी बरामद पत्थरों को जब्त करने की प्रक्रिया में जुटी हुई है। साथ ही यह जांच की जा रही है कि इन पत्थरों की अवैध ढुलाई और कारोबार किस नेटवर्क के जरिए किया जा रहा था तथा इसमें और कौन-कौन लोग शामिल हैं। कोडरमा पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध खनन और बेशकीमती पत्थरों के गैरकानूनी कारोबार के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद विस्तृत खुलासा किया जाएगा।

# लोकाई पंचायत में मुखिया पति पर गंभीर भ्रष्टाचार का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जिले के लोकाई पंचायत से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां पंचायत की मुखिया अनिता देवी के पति उमेश यादव पर सरकारी काम के बदले अवैध वसूली करने का आरोप लगा है। आरोप है कि विजवा देवी नामक एक महिला से उसके पति के मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के बदले 5 हजार रुपये की मांग की गई। पीड़िता के अनुसार पूरी राशि न देने पर काफी समय तक उसे दौड़ाया गया, बाद में 2 हजार रुपये देने पर ही मृत्यु प्रमाण पत्र बनाया गया। इसी तरह लोकाई पंचायत की ही एक अन्य महिला चिंता मसोमात ने आरोप लगाया है कि उससे अबुआ आवास योजना के तहत लाभ दिलाने के बदले 15 हजार रुपये मांगे गए। महिला द्वारा पैसे देने में असमर्थता जताने पर उसका




नाम लाभुक सूची से हटा दिया गया। बताया जा रहा है कि चिंता मसोमात की स्थिति बेहद दयनीय है। घर में पानी चुने (रिसाव) के कारण वह अकेली रहने को मजबूर है। बेटे की मृत्यु के बाद उसके बच्चों को बेटी के ससुराल भेज दिया गया है। इसके बावजूद उसे सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पाया। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में दलाली और अवैध वसूली आम बात हो गई है, जिससे जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मामले के सामने आने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है और प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है। वहीं लोकाई पंचायत के मुखिया पति उमेश यादव फोन पर संपर्क करने पर मामले में कहा कि उन पर लग रहे सभी आरोप गलत व बेबुनियाद है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस गंभीर आरोप पर क्या कदम उठाता है और पीड़ित महिलाओं को न्याय कब तक मिल पाता है।

# कर्ण समागम ने गरीब वृद्धों में बांटे कंबल-ऊनी कपड़े, अटल जयंती पर मिठाई वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** ठंड के मौसम में गरीब वृद्धों की सहायता के लिए कर्ण समागम बोकारो ने मानवता की मिसाल कायम की। 25 और 26 दिसंबर को संगठन ने शहर के विभिन्न हिस्सों में कंबल, ऊनी कपड़े व मिठाई का वितरण किया। वितरण स्थलों का विवरणवृद्धाश्रम चास में गरीब बुजुर्गों को कंबल व ऊनी वस्त्र दिए गए। स्वास्थ्य केंद्र तेलीडीह, चास में जरूरतमंद वृद्ध लाभान्वित हुए। सेक्टर-8 राममंदिर व सेक्टर-6 सांइ मंदिर में भी वितरण कार्यक्रम आयोजित। अटल जयंती पर विशेष आयोजन 26 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती पर सेक्टर-6 स्थित सांइ मंदिर में अतिरिक्त मिठाई वितरित की गई। यह आयोजन सेवा भाव से प्रेरित था, जैसा कि अटल जी के



आदर्शों में झलकता है। प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित कार्यक्रम में अध्यक्ष अनिल कुमार कर्ण, महासचिव मिहिर चंद कंठ, उप महासचिव अमरनाथ लाल दास, कोषाध्यक्ष परिणव कुमार, संयुक्त सचिव संजय कुमार कर्ण, सचिव अशोक कुमार कर्ण, सुशील कांत दास, मीडिया प्रभारी रंजन कुमार कर्ण, धीरेंद्र प्रसाद सिन्हा, सिद्धेश नारायण दास व बीएलडी रमण मौजूद रहे। कर्ण समागम बोकारो लगातार गरीब कल्याण के लिए सक्रिय रहता है, जिससे सामाजिक स्तर पर सकारात्मक बदलाव आ रहा है।

# जंगलों की रक्षा के संकल्प के साथ सिमरकुंडी जंगल में रक्षाबंधन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो :** जंगलों के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश देने के उद्देश्य से मरकच्चो प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव सिमरकुंडी जंगल में वन विभाग के सौजन्य से रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त कोडरमा ऋतुराज बतौर मुख्य अतिथि तथा वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान जंगल के बीचों-बीच निर्मित वेदी पर ग्रामीणों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा जंगलों की रक्षा का सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त कोडरमा ऋतुराज, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, प्रखंड विकास



पदाधिकारी हुलास महतो, पर्यावरणविद् डॉ. मनोज कुमार, सुरेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधकर वन एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।ग्रामीणों से संवाद करते हुए उपायुक्त कोडरमा ऋतुराज ने कहा कि आप सभी के इस संकल्प से निश्चित रूप से जंगल सुरक्षित एवं संरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि हर वर्ष रक्षाबंधन को एक पर्व के रूप में मनाते हुए पेड़-पौधों में रक्षा सूत्र बांधकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया जाए। साथ ही अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभाने का आह्वान किया। वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला ने कहा कि वनों की कटाई रोकने के लिए लोगों में जंगलों के प्रति अपनापन का भाव होना अत्यंत आवश्यक है। रक्षाबंधन जैसे कार्यक्रम वनों की सुरक्षा के लिए काफी महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे और इससे समाज की भागीदारी भी सुनिश्चित होगी। पर्यावरणविद् डॉ. मनोज कुमार एवं श्री सुरेन्द्र कुमार सिंह ने ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा प्रकृति के संरक्षण को जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर वन विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### क्रिसमस कैरोल से गूंजा डीपीएस बोकारो, गीत-संगीत से बच्चों ने मोहा




**बोकारो :** दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो में क्रिसमस और आगामी नववर्ष का उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। जगमगाते क्रिसमस ट्री और सितारों की आकर्षक सजावट के बीच छात्र-छात्राओं ने विशेष एसेंबली में सुरीले गायन व नृत्य प्रस्तुतियों से उमंग का संचार कर दिया। सीनियर विंग में विद्यार्थियों के जिंगल बेल, जिंगल बेल, जिंगल ऑल द वे... की सामूहिक सुमधुर प्रस्तुति के बाद डीपीएस स्टार कॉन्टेस्ट के विजेताओं ने अपने हुनर दिखाकर सबका भरपूर मनोरंजन किया। अर्का राज एवं टीम ने आर्केस्ट्रा, उत्पल वर्ना चारुकेशी ने एकल गान सजना बरसे क्यों अखियां... तथा वर्तिका दुबे ने रक्तबीज संहार आधारित नृत्य से सबकी सराहना बटोरी। वहीं, प्राइमरी इकाई में भी पूरे विद्यालय परिसर को फूल, क्रिसमस ट्री, टिमटिमाते बल्बों, पोस्टरों, घंटियों, स्नोमैन और सितारों से सजाया गया। एसेंबली में लाल टोपी पहने हजारों विद्यार्थियों का जुटान अपने-आप में रमणीक बना रहा। शिक्षकों ने भी क्रिसमस कैप पहनकर बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। इस क्रम में चौथी कक्षा के विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति से पूरे माहौल को आनंद, उत्साह और उल्लास से भर दिया। प्रेप और पहली कक्षा के विद्यार्थियों ने रैंप वॉक दिखाया। इस दौरान सम्मान और कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार को क्रिसमस कार्ड भेंट किए। प्राचार्य डॉ. गंगवार ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए कहा कि क्रिसमस का त्योहार हमें प्रेम, स्नेह, दया, सद्भावना और मानवता की रक्षा का संदेश देता है।

### बोकारो में जायसवाल समाज की बैठक, संगठन विस्तार व एकता पर दिया गया जोर



**बोकारो :** जायसवाल समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक बुद्ध विहार, सेक्टर-4 में अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। विभिन्न उपवर्गों के प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया।बैठक में सभी प्रतिनिधियों ने संगठन के विस्तार और समाज की एकता पर एक स्वर में विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि समाज की एकता का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। अंतर-उपजातीय विवाह को प्रोत्साहित कर भाईचारे को मजबूत करने की जरूरत पर बल दिया गया।अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल ने सभी वर्गों से अधिक संख्या में सदस्य बनकर संगठन को सशक्त करने की अपील की। संयुक्त महामंत्री तारणि जायसवाल ने बताया कि आगामी वर्ष की शुरूआत में समाज का एक बृहद सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।बैठक में सेवानिवृत्त डीएसपी विनोद कुमार गुप्ता, राजकुमार प्रिय, माधव प्रसाद जायसवाल, नवनीत गुप्ता, विजय जायसवाल, ज्ञानचंद्र जायसवाल, नागेश्वर प्रसाद, अजय कुमार, शत्रुघ्न प्रसाद, सुंदर प्रकाश सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### विधायक ने मंगलाडीह-छप्परडीह में पीसीसी पथ व शेड का किया शिलान्यास



**बोकारो :** जरीडीह प्रखंड के खुटरी पंचायत के आदिवासी बहुल मंगलाडीह व छप्परडीह गांव में गुरुवार को बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने अपने निधि से निर्मित पीसीसी पथ व शेड का शिलान्यास किया।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने मांझी थान के आंगन में पीसीसी ढलाई व बाउंड्री निर्माण की मांग उठाई। विधायक ने आश्वासन दिया कि समस्या लिखित रूप में दें, ताकि वे क्रमबद्ध तरीके से सभी कार्य करा सकें। उन्होंने कहा, ₹आने वाले दिनों में इस पंचायत को कई महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ मिलेगा। कुछ चकित करने वाले कार्य भी किए जाएंगे।₹मौके पर मुखिया लीलावती देवी, अम्बिका देवी, मनिंद्र हेम्ब्रम, पंचायत सचिव बिनोद महतो, सुरजन मराण्डी, रामू मराण्डी, तुलसी मरांडी, अजित प्रमाणिक, राजेश सिंह, विजय सिंह, प्रतिनिधि निरंजन मिश्रा व सुबोध मिश्रा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बोकारो थर्मल स्टेशन पर कोयला लदी मालगाड़ी के बोगी में आग, सीआईएसएफ ने बुझाया



**बोकारो :** बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन पर खड़ी कोयला लदी मालगाड़ी के 14 नंबर बोगी में अचानक आग लग गई। समय रहते सीआईएसएफ के अग्निशमन दस्ते ने आग पर काबू पा लिया, जिससे कोई बड़ी दुर्घटना टल गई। पतरातु कोलियरी से एपीजेजी प्लांट गोडा जा रही इस मालगाड़ी में कोयला लदा था। स्टेशन पर खड़ी ट्रेन के बोगी से धुआं उठता देख ट्रेन गार्ड एके पांडेय ने तत्काल स्टेशन प्रबंधक शैलेश कुमार को सूचित किया। प्रबंधक ने स्थानीय सीआईएसएफ की अग्निशमन इकाई को बुलाया और रेलवे की हाई टेंशन तार से बिजली कटवाकर आग बुझाने का कार्य शुरू कराया। सीआईएसएफ के जवानो ने सतर्कता बरतते हुए बोगी के कोयले में लगी आग को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया। अधिकारियों के अनुसार, आग का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन समय पर कार्रवाई से जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ।


## एक नजर

### शहीद निर्मल महतो का मनाया गया 75 वां जन्म जयंती



**ईचागढ़** : ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक में गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलन के प्रखर आंदोलनकारी शहीद निर्मल महतो का 75 वां जन्म जयंती मनाई गई। समाजिक कार्यकताओं ने शहीद निर्मल महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। जय झारखंड, निर्मल दा तुमाई भुली नाई ,भुलबो नाई , निर्मल महतो अमर रहे आदि नारे लगा रहे थे। वहीं समाज सेवी सह झारखंड आंदोलनकारी राम प्रसाद महतो ने शहीद निर्मल महतो के संघर्ष और बलीदान के संबंध में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन के प्रखर नेता, गरीबों का मसीहा एवं अदम्य साहसी वीर थे । वे झामुमो के केन्द्रीय अध्यक्ष भी रह चुके थे। मौके पर अघोर महतो, रामेश्वर उरांव,विपदतारण लायेक,दयाल सिंह मुण्डा, प्रल्हाद महतो विभूति महतो, नेपाल महतो, दिलीप दास,शालीम ,सेरायुद्दला,लाल सिंह आदि उपस्थित थे।

### मुरी क्षेत्र में अवैध लकड़ी कारोबार जोरों पर



**सिल्ली** : मुरी थाना अंतर्गत अवैध लकड़ी का कारोबार जोरों पर चल रहा है। लकड़ी का कारोबार करने वाले माफिया मुरी क्षेत्र में सक्रिय होते देखा जा रहा है रात के अंधेरे में जंगल से सिमर, सिसो आदि की लकड़ी काटकर बैलगाड़ी ट्रैक्टर एवं टेंपो के सहारे झारखंड बॉर्डर पारकर पश्चिम बंगाल की ओर भेजा जाता है जहां बंगाल के सटे हुए गांव तुलीन झालदा आदि जगहों पर फर्नीचर दुकानों में लकड़ी को ऊंचे दामों में बेचा जाता है जिससे माफिया को ज्यादा मुनाफा होता है। वही गुरुवार की सुबह बैलगाड़ी पर सिमर की लकड़ी ले जाया जा रहा था जहां बैलगाड़ी का चक्का टूट जाने से लकड़ी को बड़ा मुरी पोल्ट्री फार्म के पीछे छोड़कर माफिया द्वारा चले गए। इस संबंध में रेंजर गायत्री कुमारी से पूछने पर उन्होंने कहा कि लकड़ी माफिया के ऊपर शिकंजा कसा जाएगा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई करते हुए लकड़ी को सील किया जाएगा।

# भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित रक्तदान शिविर में 701 यूनिट रक्त संग्रह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर** : भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को गोलमुरी स्थित केबुल वेलफेयर क्लब में एक दिवसीय विशाल अटल स्मृति रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में विशेष रूप से युवा रक्तदाताओं का उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में युवाओं ने आगे बढ़कर रक्तदान किया और मानव सेवा के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार की अगुवाई में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस शिविर में कुल 701 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदान शिविर का विधिवत उद्घाटन राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ की। शिविर में भाजपा के कई वरीय नेताओं के साथ शहर के गणमान्यजनों ने सहभागिता की। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि अटल जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र निर्माण, लोकतांत्रिक मूल्यों और मानव सेवा को समर्पित रहा। उनकी स्मृति में रक्तदान जैसे पुनीत आयोजन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। अटल जी ने अंत्योदय के विचार को व्यवहार में उतारते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाई। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अटल जी के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। विशिष्ट अतिथि सांसद विद्युत वरण महतो ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि अटल जयंती पर इस प्रकार का आयोजन उनके विचारों और मूल्यों को जीवंत करता है। रक्तदान जैसे आयोजन अटल जी के मानवीय दर्शन का सजीव प्रतिबिंब हैं। वहीं, जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा भाव और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करते हैं। अटल जी का विश्वास था कि सशक्त समाज का निर्माण सेवा, समर्पण और सहभागिता से होता है। रक्तदान शिविर इसी विचारधारा को दर्शाता है। पूर्व विधायक मेनका सरदार ने कहा कि भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने आदिवासी समाज, वंचित वर्ग और पिछड़े क्षेत्रों के उत्थान के लिए दूरदर्शी नीतियाँ बनाई। उन्होंने आयोजकों और रक्तदाताओं की सराहना की। पोटका की पूर्व प्रत्याशी मीरा मुंडा ने कहा कि अटल जी का सम्पूर्ण जीवन सेवा, समरसता और मानवीय मूल्यों पर आधारित रहा। अटल जयंती पर आयोजित रक्तदान शिविर जैसे कार्यक्रम उनके विचारों को व्यवहार में उतारने का सशक्त माध्यम हैं।



## झामुमो जिला सचिव सफीक खान ने जिलावासियों को दी क्रिसमस की शुभकामनाएं



**सिमडेगा** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिमडेगा जिला सचिव सफीक खान ने क्रिसमस पर्व के पावन अवसर पर जिले के समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि क्रिसमस प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश देने वाला पर्व है, जो समाज को एकजुट करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर सफीक खान ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने संपूर्ण मानवता को समानता, प्रेम और सेवा का संदेश दिया है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में आपसी सद्भाव और सौहार्द को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रभु यीशु के संदेशों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की विशेष आवश्यकता है। सफीक खान ने जिले में अमन-चैन, खुशहाली और विकास की कामना करते हुए कहा कि ऐसे पर्व हमें एक-दूसरे के करीब लाने और मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने सभी लोगों से आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की।

### उपायुक्त महोदया ने दी जिलेवासियों को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं



**सिमडेगा**: उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने समस्त जिलेवासियों को पवित्र पर्व क्रिसमस 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि "क्रिसमस प्रेम, शांति, क्षमा और सेवा का पर्व है। येशु मसीह ने मानवता को आपसी भाईचारा, सत्य और करुणा का मार्ग दिखाया। आइए, उनके संदेशों को अपनाकर समाज में सद्भाव, सहयोग और मानव सेवा की भावना को मजबूत करें।

## जरुरतमंदों की जिंदगी में खुशियां लाने का पर्व है, क्रिसमस : सुदीप गुड़िया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर तोरपा विधानसभा क्षेत्र सहित खूंटी एवं सिमडेगा जिले के समस्त नागरिकों को क्रिसमस पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कामना की कि प्रभु यीशु मसीह सभी लोगों और उनके परिवारजनों को शांति, खुशी और सद्भावना प्रदान करें। विधायक सुदीप गुड़िया ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि क्रिसमस दूसरों की जिंदगी में खुशियां लाने का पर्व है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि खुशियां केवल अपने तक सीमित न रखें, बल्कि जरूरतमंदों की सेवा करें और हर संभव सहायता प्रदान करें। उन्होंने कहा कि क्रिसमस मनाने के साथ-साथ हमें प्रभु यीशु मसीह के संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि परमेश्वर ने मानव जाति से इतना प्रेम किया कि अपने इकलौते पुत्र प्रभु यीशु मसीह को धरती पर भेजा। प्रभु यीशु किसी एक समुदाय के लिए नहीं, बल्कि समस्त मानवता के कल्याण के लिए धरती पर आए। इसलिए क्रिसमस का पर्व सभी के लिए है। श्री गुड़िया ने कहा कि सभी पर्व हमें आपसी भाईचारे और मिलजुल कर रहने की सीख देते हैं। प्रभु यीशु मसीह ने संपूर्ण मानवता को सहिष्णुता, समानता और प्रेम का संदेश दिया, जिसे हमें अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। क्रिसमस का त्योहार सद्भाव, प्रेम, आशा और शांति का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने दुनिया को शांति का संदेश दिया और एकता की राह दिखाई। उनके बताए मार्ग पर चलकर हम अपने गांव, समाज और क्षेत्र में शांति, भाईचारा और सौहार्द स्थापित कर सकते हैं।



# रामगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई अवैध कोयला भंडारण का भंडाफोड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : रामगढ़ पुलिस ने अवैध कोयला भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि महुआटांड हेसला स्थित शालु उर्फ सलमान खान के गोल भट्टे कैम्पस में अवैध रूप से चोरी के कोयला का भंडारण किया गया है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद और थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महुआटांड हेसला स्थित शालु उर्फ सलमान खान के गोल भट्टे कैम्पस में छापामारी की। छापामारी के दौरान करीब 60-70 टन अवैध कोयला का भंडारण पाया गया। भंडारित कोयले के मालिक के संबंध में पूछताछ की गई, लेकिन कोई भी व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ और न ही उक्त भंडारित कोयले का वैध कागजात प्रस्तुत किया गया। पुलिस ने अवैध कोयला को विधिवत जप्त कर लिया है। पूछताछ में पता चला है कि अनुप पाठक, शालु उर्फ सलमान खान, अमन खान और संजर खान ने अवैध रूप से चोरी छिपे उक्त कोयले का भंडारण किया था और उसे फर्जी तरीके से ऊंचे दामों में बेचने के लिए ग्राहक की तलाश की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने कहा कि किसी भी तरह का अवैध कोयला का कारोबार/खनन नहीं होने दिया जाएगा। इस संबंध में कड़ी कार्रवाई करने हेतु सभी थाना/ओपी प्रभारी को निर्देशित किया गया है।

## क्रिसमस की रात्रि में प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर विशेष प्रार्थना का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : सले मेरी चर्च, रामगढ़ में क्रिसमस की रात्रि में मिस्सा में खीस्त जन्मोत्सव पर विशेष प्रार्थना की गई। पल्लो पुरोहित जॉर्ज चिटाडी और अतिथि जोश चिटाडी ने मिलकर क्रिसमस पूजा को सम्पन्न किया। इस मौके पर पल्ली पुरोहित जॉर्ज चिटाडी ने सर्व प्रथम प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर चरनी में रखे शिशु प्रभु की मूर्ति और अन्य मूर्तियों पर पवित्र जल छिड़क कर पूजा की। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि क्रिसमस मनुष्यों को प्यार का सन्देश देने वाला पर्व है। ईश्वर ने मनुष्यों को पाप के बन्धन से मुक्त करने के लिए अपने पुत्र को भेजा। ईश्वर मनुष्यों के साथ है, ईश्वर मनुष्यों को प्रेम, शांति और आनंद भर नये जीवन देते हैं। क्रिसमस पर्व गुलामी से आजादी, मूर्खता से ज्ञान, अन्धकार से ज्योति और दुख से आनंद प्रदान करने वाला पर्व है। असीसी बतजारी की अमबहनों ने क्रिसमस पूजा में भाग लिया। बेदी सजाने के लिए संते फ्रांजिस गौत्र संचालन सिमोन एस्का एवं प्रेमचन्द लकड़ा ने मधुर गीत गाये। चर्च को सजाने के लिए सतीश कुजूर, परमान्नद एक्का और बाजारौड़ वालों ने तैयार किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सिमोन एक्का, कांती सरोज एक्का, विजय जोसेफ खलखो, दौपड बखला, पुलमनो राप्यो, अन्तोनीमा होरो और प्रचारक विभोर हेमरोम ने काफी सहयोग दिया।



## विधायक ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर जिलेवासियों को दी क्रिसमस की शुभकामनाएं



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : सिमडेगा विधायक सह कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूषण बाड़ा ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर जिलेवासियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि क्रिसमस का त्योहार सद्भाव, प्रेम व आशा का प्रतीक है। क्रिसमस का यह बड़ा दिन प्रभु येसु मसीह के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाला पर्व है। प्रभु यीसु मसीह का शांति, प्यार व दया का संदेश दुनिया भर के लोगों को एकता की राह दिखाता है। इसलिए हम प्रत्येक को हमारे जीवन के हर क्षण, हर दिन को लोगों के साथ शांति, प्रेम और मेल-मिलाप से जीना चाहिए। जिस अच्छे काम को हम अभी कर सकते हैं, उसे बाद के लिए नहीं टालना चाहिए। क्योंकि यह अवसर दुबारा नही आता है। उन्होंने कहा है क्रिसमस प्रभु यीसु का अनुपम उपहार है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने जीवन के प्रत्येक क्षण को प्रेम, शांति और मेल-मिलाप के भाव के साथ जीना चाहिए। जो अच्छा कार्य हम आज कर सकते हैं, उसे कल पर नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि समय और अवसर बार-बार नहीं आते। मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है और यही प्रभु यीशु मसीह की सबसे बड़ी सीख है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने जीवन के प्रत्येक क्षण को प्रेम, शांति और मेल-मिलाप के भाव के साथ जीना चाहिए। जो अच्छा कार्य हम आज कर सकते हैं, उसे कल पर नहीं छोड़ना चाहिए। क्योंकि समय और अवसर बार-बार नहीं आते। मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है और यही प्रभु यीशु मसीह की सबसे बड़ी सीख है। विधायक ने कहा कि क्रिसमस केवल एक पर्व नहीं, प्रभु यीशु का मानवता के लिए दिया गया अनुपम उपहार है।

# अपनी भाषा, सभ्यता, संस्कृति और परंपरा को बचाने का संकल्प ले : अर्जुन मुंडा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा** : पटमदा प्रखंड के कुलटांड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सह ग्राम प्रधान मिलन समारोह का आयोजन वनवासी कल्याण केंद्र जमशेदपुर के द्वारा शरत सिंह सरदार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने संबोधन में कहा कि कहा कि पेशा एक्ट में मौलिक अधिकार की दृष्टि से सभी को सामान अधिकार है।लेकिन संवैधानिक दृष्टिकोण देश एक ओर भाषा अनेक हैं। हमे अपनी भाषा,संस्कृति,सभ्यता और परंपरा की रक्षा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कार्यक्रम में शामिल होने से पूर्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनसे दूरभाष में बात की। उन्होंने कहा हमारा राजकीय भाषा हिन्दी हैं। लेकिन प्रांतीय भाषा को बचाने की जरूरत है।पेशा एक्ट अनुसूचित क्षेत्र में भाषा परंपरा पर गर्व करते हुए जीवन जीए। अपनी परंपरा को खयाल रखे। तत्कालीन मेरे कार्यकाल में पेशा एक्ट के तहत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव करवाया। अपने दायित्व कर्तव्य ओर अधिकार को लेकर कार्य करें। इतिहास ही भविष्य का ध्यान दिलाता हैं। संविधान देश का सबसे बड़ा ग्रन्थ हैं। समाज में जागरूकता लाना जरूरी है। ग्राम सभा परंपरागत व्यवस्था हैं। निर्वाचन पद्धति से पंचायत व्यवस्था चलती है। कुमीर ग्राम प्रधान मृत्युंजय महतो ने कहा कि पेशा एक्ट पर अपने विचार रखे वही उन्होंने कहा कि चिकित्सा के नाम में धर्म परिवर्तन करवाने में क्रिसचन मिशीनरी क्षेत्र में सक्रिय दिख रही हैं। उन्होंने क्षेत्र के आम जन मानुष को इस सक्रिय दल से सतर्क रहने की अपील की। ग्राम प्रधान हिमांशु महतो ने भी संबोधन में कहा कि पेशा एक्ट को मजबूती से पालन करवाने की जरूरत है। वही अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे।आयोजक कमिटी द्वारा सभा में उपस्थित सभी त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि,ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। वही वयस्कों के बीच कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मंचासिन ग्राम प्रधान हिमांशु महतो, मृत्युंजय महतो, बगला किंकर मिश्रा, मुखिया जोबा रानी सिंह, पार्षद प्रदीप बेसरा,खगेन महतो, प्रदीप महतो, शरत सिंह सरदार, जंबू बाबा, निर्मल सिंह, पंचानन दास, रामनाथ सिंह,मनोज सिंह, संजय सिंह, मुखिया कृष्ण पद सिंह,सावित्री सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। स्वागत भाषण मुखिया कृष्ण पद सिंह ने दिया। वही धन्यवाद रामनाथ सिंह ने दिया।



## संक्षिप्त खबरें

### गोला थाना पुलिस की सख्त कार्रवाई: नशे में गाड़ी चलाने वालों की खैर नहीं



**रामगढ़** : आगामी नव वर्ष के आगमन के अवसर पर गोला थाना पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक महोदय अजय कुमार के निर्देश पर गोला थाना अंतर्गत सभी चौक-चौराहों पर विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान शराब पीकर मोटरसाइकिल और कार चलाने वालों की जांच ब्रीथ एनालाइजर से की जा रही है। गोला थाना पुलिस की टीम ने बताया कि नव वर्ष के अवसर पर सड़क पर निकलने से पहले वाहन चालक सावधानी बरतें। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की अब खैर नहीं है। अगर कोई भी व्यक्ति शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए पकड़ा जाता है, तो उसकी गाड़ी को जब्त करते हुए उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक महोदय अजय कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। नव वर्ष के अवसर पर हम सड़क पर विशेष निगरानी रख रहे हैं। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे शराब पीकर गाड़ी न चलाएं और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। गोला थाना प्रभारी ने बताया कि हमारी टीम लगातार चौक-चौराहों पर जांच अभियान चला रही है। हमने ब्रीथ एनालाइजर मशीन की व्यवस्था की है, जिससे शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की जांच की जा रही है। अगर कोई भी व्यक्ति शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए पकड़ा जाता है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में गोला थाना के सभी अधिकारी और जवान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि नव वर्ष के अवसर पर हम सड़क पर विशेष निगरानी रख रहे हैं और शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। इस दौरान गोला थाना के अधिकारी और जवानों ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक किया और उन्हें शराब पीकर गाड़ी न चलाने की अपील की। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा हमारी साझी जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए मिलकर काम करना होगा।

### एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में सारना एएफ ने मारी बाजी



**ईचागढ़** : ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के उदल बांदु गांव में गुरुवार को एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुटबॉल खेल 16 टीमों के बीच खेला गया। जिसमें सारना एफए चांडिल ने रंगबाज एफसी ईचागढ़ को हराकर विजेता बना। वही प्रथम स्थान पर आये सारना एफए चांडिल को कमिटी की और से तीस हजार रु नगद राशि तथा द्वितीय पुरस्कार के रुप में रंगबाज एफसी ईचागढ़ को 22 हजार रु एवं तृतीय तथा चतुर्थ आए टीमों को पुरस्कार के रूप में 13 हजार रु नगद राशि दे कर सम्मानित किया गया। फुटबॉल खेल में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक सविता महतो के निर्देश पर उनके भाई संजय महतो उपस्थित हुए, साथ में प्रखण्ड अध्यक्ष निताई उरांव, जिला मिडिया प्रभारी पशुपति बागची, कोषाध्यक्ष स्वपन आदित्य देव, राजेश उरॉव,गुलाब टुडु सहित कमिटी के सदस्य आदि उपस्थित थे।

### अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



**पतरातू**: भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और महान राजनेता अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर पीटीपीएस स्थित विधायक के आवासीय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़कागांव से भाजपा विधायक रोशन लाल चौधरी सहित कार्यकताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का दूरदर्शी नेतृत्व, सशक्त लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण और राष्ट्रहित के लिए किए गए कार्य सदैव स्मरणीय रहेंगे। उन्होंने कहा कि अटल जी ने अपने कार्यकाल में देश के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए, जिनका लाभ आज भी देश को मिल रहा है। इस अवसर पर किशोर महतो, मोहन सिंह, रितिक चौधरी, चंदन कुमार, अनूप कुमार सिंह, नूतन महतो, नंदकिशोर महतो, रणधीर कपूर, पंकज महतो, राजेश पटेल, मनीष कुमार, राहुल सिंह, विनोद कुमार, प्रहलाद तिवारी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन और कार्यों को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी लोगों ने उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### शहीद निर्मल महतो जयंती पर दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ



**सिल्ली** : शुक्रवार को शहीद निर्मल महतो की जयंती के शुभ अवसर पर मिलान फुटबॉल क्लब की ओर से आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। उद्घाटन मैच हरि मंदिर एफसी लोटा टीम एवं सरगुजाडीह एफसी सरगुजाडीह के बीच खेला गया, जिसमें हरि मंदिर एफसी लोटा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। वहीं दूसरा मुकाबला जूनियर जीएफसी हेरलाबेड़ा और रिगडीआम एफसी के बीच खेला गया, जिसमें जूनियर जीएफसी हेरलाबेड़ा की टीम विजयी रही। मैच का उद्घाटन मिलन फुटबॉल क्लब के संरक्षक सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ मुंडा, सचिव मिथुन मास्टर, दशरथ महतो, कोषाध्यक्ष भिड़गू राम महतो सहित मनोहर महतो, भागीरथ महतो एवं अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा किया गया।

# चार वीर बालकों की शहादत सदा देश को गौरवान्वित करता रहेगा

सिख पंथ के दसवें गुरु गोविंद सिंह के चार पुत्रों की शहादत सदा देशवासियों को गौरवान्वित करता रहेगा जिस। जिस उम्र में गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों ने अपनी शहादत दी थी, विश्व इतिहास में अन्यत्र दूसरा उदाहरण कहीं नहीं मिलता है। बच्चें जिस उम्र में स्कूल में पढ़ना लिखना शुभारंभ करते हैं, उस उम्र में हिंदू धर्म की रक्षार्थ गुरु गोविंद सिंह जी के चार पुत्रों क्रमशः अजीत सिंह, जुझार सिंह,बाबा फतेह सिंह और जोरावर सिंह ने अपने प्राणों की आहुति देकर अद्वितीय वीरता का परिचय दिया था। उन चारों बालको के चेहरे पर कोई शिकन तक न थी बल्कि हंसते-हंसते चारों बालकों ने अपनी शहादत दे दी थी।

सन 1705 में चमकौर की लड़ाई में अजीत सिंह और जुझार सिंह ने औरंगजेब के सिपाहियों के साथ लड़ते-लड़ते अपनी शहादत दे दी थी। वहीं दूसरी ओर बाबा फतेह सिंह और जोरावर सिंह को औरंगजेब के सिपाहियों ने जिंदा दीवार में चुनवा दिया था। आज की बदली सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में अजीत सिंह, जुझार सिंह, बाबा फतेह सिंह और जोरावर सिंह जैसे वीर बालकों की शहादत से नई पीढ़ी को सबक लेने की जरूरत है। नई पीढ़ी के बच्चें पढ़ाई में अव्वल तो जरूर हो रहे हैं। लेकिन अधिकांश बच्चों में वीरता और नैतिकता का घोर अभाव देखा जा रहा है। यह बेहद चिंता की बात है। भारत में जिस तरह विदेशी शक्तियां एक के बाद एक साजिश रचती चली जा रही हैं, इससे देश की एकता और अखंडता प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में भारत के बच्चों को फिर से अपनी वीरता और अदम्य साहस का परिचय देना होगा। कल इन्हीं बच्चों के कंधों पर देश की जवाबदेही होगी। अगर ये बच्चें वीर और अदम्य साहस से से ओतप्रोत होंगे, तभी भारत का भविष्य उज्जवल होगा। देशवासियों के धर्म को अक्षुण्ण बनाए रखना देशवासियों का प्रथम कर्तव्य होता है। देश की रीति रिवाज, परंपरा, रहन-सहन, बोलचाल की भाषा, धर्म आदि परंपरागत संस्कृति ही उसकी पहचान होती है। अगर कोई आक्रांत उस पहचान को मिटाने की कोशिश करता है, तब ऐसी परिस्थिति में देशवासियों को एकजुट होकर आक्रांत को जड़ से मिटा देने का संकल्प लेकर तुरंत संघर्ष शुरू कर देना चाहिए। यह संघर्ष तब तक जारी रहना चाहिए, जब तक कि आक्रांत का अस्तित्व समाप्त न हो जाए। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर 9 जनवरी 2022 को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन, देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि हर वर्ष 26 दिसंबर को श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों क्रमशः जोरावर सिंह, फतेह सिंह, अजीत सिंह और जुझार सिंह की शहादत को यादगार बनाने और प्रेरणा लेने हेतु 'वीर बल दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री की यह घोषणा निश्चित तौर पर तारीफें काबिल है। गुरु गोविंद सिंह जी के चारों पुत्रों की शहादत से देश के बच्चों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। देशवासियों को यह जानना चाहिए कि सन 1705 में 21 दिसंबर से 27 दिसंबर के बीच गुरु गोविंद सिंह जी का पूरा परिवार हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। गुरु गोविंद सिंह जी जब मात्र नौ वर्ष के थे, तब उन्होंने कश्मीरी पंडितों की रक्षार्थ अपने पिता गुरु तेग बहादुर को कहा था कि हिंदू धर्म की रक्षा के लिए आपको अपने प्राणों की आहुति देना समय की मांग है। वीर बालक गुरु गोविंद सिंह की यह बात सुनकर दरबार में बैठे सारे लोग स्तब्ध रह गए थे। इसके बाद गुरु तेग बहादुर जी ने दिल्ली की चांदनी चौक में औरंगजेब की सत्ता को ललकारा था। उन्होंने किसी भी कीमत में धर्म परिवर्तन की बात को अस्वीकार कर दिया था। बदले में औरंगजेब के सिपाहियों ने गुरु तेग बहादुर जी का चांदनी चौक में सर कलम कर दिया था। गुरु तेग बहादुर की इस शहादत का संपूर्ण भारतवर्ष पर बहुत ही अनुकूल प्रभाव पड़ा था। देशवासियों में औरंगजेब की सत्ता के खिलाफ एक जबरदस्त आवाज बुलंद हुई थी। गुरु तेग बहादुर जी के शहादत के बाद गुरु गोविंद सिंह जी को सिख पंथ का दसवां गुरु बनाया गया था।

## सूडोकु नवताल- 7655

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7654 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

# ठाकरे बंधुओं की एकता का महाराष्ट्र की राजनीति पर असर

**विकास सक्सेना**

तकरीबन दो दशक की राजनैतिक रस्साकशी के बाद आखिरकार ठाकरे बंधुओं ने एकजुट होकर महाराष्ट्र की राजनीति में जोर आजमाने का ऐलान किया है। शिवसेना से अलग होकर अपनी नई पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) बनाने वाले राज ठाकरे तमाम कोशिशों के बावजूद अपनी कोई राजनैतिक हैसियत बनाने में नाकाम रहे तो महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने की चाह में भाजपा से गठबंधन तोड़ वैचारिक प्रतिद्वंदियों के खेमे में गए उद्धव ठाकरे के पास न तो शिवसेना बची है और न ही हिन्दुत्व का भगवा ध्वज लहराने वाले शिवसैनिक। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद अब नगर निकाय के चुनाव में भी शिवसेना (उद्धव) की दुर्गति ने ठाकरे परिवार के राजनैतिक अस्तित्व पर गहरे प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। अब अगर ठाकरे की पार्टी की जीवनरेखा कही जाने वाले बृहन्मुम्बई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव में भी उनका प्रदर्शन खराब रहता है तो उन्हें अपना राजनैतिक भविष्य बचा पाना दुश्कर हो जाएगा।

बीएमसी चुनाव से ठीक पहले ठाकरे बंधुओं का एक मंच पर आकर एकजुटता का ऐलान करना कुछ लोगों को उत्साहित कर रहा है तो एक बड़ा वर्ग उन लोगों का भी है जिनका मानना है कि महाराष्ट्र की राजनीति में हाशिए पर पहुंच चुके ठाकरे बंधुओं के सियासी गठबंधन का कोई खास राजनैतिक असर नहीं होगा। मराठा राजनीति पर इस नए गठजोड़ के असर का वास्तविक आकलन करने के लिए बाला साहेब ठाकरे की शिवसेना से लेकर एकनाथ शिंदे की शिवसेना और उसके शिवसैनिकों की मनःस्थिति को समझना होगा। साथ ही महाराष्ट्र की राजनीति में भाजपा के क्रमिक उभार को भी सामने रखना होगा तभी ठाकरे बंधुओं की एकजुटता का महाराष्ट्र की भावी राजनीति पर पड़ने वाले असर को समझा जा सकता है।

भाजपा और शिवसेना के बीच राजनैतिक समझौते का दौर वर्ष 1984 से शुरू हुआ तब शिवसेना उम्मीदवार भाजपा के चुनाव चिह्न पर चुनाव मैदान में उतरे थे। इसके बाद साल 1989 का विधानसभा चुनाव भाजपा और शिवसेना में मिलकर लड़ा जिसका दोनों दलों को लाभ हुआ। इसी तरह का लाभ उन्हें साल 1995 के विधानसभा चुनाव में भी हुआ और शिवसेना-भाजपा गठबंधन ने महाराष्ट्र में सरकार बनाने में कामयाबी हासिल कर ली। इसके बावजूद महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना का गठबंधन सहज नहीं रहा। दोनों दल मौका मिलते ही एक-दूसरे के खिलाफ न सिर्फ बयानबाजी करते बल्कि चुनावों में भी खुले तौर पर आपस में टकराते दिखाई दिए। इसका सबसे बड़ा कारण महाराष्ट्र की राजनीति में भाजपा का सतत उभार था।

भाजपा और शिवसेना दोनों ही दलों की राजनीति का आधार हिन्दुत्व है, ऐसे में शिवसेना के नेता भाजपा के बढ़ते कद को अपनी राजनीति के लिए सबसे बड़ा खतरा मानते रहे थे। साल 2014 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव दोनों दलों ने अलग-अलग लड़ा हालांकि बाद में शिवसेना सरकार में शामिल हो गई लेकिन कटुता लगातार बनी रही। नतीजतन साल 2018 में उद्धव ने भाजपा से अलग चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया, बाद में समझौता होने पर दोनों दलों ने मिलकर साल 2019 का विधानसभा चुनाव लड़ा।

महाराष्ट्र की राजनीति के जानकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री पद पर दावेदारी मजबूत करने के लिए भाजपा से अधिक सीटें जीतने की चाह में उद्धव ठाकरे ने एनसीपी प्रमुख शरद पवार से अंदरखाने हाथ मिला लिया और कई सीटों पर भाजपा को नुकसान भी पहुंचाया। इसके बावजूद जब चुनाव नतीजे आए तो भाजपा 105 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी रही जबकि शिवसेना 56, एनसीपी 54 और कांग्रेस 44 सीटों पर ही कामयाबी हासिल कर पाई। उद्धव ठाकरे और शरद पवार के गुप्त समझौते का इतना असर जरूर हुआ कि 288 विधानसभा सीटों वाले महाराष्ट्र में भाजपा बहुमत के जादुई आंकड़े 145 से काफी दूर रह गई।

महाराष्ट्र में 'किंग मेकर' की भूमिका से हटकर खुद 'किंग' बनने को लालायित उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बनने की जिद पर अड़ गए। इधर, महाराष्ट्र की राजनीति में लगातार आधार खोते जा रहे शरद पवार ने इस मौके का फायदा उठाने में कोई चूक नहीं की। उन्होंने हिन्दुत्व की राजनीति करने वाली भाजपा और शिवसेना के बीच दरार को चौड़ा करके भविष्य का राजनैतिक पथ निष्कंटक बनाने का भरोसा देकर कांग्रेस को भी विश्वास में ले लिया। मुख्यमंत्री बनने की चाह में पिता बाला साहेब ठाकरे की वैचारिक विरासत को दरकिनार कर उद्धव ठाकरे कांग्रेस और एनसीपी के साथ महागठबंधन में शामिल हो गए। कुर्सी पर बने रहने के लिए राममंदिर, अनुच्छेद 370 जैसे हिन्दुत्व के कोर मुद्दों पर भी वह एनसीपी और कांग्रेस की छद्म पंथनिरपेक्ष राजनीति के साथ ही खड़े नजर आए। जिसके चलते कट्टर हिन्दुत्व की विचारधारा वाले शिवसैनिकों में लगातार असंतोष बढ़ता गया और अंततः एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में उन्होंने विद्रोह कर दिया। तब से हिन्दुत्व की विचारधारा वाली शिवसेना का नेतृत्व एकनाथ शिंदे के पास है जबकि उद्धव ठाकरे एक नया दल शिवसेना (यूबीटी) बनाकर सेक्यूलर राजनीति कर रहे हैं।

इधर, साल 1988 से अपने राजनैतिक जीवन की शुरूआत करने वाले राज ठाकरे का शिवसैनिकों पर खासा असर था। सिर्फ उनका रंग-रूप ही बाला साहेब ठाकरे से नहीं मिलता था बल्कि कार्टून बनाने की कला, आक्रमता और भाषण शैली में भी शिवसेना प्रमुख की छाप स्पष्ट दिखाई देती थी। उनका राजनैतिक कद तेजी से बढ़ रहा था लेकिन साल 1996 में रमेश किनी की मौत के मामले में राज ठाकरे का नाम आने की वजह से उनके राजनैतिक जीवन पर जैसे ग्रहण लग लग गया। इस बीच शांत स्वभाव के दिखने वाले उद्धव ठाकरे लगातार अपना राजनैतिक प्रभाव बढ़ाते रहे। जब साल 2003 में उद्धव ठाकरे को शिवसेना का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया तो दोनों चचेरे भाइयों के बीच संबंध तल्ख हो गए। अन्ततः साल 2006 में राज ठाकरे ने शिवसेना से अलग होकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना का गठन किया।

साल 2009 के महाराष्ट्र विस चुनाव में राज ठाकरे की पार्टी भले 13 सीटों पर कामयाबी हासिल कर सकी लेकिन उसने शिवसेना को बड़ा नुकसान पहुंचाया। वर्ष 2012 में बाल ठाकरे के निधन के बाद सामना में लिखे एक लेख के जरिए उद्धव ठाकरे ने राज ठाकरे से समझौते की इच्छा जताई थी लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ।

हाल ही में हुए महाराष्ट्र नगर निकाय के चुनाव ने भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 70 प्रतिशत से अधिक सीटों पर जीत हासिल की। नगर पालिका परिषद् और नगर पंचायत की 288 सीटों के लिए हुए चुनाव में उद्धव ठाकरे की शिवसेना (उद्धव) महज 9 सीटों पर सिमट कर रह गई है। अब बीएमसी समेत 29 नगर निगमों के लिए अगले महीने चुनाव होना है ऐसे में ठाकरे परिवार का राजनैतिक अस्तित्व बचाना सबसे बड़ी चुनौती नजर आ रहा है। इसीलिए टीवी चैनलों पर बहस के लिए आने वाले उद्धव गुट के नेता हिन्दुत्व को लेकर मुखर नजर आ रहे हैं और गठबंधन में होने के बावजूद छद्म पंथनिरपेक्षता की राजनीति करने वाले दलों कांग्रेस, सपा आदि पर तीखे तंज भी कस रहे हैं।

मराठा वोटों को अपने खेमे में लामबंद करने के लिए ठाकरे बंधुओं ने एकजुटता ऐलान तो किया है लेकिन उनके सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। एक तो उनका सामना जिनसे है वे देवेंद्र फड़नवीस, एकनाथ शिंदे और अजीत पवार मराठी हैं। साथ ही राज ठाकरे की मनसे के कार्यकताओं ने बीते दिनों गैर मराठी भाषियों से मारपीट करके 60 प्रतिशत से अधिक आबादी वाले गैर मराठा समुदाय के विपरीत ध्रुवीकरण (रिवर्स पोलराइजेशन) की स्थिति पैदा कर दी है। इसलिए इस गठबंधन का महाराष्ट्र की चुनावी राजनीति पर क्या असर होगा यह देखना काफी रोचक होगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा पर संकट

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

साल 1947 में भारत के बंटवारे के बाद बने पाकिस्तान में आगे और बंटवारे की संभावना दिख रही थी।कई जानकारों ने इसे एक भौगोलिक गड़बड़ी, मीलों दूर दो अलग-अलग इलाकों का एक ढीला-ढाला मेल बताया था। मुस्लिम बहुमत के अलावा पश्चिमी पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान; जिसे अब बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है, उसमें बहुत कम समानता थी।

साल 1971 के युद्ध के पीछे पाकिस्तान की नेशनल आर्मी के सैनिक स्थानीय बंगाली आबादी के साथ बलात्कार, मारपीट और दूसरे अपराध थे, जिससे तंग लोग भारत भाग गए। इतने बड़े पैमाने पर पलायन और अमानवीय गतिविधियों को देखते हुए भारत सरकार ने पूर्वी पाकिस्तान को पाकिस्तानी शासन से आजाद कराकर नया देश बनाने का फैसला किया।

मुख्य संघर्ष के दौरान भारत द्वारा प्रशिक्षित बांग्ला मुक्ति वाहिनी ने खुफिया जानकारी इकट्ठा की और कुछ इलाकों में पाकिस्तान से सप्लाई बंद करने में मदद की। भारतीय सेना ने ज्यादातर सैनिक ट्रेनिंग, उपकरण और मैनपावर सप्लाई की। युद्ध की आधिकारिक शुरूआत से बहुत पहले भारतीय सेना, मुक्ति फौज से मिलकर लड़ रही थी। पहली झड़प 01 जुलाई 1971 में हुई जब 57 आर्टिलरी ब्रिगेड ने कर्नल पीके गौतम के ऑपरेशन बांग्लादेश के तहत आतग्राम और चग्राम में पाकिस्तानी ठिकानों को नष्ट कर दिया। ऐसी मुठभेड़ें दिसंबर तक जारी रहीं, जिसके दौरान मुक्ति वाहिनी ने गुरिल्ला युद्ध, तोड़फोड़ और खुफिया जानकारी इकट्ठा करने का काम किया। हालांकि वे सीधे मुकाबले में भारतीय सेना पर निर्भर थे क्योंकि वे सीधे मुकाबले में कमजोर लड़ाके थे। दिसंबर 1971 में भारत ने 3900 सैनिक खो दिए।

पाकिस्तान से आजादी मिलने के बाद भारत ने उन्हें घर लौटने में मदद की, ट्रांसपोर्टेशन दिया और सड़कों एवं पुलों की मरम्मत में सहायता की। भारत ने बांग्लादेश को जो लगभग 232 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता का वादा किया था, वह दे दिया गया। साल 1972 में बांग्लादेश को खाद्यान्न मदद का सबसे बड़ा हिस्सा भारत का था। भारत- बांग्लादेश व्यापार समझौते से बांग्लादेश को बहुत फायदा हुआ। 28 मार्च 1972 को 5 करोड़ रुपये की ब्याज मुक्त स्विंग लिमिट के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। इससे बांग्लादेश को कोयला और अन्य जरूरी सामान और संसाधन खरीदने की अनुमति मिली।

भारत में लाखों बांग्लादेशी प्रवासियों का स्वागत किया गया और देश के आम नागरिकों ने स्वेच्छा से वित्तीय बोझ साझा किए। देश के नागरिकों ने पूर्वी पाकिस्तानी प्रतिरोध बलों का जोरदार समर्थन किया और एक युद्ध कर लगाया गया। हालांकि पाकिस्तानी सेना के लगातार अत्याचारों के कारण स्थिति और खराब होने की आशंका थी इसलिए भारत को आखिरकार सैन्य हस्तक्षेप करने के लिए मजबूर होना पड़ा। असल में भारत ने अमेरिका को नाराज करने का भी खतरा मोल लिया जो एक सुपरपावर था और याह्या खान की तानाशाही का खुलेआम समर्थन कर रहा था।

भारतीय लोगों ने शरणार्थियों की बाढ़ और उसके बाद हुए संघर्ष का भारी वित्तीय बोझ उठाया, यह दूसरे देशों के लोगों की दुर्दशा के प्रति भारत की दृढ़ता और करुणा का सबूत है। भारत ने 1971 का युद्ध किसी साम्राज्यवादी सपने या किसी खास राष्ट्रीय लक्ष्य को पूरा करने के लिए नहीं लड़ा था। भगवान राम ने हजारों साल पहले रावण को लंका पर कब्जा करने के लिए नहीं बल्कि नैतिकता और धर्म का शासन फिर से स्थापित करने के लिए हराया था। अपनी जीत के बाद राम ने लंका उसके निवासियों और राजा विभीषण को वापस सौंप दी थी। इसी तरह भारत ने कट्टर राष्ट्रवाद, सांप्रदायिकता और नरसंहार के खिलाफ युद्ध लड़े। हम सिर्फ हथियारों से ही नहीं बल्कि करुणा और दूसरों के साथ एकता जैसे ऊँचे विचारों से भी जीते।

सवाल यह है कि अच्छे और बुरे दोनों समय में बांग्लादेश में महत्वपूर्ण योगदान देने के बावजूद हिंदुओं को क्यों सताया जा रहा है। हाल के वर्षों में कई बांग्लादेशियों के बीच धार्मिक पहचान ज्यादा आम हो गई है और कई लोग नैतिक और भाषाई हैंगओवर से थक चुके हैं। अगर मजहब कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाता है तो आप बस उस देश का समर्थन नहीं कर सकते जिसने कुछ दशक पहले ही आपके देश में सबसे भयानक नरसंहारों में से एक किया था। आपको भारत जैसे देश से खुलेआम नफरत करने के लिए क्या प्रेरित करता है, जिसने आपको आजादी दिलाने में मदद की और आपकी संप्रभुता को मान्यता देने वाले पहले कुछ देशों में से एक था।

साल 2024 के विद्रोह के बाद बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन हुआ, जिसने न केवल देश के आंतरिक राजनीतिक माहौल को बिगाड़ा बल्कि इसके आसपास के क्षेत्र में भी रणनीतिक बदलाव किए। इसके अलावा चरमपंथी यूनुस के अंतरिम प्रशासन के तहत पूरे देश में कट्टरपंथ और धार्मिक उग्रवाद में चिंताजनक वृद्धि हुई है।बांग्लादेश में पिछले साल से कट्टरपंथी संगठन और विचारधाराएँ ज्यादा प्रचलित हो गई हैं। उदाहरण के लिए जमात-ए-इस्लामी बांग्लादेश जैसे कट्टरपंथी संगठनों को यूनुस प्रशासन के तहत पिछले प्रशासन की तुलना में ज्यादा जगह मिली है। ये समूह अब सार्वजनिक तौर पर हिंदू विरोधी बातचीत और सड़कों पर ज्यादा दिखाई देते हैं। मस्जिदों और धार्मिक स्कूलों के जरिए इस्लामी समूहों ने आबादी के एक बड़े हिस्से, खासकर युवाओं को कट्टरपंथी बनाया है। देश में बढ़ते कट्टरपंथ के कारण बांग्लादेश में अल्पसंख्यक, खासकर हिंदू ज्यादा खतरनाक स्थिति में हैं। दुख की बात है कि बांग्लादेश में हिंदुओं की संपत्ति, निजता और जीवन असुरक्षित हैं।ऐसे जघन्य कृत्यों को या तो राज्य द्वारा नजरअंदाज किया जाता है या उसे बढ़ावा दिया जाता है।अमानवीय इस्लामी क्रूरता के अधिकांश शिकार महिलाएँ और बच्चे हैं।

बांग्लादेश और पाकिस्तान, दोनों में हिंदू आबादी में तेजी से गिरावट आई है। उन देशों में रहने वाले हिंदुओं के लिए मानवाधिकार अभी भी दिवास्वप्न है।मूर्तियों और मंदिरों को अक्सर अपवित्र किया जाता है या नष्ट कर दिया जाता है और उनके धार्मिक विश्वास को निशाना बनाया जाता है। इन देशों के नेताओं द्वारा इस्लाम में धर्मांतरण ही एकमात्र रास्ता बताया जाता है। यह 1922 और 1946 में भी लागू था। लक्षित हमलों, भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या और सांप्रदायिक हिंसा के कारण डर और असुरक्षा का माहौल बन गया है। आवासीय घरों पर हमला किया गया है, पूजास्थलों को तोड़ा गया है और संपत्ति नष्ट की गई है। अल्पसंख्यकों को किसी आपराधिक गतिविधि के बजाय उनकी पहचान के कारण निशाना बनाया जा रहा है।ऐसी हिंसा सरकार पर लोगों का भरोसा कम करती है और यह संदेश देती है कि इंसानियत से ज्यादा इस्लामिक धार्मिक कट्टरता जरूरी है। पिछले कुछ महीनों में भीड़ द्वारा उत्पीड़न और लिंचिंग की कई घटनाएँ सामने आई हैं जो हिंसा में चिंताजनक बढ़ोतरी का संकेत देती हैं। ऐसी ही एक घटना में चंद्रदास नाम के 25 साल के एक हिंदू दलित व्यक्ति को कथित तौर पर ईशनिंदा के झूठे आरोप में बर्बर तरीके से जलाकर मार डाला गया।हालाँकि सांप्रदायिक हमलों में मुख्य रूप से हिंदुओं को निशाना बनाया गया है लेकिन हिंदू ही हिंसा के एकमात्र शिकार नहीं हैं।चटगाँव में दो ईसाई लड़कियों पर कथित तौर पर हिजाब नहीं पहनने के कारण सार्वजनिक रूप से हमला किया गया। इन हमलों के अलावा अल्पसंख्यकों को धर्म बदलने या देश छोड़ने की धमकियाँ भी मिल रही हैं जो असहिष्णुता, जबरदस्ती और धार्मिक कट्टरता में चिंताजनक बढ़ोतरी का संकेत है।

चंद्र दास की हत्या कोई अकेली घटना नहीं है बल्कि यह एक बड़े ट्रेंड का हिस्सा है जिसमें ईशनिंदा के दावों का इस्तेमाल भीड़ की हिंसा को सही ठहराने और विरोध की आवाज को दबाने के लिए किया जा रहा है। ऐसी क्रूरताएँ अराजकता को बढ़ावा देती हैं और अल्पसंख्यकों में डर पैदा करती हैं। अगर यह सिलसिला जारी रहा तो सामाजिक एकता और कमजोर होगी और बांग्लादेश बहुत ज्यादा अस्थिर हो जाएगा। जमात-ए-इस्लामी की वापसी इस तरह के सांप्रदायिक संघर्ष का एक बड़ा कारण है। हसीना प्रशासन के तहत जेल में बंद किए गए इस समूह के नेताओं को यूनुस प्रशासन ने आजाद कर दिया है।

# अमित शाह का संकेत और मध्यप्रदेश की नई सत्ता-व्यवस्था

**कृष्णमोहन झा**

भारतीय राजनीति में कई बार सबसे निर्णायक घटनाएँ भाषणों से नहीं, बल्कि मौन बैठकों और प्रतीकात्मक संकेतों से तय होती हैं। ग्वालियर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हालिया दौरा भी इसी श्रेणी में आता है। इसे केवल एक सरकारी कार्यक्रम या विकास केंद्रित आयोजन मानना राजनीतिक दृष्टि से भारी भूल होगी। दरअसल, यह दौरा मध्यप्रदेश की भविष्य की सत्ता-संरचना और नेतृत्व के स्थायित्व पर अंतिम मुहर लगाने वाला साबित हुआ है।

ग्वालियर के ताज होटल के मराठा सूट में अमित शाह और वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय के बीच हुई एकांत चर्चा, उसके बाद प्रदेश के अन्य दिग्गज नेताओं से अलग-अलग संवाद, और फिर मंच से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मुक्त कंठ से की गई प्रशंसा–यह पूरा क्रम किसी संयोग का परिणाम नहीं था। यह एक सुनियोजित राजनीतिक पटकथा थी, जिसका उद्देश्य भोपाल की राजनीति को यह स्पष्ट रूप से समझाना था कि अब सत्ता की धुरी, दिशा और निर्णय केंद्र कहां स्थित है।

कैलाश विजयवर्गीय केवल एक वरिष्ठ नेता नहीं हैं, बल्कि वे भाजपा के उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने संगठन और सरकार–दोनों में शक्ति संतुलन के कई दौर देखे हैं। अमित शाह के साथ उनकी एकांत बैठक को इस दृष्टि से देखना चाहिए कि पार्टी नेतृत्व अब पुराने अनुभव और नए नेतृत्व के बीच किसी भी प्रकार की असमंजस की स्थिति को समाप्त करना चाहता है।

इसके बाद मंच से मुख्यमंत्री मोहन यादव की जिस तरह प्रशंसा की गई, वह केवल उनके कार्यों की सराहना नहीं थी। वह उन सभी राजनीतिक अटकलों पर विराम था, जो यह मानकर चल रही थीं कि नेतृत्व का केंद्र कहीं और से संचालित हो सकता है। दिल्ली ने यह साफ कर दिया कि *मध्यप्रदेश में अब सत्ता का एक ही चेहरा है मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

अमित शाह की शैली को समझने वाले जानते हैं कि वे सार्वजनिक मंच से बिना कारण किसी की तारीफ नहीं करते। उनकी हर प्रशंसा के भीतर संगठनात्मक अनुशासन का संदेश छिपा होता है। ग्वालियर से दिया गया यह संदेश केवल मुख्यमंत्री के समर्थन का नहीं था, बल्कि पार्टी के भीतर मौजूद सभी संभावित शक्ति-केंद्रों के लिए भी था।

यह संकेत था कि अब समानांतर राजनीति, अलग-अलग गुटों की सक्रियता या व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के लिए सीमित स्थान है। हाईकमान चाहता है कि प्रदेश में राजनीति समन्वय, स्पष्ट नेतृत्व और अनुशासन के सिद्धांत पर आगे बढ़े। राजनीतिक हलकों में यह चर्चा तेज है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव को अब 'फ्री हैंड' मिलने जा रहा है। लेकिन इसका अर्थ केवल प्रशासनिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है। राजनीति में फ्री हैंड का मतलब होता है–
निर्णय लेने की पूरी स्वतंत्रता,
और उन निर्णयों की पूरी जवाबदेही।

यह वही भरोसा है, जो केंद्रीय नेतृत्व केवल तब देता है, जब उसे लगता है कि नेतृत्व प्रयोग नहीं, बल्कि दीर्घकालिक निवेश है। अमित शाह का खुला समर्थन इस बात का संकेत है कि पार्टी अब मध्यप्रदेश में अस्थिरता या प्रयोग की राजनीति से आगे बढ़कर स्थायित्व चाहती है।

अब सवाल यह नहीं है कि मुख्यमंत्री कौन है–यह तय हो चुका है। असली सवाल यह है कि भविष्य के सत्ता-समीकरण कैसे आकार लेंगे।

पहला, संगठन और सरकार के बीच संतुलन अब स्पष्ट रूप से मुख्यमंत्री के पक्ष में झुका हुआ दिखाई देता है। इसका मतलब यह नहीं कि संगठन कमजोर होगा, बल्कि यह कि संगठनात्मक निर्णय और सरकारी निर्णय एक ही दिशा में चलेंगे।

दूसरा, वे नेता जो अब तक अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर असमंजस में थे, उन्हें यह संदेश मिल चुका है कि आगे बढ़ने का रास्ता मुख्यमंत्री के साथ समन्वय से होकर ही जाता है। अलग-थलग चलने की राजनीति अब लाभकारी नहीं रहेगी।

तीसरा, मंत्रिमंडल और प्रशासनिक संरचना में भी आने वाले समय में ऐसे संकेत दिख सकते हैं, जो यह दशाएँ कि मुख्यमंत्री को नीतिगत और प्रशासनिक फैसलों में अधिक स्वतंत्रता दी जा रही है। यह बदलाव धीरे-धीरे लेकिन स्थायी होगा।

दिल्ली से आया यह संदेश भोपाल की राजनीति के लिए एक साथ अवसर भी है और चेतावनी भी। जो नेता इस संकेत को समय रहते समझ लेंगे, वे सत्ता के केंद्र में बने रहेंगे। जो इसे अनदेखा करेंगे, उनके लिए राजनीतिक हाशिये पर जाने का खतरा बढ़ेगा।

राजनीति में सबसे बड़ा जोखिम अस्पष्टता होती है। ग्वालियर में अमित शाह ने उसी अस्पष्टता को समाप्त किया है। अब यह साफ है कि आने वाले समय में मध्यप्रदेश की राजनीति एक नेतृत्व, एक निर्णय केंद्र और एक दिशा के सिद्धांत पर आगे बढ़ेगी। दिल्ली ने अपना संदेश दे दिया है।

अब भोपाल की राजनीति की परीक्षा है। सवाल अब 'कौन मुख्यमंत्री है' का नहीं, बल्कि 'कौन इस नेतृत्व के साथ कैसे खड़ा होता है' का है। राजनीति में जो संकेत समय पर पढ़ लेता है, वही भविष्य का हिस्सा बनता है। बाकी–सत्ता की कहानी में केवल संदर्भ बनकर रह जाते हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनैतिक विश्लेषक हैं)**

## दैनिक पंचांग

**26 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

| | |
|---|---|
| भाव | ग्रह |
| १२ | शनि |
| ११ | राहु, चंद्र |
| १० | |
| ९ | मंगल, सूर्य, शुक्र |
| ८ | बुध |
| ७ | |
| ६ | |
| ५ | केतु |
| ४ | |
| ३ | गुरु |
| २ | |
| १ | |

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 08.03 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | कुंभ | 09.50 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 11.23 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मेष | 12.53 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृष | 14.33 बजे से |
| शुक्र | धनु में | मिथुन | 16.31 बजे से |
| शनि | मीन में | कर्क | 18.45 बजे से |
| राहु | कुंभ में | सिंह | 21.01 बजे से |
| केतु | सिंह में | कन्या | 23.13 बजे से |
| राहुकाल | | तुला | 01.24 बजे से |
| 10.30 से | | वृश्चिक | 03.38 ब.से |
| 12.00 बजे तक | | धनु | 05.54 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 360 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** पौष **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** षष्ठी 13.44 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** शतभिषा 09.01 बजे को समाप्त।
**योग** सिद्धि(असृक) 14.01 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 13.44 बजे तदनन्तर गर 01.32 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 05.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 22'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872570
**जूलियन दिन** 2461035.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रज्जब
**तारीख** 05

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### आग तापने में महिला बुरी तरह झुलसी

**साहिबगंज:** जिला अंतर्गत कोटालपोखर थाना क्षेत्र के विजयपुर गांव में गुरुवार की सुबह अलाव तापने के क्रम में चादर में आग लगने से विजयपुर गांव निवासी विकास सिंह की मां सावित्री देवी (60) बुरी तरह झुलस गई। मिली जानकारी के अनुसार सावित्री देवी सुबह घर के बाहर पुआल में आग लगाकर ताप रही थी। इसी दौरान चिंगारी उसके चादर पर गिर गया और तेजी से आग सुलग गया। जिससे आग की चपेट में पूरी तरह महिला आकर झुलस गई। परिजन उसे इलाज के लिए आनन-फानन में सोनाजोड़ी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### सनराइज एकेडमी के बच्चों ने बोधगया का किया शैक्षणिक भ्रमण

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत कार्यातपुर में स्थित सनराइज एकेडमी के बच्चों को बोध गया का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान बोधगया के मेन मंदिर का दर्शन करवाया गया साथ ही तालाब दिखाया गया। भगवान बुद्ध ने जहां विद्या का अर्जन किया था, उस पेड़ को दिखाया गया और जहां-जहां जो निर्देश दिया गया था उसे देखकर बताया गया। श्री राम जानकी मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, चाइनीज बौद्ध मंदिर, जापान बौद्ध मंदिर, सिक्किम बौद्ध मंदिर के साथ साथ बच्चों को सभी मंदिरों के बारे में बताया। भगवान महात्मा बुद्ध का 108 फीट की प्रतिमा का भी लोगों को दर्शन कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यालय की प्राचार्य सुरेश प्रसाद ने सभी बच्चों को प्रत्येक जगह पर पुरातात्विक स्थल के बारे में और उसके इतिहास के बारे में बारीकी से बताया। सभी बच्चों को सांस्कृतिक ज्ञान को देते हुए बतलाया कि हमारी प्राचीन संस्कृति किस प्रकार थी और किस प्रकार महात्मा बुद्ध ने यहां बिहार के गया जिला में स्थित बोधगया में समय बिताया था। शैक्षणिक भ्रमण में सुरेश प्रसाद, राजू प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, महेश कुमार, संतोष कुमार, अनिल कुमार, कुंदन कुमार, सुभाष कुमार, सीमा सिंह, डॉली देवी, सोनी देवी, सुनीता कुमारी आदि शामिल रहे।

### करीमाटी में सार्वजनिक मुरुम पथ अवरुद्ध, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**जलडेगा :** प्रखंड अंतर्गत करीमाटी पंचायत में बूढ़ा बगीचा से कुम्हार बगीचा तक जाने वाला सार्वजनिक मुरुम पथ अवरुद्ध कर दिया गया है। यह पथ पूर्व में सरकारी योजना के तहत बनाया गया था, जिसके माध्यम से ग्रामीण अपने खेतों एवं तसर बागवानी तक पहुंचते थे। आरोप है कि करीमाटी निवासी रघुनाथ सिंह ने रास्ते में गड्ढा खोदकर और झाड़ी लगाकर घेराबंदी कर दी, जिससे रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## खेल से शारीरिक मानसिक व बौद्धिक विकास होता है : सांसद

# सांसद खेल महोत्सव के तहत सैकड़ों खिलाड़ी अपना खेल का प्रतिभा दिखाए

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से आयोजित सांसद खेल महोत्सव का समापन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती के दिन हुआ। इस बीच राजमहल लोकसभा क्षेत्र के पाकुड़ व साहिबगंज जिला में फुटबॉल, वालीबॉल, कबड्डी, कुश्ती, चेस, एथलेक्टिश के कई टूनार्मेंट दौड़, ऊंची कूद सहित अन्य खेलकूद प्रतियोगिता कराया गया। समापन समारोह गुरुवार को रेलवे जनरल इंस्टीट्यूट टॉकीज फील्ड मैदान में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम सिन्हा, राजमहल पूर्व विधायक अनंत ओझा, भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव सहित अन्य शामिल हुए। एलईडी टीवी स्क्रीन के जरिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण देखा गया। वही 100 मीटर ओर ऊंची कूद की प्रतियोगिता का शुभारंभ राज्यसभा सांसद सहित अन्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। वही विभिन्न खेलो में विजय हुए महिला पुरुष खिलाड़ियों को राज्यसभा सांसद आदित्य साहू सहित अन्य मेडल ट्रॉफी सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। वही राज्यसभा सांसद ने कहा कि जहां भाजपा सांसद नहीं है वहां राज्यसभा सांसद को कार्यक्रम करना था। खेल के जरिय युवाओं को राष्ट्रभक्ति अनुशासन का पाठ पढ़ाया जा रहा है। सांसद खेल महोत्सव के जरिय खिलाड़ियों के अंदर छुपी प्रतिभा को निखारने का कार्य किया जा रहा है। यही खिलाड़ी एक दिन राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएगा। साहिबगंज की धरती वीरों की धरती है, यहां सिदो कान्हु चांद भैरव फूलोंझानो जैसे वीर जन्म लिए है। झारखंड निमार्ता अटल बिहारी वाजपेयी का जयंती है, देश उनको नमन कर रहा है। युवा ईमानदारी पूर्वक अपना कार्य करे, अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे, अपना नीति सही रखे तो आपको आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। वही राज्यसभा सांसद सहित भाजपा नेताओं, पत्रकारों ने भी सांसद खेल महोत्सव में दौड़ लगाई। सांसद ने पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वही इससे पूर्व राज्यसभा सांसद सहित भाजपा के सभी नेताओं व कार्यकताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के तैलीय चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करके नमन किया। जहां 100 मीटर दौड़ महिला में प्रथम प्रीति कुमारी, द्वितीय उर्मिला किस्कू, तृतीय पूजा एक्का, 100 मीटर पुरुष में प्रथम धीना हांसदा, द्वितीय बासु हेंब्रम, तृतीय कृष्णा कुमार यादव, हाई जंप महिला प्रथम रश्मि कुमारी, द्वितीय निर्मला टुडु, तृतीय तमन्ना खातून, हाई जंप पुरुष प्रथम कुंदन कुमार गोंड, द्वितीय रंजन कुमार, तृतीय अनिल राजवार, फुटबॉल में प्रथम फूलबंगा की टीम, उपविजेता लखीपुर हुआ।

## कैथोलिक चर्च में हुआ क्रिसमस कार्यक्रम, सुबह में हुई प्रार्थना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के स्थानीय घाट रोड स्थित कैथोलिक चर्च में क्रिसमस को लेकर गुरूवार की सुबह विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फादर मथियस हेम्ब्रम, फादर लाजारूस किस्कु, फादर टोम एसजे सहित अन्य ने क्रिसमस कार्यक्रम को लेकर मिस्सा बलिदान से इसका शुरूआत किया। मौके पर सभी को क्रिसमस की बधाई देते प्रभु के जन्म अवतरण के उद्देश्यों पर विस्तार से बताया। फादर ने कहा की प्रभु यीशू ने इस पृथ्वी पर इसलिए जन्म लिया था की वह मनुष्यों के पाप को खत्म कर उन्हें सीधे रास्ते पर ला सकें। इसके लिए उन्होंने अपने प्राण तक न्योछावर कर दिया। प्रभु हमेशा से प्रेम, शांति, भाईचार व मानवता की सीख दिये। फादर ने उपस्थित लोगों से प्रभु ईसा मसीह के बताये मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान किया। मौके पर उन्होंने समस्त विश्व की शांति व समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इससे पहले बुधवार की देर रात तक क्रिसमस को लेकर कार्यक्रम हुआ। मौके पर सिस्टर पुष्पा, सिस्टर रोजी, सिस्टर नूरी, सिस्टर मैरी, ब्रदर जॉन, ब्रदर वास्को आदि ने संगीतमय कैरोल की आकर्षक प्रस्तुति दी।

## भाजपा ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर :** देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न एवं झारखंड राज्य के जनक श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती को भाजपा जमशेदपुर महानगर ने सुशासन दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया। गुरुवार को जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकताओं ने अटल जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर अटल जी के व्यक्तित्व, कृतित्व, कविताओं और राष्ट्रनिर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने अटल जी के विचारों, उनके आदर्शों और सशक्त नेतृत्व को स्मरण करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी को देश में 'अजातशत्रु' के रूप में जाना जाता है। उनकी जयंती पर पार्टी के सभी कार्यकर्ता, चाहे वे प्रदेश स्तर के हों या बूथ स्तर के, अटल जी के विचारों और उनके सुशासन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प ले रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि अटल जी के नेतृत्व में देश ने विकास और आत्मसम्मान की नई ऊंचाइयों को छुआ। उनकी दूरदर्शी नीतियां और ऐतिहासिक निर्णय आज भी राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कहा कि झारखंड अलग राज्य का निर्माण अटल जी की दूरदृष्टि और संकल्प का परिणाम है। वर्ष 1999 में दुमका में आयोजित जनसभा में उन्होंने वादा किया था कि झारखंड को अलग राज्य का दर्जा मिलेगा।

## जिला स्तरीय पांच दिवसीय अंतर-जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** मेरा युवा भारत, साहिबगंज के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय अंतर-जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 2025 का शुभारंभ साहिबगंज सदर प्रखंड स्थित उत्सव बैंकेट हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा, रोजगार, संस्कृति एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित अवसरों से जोड़ना तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन परंपरागत तरीके से दीप प्रज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस. आर. रिजवी, प्राचार्य, साहिबगंज महाविद्यालय, विशेष अतिथि प्रशांत भारती, नोडल पदाधिकारी (एनएसएस) तथा पूर्व प्राध्यापक सुबोध कुमार झा उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में डॉ. रिजवी ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को अपने सपनों को साकार करने हेतु एक सुदृढ़ मंच प्रदान करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस अवसर का सकारात्मक उपयोग करते हुए आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करें। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार, कार्यक्रम लेखा सहायक, साहिबगंज द्वारा किया गया। जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत साहिबगंज मोंटू पातर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान आगामी पांच दिनों में शैक्षणिक सत्र, कार्यशालाएं, खेल गतिविधियां एवं क्षेत्रीय भ्रमण जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रतिभागी युवाओं को नई दृष्टि एवं प्रेरणा प्राप्त होगी। कार्यक्रम में हजारीबाग जिले से आए प्रतिभागी में सम्मिलित रहे। यह कार्यक्रम युवाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## दलमा आंचलिक सुरक्षा समिति ने मनाया शहीद सागर महतो और मलिंद्र सिंह का शहादत दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पटमदा :** बोड़ाम में दलमा आंचलिक सुरक्षा समिति के द्वारा चामटा स्कूल मैदान के समीप माओवादी के खिलाफ आंदोलन के दौरान शहीद हुए वीर शहीद सागर महतो और मलिंद्र सिंह का वार्षिक शहादत दिवस सह संकल्प सभा का आयोजन पर शहीदों को समिति के सदस्यों सहित आम जनता, जनप्रतिनिधियों ने उनकी चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान चमटा में समिति के द्वारा शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण, भाषण, वृद्धों के बीच कम्बल वितरण, स्कूली बच्चों के बीच बैग वितरण, सभी को भोजन खिलाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से दलमा आंचलिक सुरक्षा समिति के अध्यक्ष जलन माण्डी, सचिव रामकृष्ण महतो, कोषाध्यक्ष अधर सिंह, हरि सिंह, उपाध्यक्ष पद लोचन सिंह, जिला परिषद प्रतिनिधि मानिक महतो, थाना प्रभारी मनोरंजन कुमार, प्रमुख ललिता सिंह, मुखिया अजब सिंह, नीमडीह भोलानाथ सिंह, तपन कुमार, हरेलाल कुमार, सीताराम सिंह, बिपुल सिंह, चेतन हेंब्रम, बुद्धेश्वर बास्के सहित मुसाबनी नागरिक सुरक्षा समिति अध्यक्ष कई ग्रामीण उपस्थित थे। वही डांगरडीह फुटबॉल मैदान में दलमा आंचलिक सुरक्षा समिति की टीम ने अध्यक्ष असित सिंह पातर की अध्यक्षता में शहादत दिवस सह संकल्प सभा आयोजित कर शहीद सागर महतो और मलिंद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान अतिथि बोड़ाम थाना प्रभारी मनोरंजन कुमार, समाजसेवी मानिक महतो, फटीक मंडल, हंसराज सिंह, सुखदेव सिंह, बासुदेव सिंह, दुलाल महतो सहित समिति के सभी सदस्य और ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क निर्माण में बड़ा घोटाला, कार्य स्थल पर सूचना पट के बिना ही कार्य हो रहा संपन्न



**पाकुड़/हिरणपुर :** जिले के हिरणपुर प्रखण्ड में जिले के विकास को लेकर किए जा रहे दावे किसी से छिपे नहीं हैं, अधिकतर विकास सिर्फ कागजों तक ही सीमित नजर आता है। धरातल पर विकास के नाम पर सिर्फ दिखावटी काम और लीपापोती होती दिखाई देती है। "विकासशील पाकुड़" की बातें भले ही मंचों पर की जाती हों, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका असर कम से कम हिरणपुर में तो कहीं नजर नहीं आता। जिले की सबसे बड़ी समस्याओं में सड़क, शौचालय, नाला, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव आज भी बना हुआ है। सरकारी योजनाएं, लाभ और विधि-व्यवस्था सुनने में तो बेहतर लगती हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई इससे बिल्कुल अलग है। अधिकांश योजनाएं सिर्फ फाइलों और कागजों तक ही सिमटकर रह जाती हैं, जबकि अधिकारी इस पर कुछ भी कहने से बचते नजर आते हैं। ताजा मामला जिले के हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत बेलडीहा गांव का है, जहां इन दिनों सड़क ढलाई का कार्य चल रहा है। हैरानी की बात यह है कि अब तक कार्य स्थल पर सूचना पट नहीं लगाया गया है, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि यह कार्य किस मद से कराया जा रहा है और इसकी स्वीकृत राशि कितनी है। ढलाई में इस्तेमाल किया जा रहा बालू भी बेहद घटिया गुणवत्ता का बताया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की ढलाई महज दो से तीन इंच की जा रही है, जबकि ठेकेदार दावा कर रहे हैं कि आठ इंच मोटाई की ढलाई हो रही है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि दबाव बनाए जाने पर कुछ स्थानों पर अस्थायी रूप से सही काम किया जाता है, लेकिन बाद में फिर से मानक से कम मोटाई में ढलाई कर दी जाती है। इस पूरे मामले ने सरकारी योजनाओं की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### तीनपहाड़ मुख्य बाजार में ट्रैक्टर टोली का गुल्ला टूटने से घंटों आवागमन रही बाधित



**साहिबगंज:** जिला अंतर्गत तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड मोड़ के समीप मुख्य बाजार में गुरुवार को एक ट्रैक्टर के ट्रॉली का गुल्ला टूट जाने से घंटों बाजार में जाम लग गया। मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रैक्टर में मकान का टूटा हुआ सीमेंट ईट का कचड़ा लोड कर बभनगामा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बस स्टैंड मोड़ के समीप ट्रैक्टर के ट्रॉली का गुल्ला टूट गया जिससे सड़क जाम हो गया। वहीं इसके बाद गाड़ी मालिक द्वारा मिस्त्री बुलाया गया और उसको मरम्मत किया जिसके बाद ट्रैक्टर को वहां से हटाया गया। इस दौरान लगभग एक घंटे सड़क जाम रहा जिस कारण लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### आजसू पार्टी ने अटल बिहारी वाजपेई व शहीद निर्मल महतो की जयंती संयुक्त रूप से मनाई

**साहिबगंज:** आजसू पार्टी जिला कमेटी के द्वारा राय रोड स्थित जिला कार्यालय में भारत माता के लाल भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती एवं आजसू पार्टी के संस्थापक शहीद निर्मल महतो की जयंती कार्यक्रम को संयुक्त रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी के कार्यकताओं ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के सरल व्यक्तित्व एवं समाज के सभी वर्गों के साथ अच्छे संबंधों पर अपनी राय रखी साथ ही साथ पार्टी के संस्थापक सदस्य शहीद निर्मल महतो द्वारा झारखंड के युवाओं को एक मंच पर लाकर इस राज्य का विकास किस तरह से हो यह सोच को जन्म देने का काम किया था। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के जिला अध्यक्ष चतुरानंद पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष गोविंद पासवान, जिला संगठन सचिव बिभास साह, साहिबगंज प्रखंड अध्यक्ष शशिकांत दुबे, मंडलों के प्रखंड अध्यक्ष राजेश राय, वकील मंडल, नारायण सिंह, कृष्ण कुमार पांडे, मनोहर लाल, विजय यादव, राहुल सिंह, सुशील मरांडी, चरण मुर्मू, श्याम कुमार, मो इमरान, दिवेश पटेल, संजू कुमार, मो अंसारुल अंसारी, मो रबीउल अंसारी, सनी कुमार गॉड, बसंत दास, रंजीत कुमार राय, पप्पू यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### प्रज्ञा केन्द्र संचालक ने संगठन को मजबूत करने को लेकर किया एक बैठक आयोजित



**साहिबगंज:** जिला के राजमहल प्रखण्ड के खुटहरी पंचायत सभागार में प्रज्ञा केन्द्र संचालक ने बैठक किया। इधर बैठक कि अध्यक्षता उमेश कुमार मंडल ने किया। बैठक में सभी उपस्थित प्रज्ञा केन्द्र ने कहा कि आज सभी सेवाए को पंचायत भवन में डिजिटल पंचायत बनाने के साथ साथ सरकारी सेवाए दे रहे, सभी सेवाए देने के बाद भी सभी पंचायत ऑपरेटरों का मानदेय काफी कम है। इसी को लेकर आज हमलोग सभी पंचायत शिफ्टेड वीएलई एक जुट होकर, अपनी बातों को रखा एवं अपने समस्या को लेकर विचार विमर्श करते हुए। कहा कि पंचायत भवन में सुबह से लेकर शाम तक बैठकर सभी ग्रामीणों को सभी सरकारी सेवाए देने के बावजूद भी हमलोगों का मानदेय बहुत ही निराशा जनक है। इसलिए हम वीएलई भाइयों का घर परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। इसको देखते हुए राजमहल प्रखण्ड के सभी वीएलई एक जगह होकर अपनी समस्याएं को बताते हुए, एक निर्णय लिया कि हमलोगों के बीच अध्यक्ष रिजवानुल हक, सचिव भरत मंडल, कोषाध्यक्ष काफील अंसारी का चयन सभी वीएलई के बीच मे सभी के सहमति से किया गया। साथ ही वीएलई के अध्यक्ष ने आगामी 15 जनवरी 2026 को तीनपहाड़ से वनांचल एक्सप्रेस से राँची सीएससी कार्यालय मे जाकर सभी वीएलई अपनी मांगों को मुखरता से रखेंगे। मौके पर एहसान हबीब, सद्दाम हुसैन, शाहरुख शेख, सहदेव बासु, अभिषेक, अजय कुमार मंडल, जहँगीर आलम, रफीक शेख, नजरुल इस्लाम, विक्रम यादव व अन्य वीएलई उपस्थित थे।

# उपायुक्त का प्रयास लाया रंग, पढ़ाई के साथ खेल मॉडल को प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** जिला प्रशासन की अभिनव शैक्षणिक पहल "परख-पढ़ाई और खेल" को राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड 2025 के लिए चयनित किया गया है। यह सम्मान सुशासन और समावेशी विकास के क्षेत्र में देश के सबसे विश्वसनीय नागरिक पुरस्कारों में से एक माना जाता है। स्कॉच ग्रुप द्वारा आयोजित बेहद कड़ी और स्वतंत्र मूल्यांकन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को सफलतापूर्वक पार करने के बाद पाकुड़ को यह गौरव प्राप्त हुआ है। इस पुरस्कार की औपचारिक घोषणा के बाद आगामी 10 जनवरी 2026 को नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित 105 वें स्कॉच शिखर सम्मेलन के दौरान जिले को सम्मानित किया जाएगा।

**नवाचारों का संगम: पाकुड़ मॉडल की सफलता**

उपायुक्त के नेतृत्व में जिला प्रशासन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों की एक पूरी श्रृंखला चला रहा है, जिसने जिले की शैक्षणिक तस्वीर बदल दी है।फिर से स्कूल चले हमः ड्रॉपआउट दर को कम करने और हर बच्चे को स्कूल से जोड़ने का महा-अभियान बोलेगा पाकुड़ एवं बात तो करनी होगी बच्चों में झिझक मिटाने, आत्मविश्वास जगाने और उनके संचार कौशल को निखारने की अनूठी पहल परख टेस्ट नियमित मूल्यांकन के माध्यम से बच्चों के सीखने के स्तर की जांच करना। तिथि भोजन सह जन्मोत्सव मध्याह्न भोजन को उत्सव का रूप देना, जहाँ समुदाय के सहयोग से बच्चों का जन्मदिन मनाया जाता है, जिससे स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति और अपनापन बढ़ा है। एक पन्ना रोज का एवं आज क्या सीखें लेखन अभ्यास और प्रतिदिन की नई सीख को आत्मसात करने की सरल लेकिन प्रभावी पद्धति।

**उपायुक्त ने दी पूरी टीम को बधाई**

इस बड़ी उपलब्धि पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, पाकुड़ ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एडीपीओ सहित जिले के सभी शिक्षकों और शिक्षा विभाग की पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी है। यह सम्मान पाकुड़ की टीम भावना, समर्पण और जमीनी स्तर पर किए गए नवाचारों का प्रतिफल है। 'परख' के माध्यम से हमने पढ़ाई और खेल को जोड़कर बच्चों के सर्वांगीण विकास का जो लक्ष्य रखा था, उसे आज राष्ट्रीय पहचान मिली है। यह उपलब्धि हमें भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी।

### गुड गवर्नेंस वीक के अवसर पर पाकुड़ सदर अंचल में मंईया कक्ष, ऊर्जा कक्ष व हेल्प डेस्क का हुआ शुभारंभ



**पाकुड़ :** ज़िले में गुड गवर्नेंस वीक के अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मनीष कुमार ने गुरुवार को सदर अंचल, पाकुड़ में नवनिर्मित मंईया कक्ष, ऊर्जा कक्ष एवं हेल्प डेस्क का शुभारंभ फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर अंचल कार्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जहां एक ओर जिले में क्रिसमस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर गुड गवर्नेंस वीक के अंतर्गत आज गुड गवर्नेंस डे मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सदर अंचल कार्यालय द्वारा आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किए गए कार्य अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय हैं। उपायुक्त ने कहा कि महिलाओं की सुविधा हेतु मंईया कक्ष, आगंतुकों के लिए ऊर्जा कक्ष तथा आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए हेल्प डेस्क की स्थापना से अंचल कार्यालय और अधिक पीपुल-फ्रेंडली बना है। कार्यालय की सुंदर एवं सुव्यवस्थित सज्जा से न केवल इसकी गरिमा बढ़ी है, बल्कि आम नागरिकों को एक सकारात्मक प्रशासनिक अनुभव भी प्राप्त हो रहा है।

# सोने की कीमतों में 2025 में रिकॉर्ड तेजी, 2026 में बढ़ने की संभावना

**- 1979 के बाद सोने की कीमतों में सबसे बड़ी सालाना बढ़ोतरी**

**नई दिल्ली ।**

साल 2025 में सोने की कीमतों में 70 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है, जो 1979 के बाद सबसे बड़ी सालाना बढ़ोतरी है। बुधवार को सोना पहली बार 4,500 डॉलर प्रति औंस के पार गया। निवेशक आर्थिक अनिश्चितता, महंगाई और ब्याज दरों में कमी के कारण सोने जैसी सुरक्षित संपत्तियों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। सोने में इस साल तेजी सिर्फ अटकलों की वजह से नहीं है। अमेरिकी डॉलर की गिरावट ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत बढ़ा दी है। इसके अलावा केंद्रीय बैंक अपनी डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए तेजी से सोना खरीद रहे हैं। खनन में निवेश की कमी, सप्लाई में रुकावटें और टैरिफ ने बाजार को सख्त कर दिया है, जबकि मांग लगातार बढ़ रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि सोने की कीमतें मुख्य रूप से अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों पर निर्भर करती हैं। जब फेड ब्याज दर घटाता है, तो सोने में तेजी देखने को मिलती है। फेड अगले साल दो बार ब्याज दरें कम कर सकता है, जिससे सोने की कीमत में और बढ़ोतरी संभव है। बाजार के विश्लेषकों ने कहा कि वर्तमान में कोई भी ऐसा कारण नहीं है जो सोने की कीमत को नीचे खींच सके। केवल केंद्रीय बैंक की सोने की खरीदारी में कमी ही कीमत में गिरावट ला सकती है। अगर यह नहीं होता, तो निवेशकों की स्थिति देखकर लगता है कि सोने में तेजी जारी रहेगी। विशेषज्ञ अनुमान लगा रहे हैं कि साल के अंत तक सोना 5,000 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। निवेशक और बाजार जानकार इसे सुरक्षित निवेश के रूप में देख रहे हैं, खासकर उस समय जब वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता और महंगाई बनी हुई है।

# एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने होम लोन की ब्याज दरें घटाई

**- नई ब्याज दरें सिबिल स्कोर पर आधारित**

**नई दिल्ली ।**




एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने अपने होम लोन की ब्याज दरें घटाकर 7.15 फीसदी से शुरू कर दी हैं। ये दरें अब ग्राहकों के सिबिल स्कोर और लोन राशि पर निर्भर करेंगी। उच्च सिबिल स्कोर वाले ग्राहकों को कम ब्याज दर का फायदा मिलेगा। जिन ग्राहकों का सिबिल स्कोर 825 या उससे अधिक है, वे 5 करोड़ रुपये तक के लोन पर 7.15 फीसदी और 5 करोड़ से 15 करोड़ रुपये तक के लोन पर 7.45त्र ब्याज दर का लाभ उठा सकते हैं। सिबिल स्कोर 800-824 वाले ग्राहकों को 7.25 से 7.55 तक, 775-799 वाले ग्राहकों को 7.35 से 7.65 फीसदी तक ब्याज देना होगा। सिबिल स्कोर 600-774 वाले ग्राहकों के लिए दरें 7.35 से 9.50 फीसदी तक होंगी। 600 से कम स्कोर वाले ग्राहकों के लिए ब्याज दर 9.55 से 10 फीसदी तक रहेगी। नई दरें न केवल नए लोन पर बल्कि पुराने लोन को एलआईसी में ट्रांसफर करने पर भी लागू होंगी। इससे घर खरीदना और भी आसान हो जाएगा।

# मुंबई के महालक्ष्मी इलाके में 2.5 एकड़ जमीन 2,250 करोड़ में बिकी




**- प्राइम प्लॉट का आरक्षित मूल्य 993 करोड़ रुपए था**

**मुंबई ।**

दक्षिण मुंबई के महालक्ष्मी इलाके में रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) ने 2.5 एकड़ का प्राइम प्लॉट 99 साल की लीज पर नीलामी के लिए रखा। आरक्षित मूल्य 993 करोड़ रुपये था। हालांकि, डेवलपर्स की प्रतिस्पर्धा ने इसे 2,250 करोड़ रुपये तक बढ़ा दिया। यह अब तक मुंबई में लंबी अवधि के पट्टे पर किसी जमीन की नीलामी के लिए सबसे बड़ी बोली है। नीलामी में चार बड़े डेवलपर्स शामिल थे। दिनेशचंद्र आर अग्रवाल इन्फ्राकॉन ने सबसे बड़ी बोली लगाई। इसके बाद सोभा रियलिटी ने 1,232 करोड़ रुपये और लोढ़ा ग्रुप ने 1,161 करोड़ रुपये की बोली पेश की। इसके अलावा, आरएमजेड ग्रुप की एक इकाई भी इस नीलामी में हिस्सा ले रही थी। नीलामी के दस्तावेजों के अनुसार शुरुआती भुगतान लगभग 100 करोड़ रुपये होना तय है। कुल भुगतान 8 साल में राजस्व हिस्सेदारी के आधार पर किया जाएगा, जिसमें पहले 6 साल में 80 फीसदी राशि जमा करनी होगी। विशेषज्ञों का कहना है कि महालक्ष्मी जैसे प्राइम इलाके में जमीन की इतनी उच्च बोली यह दर्शाती है कि निवेशक लंबी अवधि में मजबूत रिटर्न की उम्मीद में प्रीमियम कीमत देने को तैयार हैं। यह नीलामी मुंबई में प्राइम ज़मीन की बढ़ती मांग और केंद्रीय रूप से स्थित, तैयार-से-विकसित ज़मीन की आकर्षकता को भी रेखांकित करती है। विशेषज्ञों के अनुसार यह सौदा संकेत देता है कि मुंबई के प्राइम लोकेशन में निवेशकों का भरोसा मजबूत है। लंबे समय तक रिटर्न की संभावना और सिटी सेंटर लोकेशन के कारण प्राइम जमीन में निवेश तेजी से बढ़ रहा है।

# साल 2025 बिटकॉइन के लिए मिला-जुला रहा



**- व्हेल्स की भारी बिकवाली से दबाव बढ़ा**

**नई दिल्ली ।**

साल 2025 बिटकॉइन (बीटीसी) के लिए मिला-जुला रहा। इस साल बिटकॉइन ने कई नई ऊंचाइयां छुईं लेकिन कीमतें अस्थिर रहीं। एक ऑन-चेन विश्लेषक के अनुसार पिछले 12 महीनों में बड़े निवेशकों यानी व्हेल्स ने 1,61,294 बिटकॉइन बेचे, जिसकी कीमत लगभग 15 अरब डॉलर है। उनका कहना है कि इस तरह की बिकवाली आमतौर पर बाजार में गिरावट के पहले या दौरान होती है, न कि पहले से गिर चुकी कीमतों पर। व्हेल्स की भारी बिकवाली के कारण बिटकॉइन की कीमत में कई बार अचानक गिरावट देखी गई। फिलहाल यह 87,000 डॉलर के नीचे कारोबार कर रहा है। निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ है क्योंकि बाजार में बिकवाली का दबाव बना हुआ है। सभी बड़े निवेशक बिकवाली नहीं कर रहे हैं। मध्यम आकार के निवेशक, जिन्हें शार्क कहा जाता है, पूरे साल शुद्ध खरीदार रहे। शार्क्स की खरीदारी ने व्हेल्स के दबाव को कुछ हद तक कम किया और संकेत दिया कि बाजार का प्रभाव धीरे-धीरे छोटे और मध्यम निवेशकों की ओर बढ़ रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि अगर व्हेल्स की बिकवाली का सिलसिला साल 2026 में भी जारी रहा, तो बिटकॉइन के लिए टिकाऊ रिकवरी मुश्किल हो सकती है। इसका मतलब है कि अगले साल भी कीमतों में गिरावट का खतरा बना रह सकता है और तेजी के रुझान कमजोर हो सकते हैं।

# क्रिसमस पर चांदी के दामों में रिकॉर्ड तेजी

**- दिल्ली में चांदी 2,34,000 रुपए प्रति किलो**

**नई दिल्ली ।**



क्रिसमस के अवसर पर देशभर में चांदी के दामों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, कोलकाता, चंडीगढ़, लखनऊ, बेंगलुरु, जयपुर, पटना और भुवनेश्वर में चांदी की कीमत 2,34,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुँच गई। वहीं, चेन्नई और हैदराबाद में यह और भी ऊंची होकर 2,45,000 पर रही। प्रति ग्राम चांदी का भाव गुरुवार को 234 रहा, जो कल की तुलना में 1 रुपये अधिक है। 21 दिसंबर को चांदी का भाव 2,14,000 रुपए प्रति किलोग्राम था। इसके बाद पिछले चार दिनों में कीमतों में कुल 20,000 रुपए की तेजी आई। 22 दिसंबर को यह 2,19,000 रुपए थी, और गुरुवार को तक 2,34,000 रुपए पर पहुच गई। पिछले तीन दिनों में ही चांदी के दामों में 15,000 रुपए की वृद्धि दर्ज की गई। विश्लेषकों के अनुसार चांदी की बढ़ी हुई कीमत का मुख्य कारण मांग और आपूर्ति में असंतुलन है। लोग अब चांदी को सिर्फ आभूषण के लिए नहीं खरीद रहे, बल्कि इसे सुरक्षित निवेश के रूप में भी ले रहे हैं। इसके अलावा, सिल्वर ईटीएफ में निवेश लगातार बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका में ब्याज दरों में कमी की उम्मीद और चीन में 2026 के बाद चांदी के निर्यात पर रोक की संभावना ने कीमतों को और मजबूती दी है।

# भारत में सोना 3 लाख प्रति 10 ग्राम के पार जाने की संभावना



**नई दिल्ली ।** एक अमेरिकी अर्थशास्त्री का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में सोने की कीमतों में जबरदस्त उछाल आ सकता है। वर्तमान में 4,510 डॉलर प्रति औंस के मुकाबले 2029 तक सोना 10,000 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है और भारत में एमसीएक्स पर सोने का भाव 3 लाख प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। अर्थशास्त्री के अनुसार सोना केवल संकट से सुरक्षा नहीं देता बल्कि लंबी अवधि में निवेश का भी महत्वपूर्ण विकल्प है। इतिहास में बड़ी रैलियों ने निवेशकों की उम्मीद से अधिक लाभ दिया है। अमेरिकी शेयर बाजार के लिए वे सकारात्मक हैं, और 2026 तक एसएंडपी 500 इंडेक्स 7,700 तक पहुंच सकता है। भारत में 2025 कंसोलिडेशन का साल रहेगा, जबकि 2026 में नए अवसर बन सकते हैं।




# भारत ने 2025 में कर ढांचे में बड़े सुधार लागू किए

**- नया आयकर अधिनियम एक अप्रैल से होगा लागू**

**नई दिल्ली।** भारत ने 2025 में अपने कर ढांचे में बड़े सुधार लागू किए। 22 सितंबर से लगभग 375 वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी दरें घटाई गईं। चार-स्तरीय जीएसटी प्रणाली (5, 12, 18, 28 फीसदी) को दो मुख्य दरों 5 और 18 फीसदी में समेटा गया। इसका उद्देश्य कर व्यवस्था को सरल, तार्किक और पूर्वानुमानित बनाना था। अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा, जबकि नवंबर में यह 1.70 लाख करोड़ रुपये रहा, दर कटौती के प्रभाव के कारण वृद्धि धीमी हुई। सरकार ने मध्यम आय वर्ग के लिए आयकर छूट बढ़ाई, जिससे उपभोक्ताओं के हाथ में अधिक खर्च योग्य आय उपलब्ध हुई। 1 अप्रैल से नया सरलीकृत आयकर अधिनियम, 2025 लागू होगा, जो 1961 के पुराने कानून की जगह लेगा। इस कदम से न केवल उपभोग को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्वैच्छिक अनुपालन भी मजबूत होगा। दो नए कानून लागू किए जाएंगे- सिगरेट पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसाला पर जीएसटी दरों के अतिरिक्त शुल्क। इन कदमों का उद्देश्य स्वास्थ्य और राजस्व दोनों को ध्यान में रखना है। सरकार सीमा शुल्क में सरलकरण और प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण पर काम कर रही है। दस्तावेजीकरण में एकरूपता, जोखिम-आधारित त्वरित मंजूरी और पुराने विवादों का निपटान व्यापार सुगमता और निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से किया जाएगा।

# श्रम सुधारों को 2025 में बढ़ावा मिला, ईपीएफओ 3.0 लांच की तैयारी

**- श्रम संहिताएं 2026 में पूर्ण रूप से हो जाएंगी लागू**

**नई दिल्ली ।**

सरकार ने पांच साल की लंबी प्रतीक्षा के बाद चार श्रम संहिताओं को लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो 2026 में पूर्ण रूप से लागू हो जाएंगी। इनसे 29 पुराने श्रम कानूनों को सरल और समेकित रूप में बदलकर न्यूनतम वेतन और सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने इसे भारतीय श्रम बाजार के लिए ऐतिहासिक सुधार बताया। 2026 में ईपीएफओ 3.0 लाया जाएगा, जो कर्मचारियों की भविष्य निधि, पेंशन और बीमा दावों को तेज और सुविधाजनक बनाएगा। निकासी प्रक्रियाओं के सरलीकरण से करोड़ों कर्मचारियों को उनकी बचत तक आसान पहुंच मिलेगी। ई-श्रम पोर्टल और राष्ट्रीय कैरियर सेवा प्लेटफॉर्म ने सामाजिक सुरक्षा और रोजगार सेवाओं को व्यापक और समावेशी बनाया है। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करेगी। पिछले दशक में सामाजिक सुरक्षा कवरेज 19 से बढ़कर 64 फीसदी से अधिक हो गया है। ये सुधार कार्यस्थल पर स्पष्टता, समानता और पूर्वानुमेयता सुनिश्चित करेंगे, और भारत के आधुनिक, समावेशी श्रम बाजार की दिशा में बड़ा कदम हैं।




# भारत का अमेरिका को ट्रेड वार्ता पर प्रस्ताव..........50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 15 प्रतिशत, कच्चे तेल पर पेनाल्टी हटाएं

**वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल का कहना है कि समझौते पर जल्द सहमति बन सकती**


**नई दिल्ली।**

भारत ने अमेरिका के सामने ट्रेड वार्ता में दो टूक प्रस्ताव दे दिया है। भारत चाहता है कि उस पर लगे कुल 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 15 प्रतिशत करे। इतना ही नहीं रूस से कच्चा तेल खरीदने पर जो अतिरिक्त 25 प्रतिशत पेनाल्टी लगाई है, उस पेनाल्टी को खत्म करे। दोनों देशों के बीच चल रही वार्ता से नए साल में कोई ठोस फैसला निकलने की उम्मीद है। दोनों देशों के बीच एक व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत जारी है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल का कहना है कि समझौते पर जल्द सहमति बन सकती है, हालांकि उन्होंने व्यापार समझौते को लेकर कोई तय समय सीमा नहीं जाहिर की है। इस हफ्ते भारत और अमेरिका की व्यापार टीमों के बीच दिल्ली में बैठक हुई। बातचीत दो मुद्दों पर हो रही है। पहला एक बड़े और स्थायी व्यापार समझौते पर और दूसरा अमेरिका की तरफ से भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को हटाने या कम करने के लिए एक फ्रेमवर्क समझौते पर सहमति। अगर अमेरिका भारत पर लगाया गया 50 टैक्स घटाकर 15 प्रतिशत कर देता है और रूस से तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत की पेनाल्टी हटा देता है। तब भारतीय सामान अमेरिका में सस्ता होगा, जिससे वहां हमारा एक्सपोर्ट बढ़ेगा।

भारतीय कंपनियों को फायदा होगा, ज्यादा ऑर्डर मिलने और रोजगार के मौके बढ़ सकते हैं। भारत में डॉलर ज्यादा आएगा, इससे अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। वहीं भारत रूस से सस्ता तेल बिना डर के खरीद सकेगा, इससे पेट्रोल-डीजल के दाम काबू में रह सकते है। इतना ही नहीं दोनों देशों के रिश्ते और बेहतर होते और आगे बड़ा व्यापार समझौता आसान हो जाएगा।

लेकिन अगर अमेरिका टैरिफ कम नहीं करता और पेनाल्टी भी जारी रखता है। तब भारतीय सामान अमेरिका में महंगे होने वाले है। जिससे हमारी बिक्री घट सकती है। कुछ इंडस्ट्री पर दबाव पड़ेगा, मुनाफा घट सकता है और नौकरियों पर असर पड़ सकता है। रूस से तेल खरीदना महंगा या मुश्किल हो जाएगा, जिससे ईंधन के दाम बढ़ सकते हैं।

दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ सकता है और व्यापार समझौते में देरी हो सकती है।



अमेरिका ने भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इसमें से 25 प्रतिशत को वे 'रेसिप्रोकल (जैसे को तैसा) टैरिफ' कहता है। जबकि 25 प्रतिशत रूसी तेल खरीदने की वजह से लगाया गया है। अमेरिका का कहना है कि इससे रूस को यूक्रेन युद्ध जारी रखने में मदद मिल रही है। भारत का कहना है कि यह पेनाल्टी गलत है और तुरंत हटाया जाना चाहिए।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का रूसी तेल आयात नवंबर में करीब 17.7 लाख बैरल प्रति दिन था, जो दिसंबर में घटकर लगभग 12 लाख बैरल प्रति दिन रह गया है। आने वाले समय में यह 10 लाख बैरल प्रति दिन से भी नीचे जा सकता है। यूक्रेन युद्ध के बाद भारत रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार बन गया था, जिस पर ट्रम्प प्रशासन ने कई बार सवाल उठाए हैं।

# अमेरिकी शेयर बाजार रिकॉर्ड बढ़त के साथ बंद

**वाशिंगटन।** अमेरिकी शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुए। डाओ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 288.75 अंक बढ़कर 48,731.16 पर, एसएंडपी 500 22.26 अंक बढ़कर 6,932.05 पर और नैस्डैक कम्पोजिट 51.46 अंक बढ़कर 23,613.31 पर बंद हुआ। सभी प्रमुख इंडेक्स ने रिकॉर्ड क्लोजिंग हाई दर्ज किया। पिछले हफ्ते की बिकवाली के बाद एआई से जुड़े शेयरों में सुधार देखा गया। महंगे वैल्यूएशन और मुनाफ़े पर संभावित असर की चिंताओं के कारण पहले गिरावट आई थी। अमेरिकी अर्थव्यवस्था मज़बूत बनी हुई है। मार्केट अगले साल फेडरल रिज़र्व द्वारा 50 बेसिस पॉइंट की कटौती की उम्मीद कर रहा है। माइक्रोन टेक्नोलॉजी के शेयर 3.8 फीसदी बढ़कर 286.68 डॉलर के रिकॉर्ड लेवल पर बंद हुए।

# एविएशन सेक्टर में तीन नई एयरलाइंस की जल्द होगी एंट्री.......मोदी सरकार ने शुरु की तैयारी

**शंख एयर, अलहिंद एयर और फ्लाई एक्सप्रेस को एनओसी जारी किया**

**नई दिल्ली।**

मोदी सरकार ने देश के एविएशन सेक्टर में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और बड़ी एयरलाइनों पर निर्भरता कम करने के मकसद से तीन नई एयरलाइंस को नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) जारी किया है। इन एयरलाइंस के नाम शंख एयर, अलहिंद एयर और फ्लाई एक्सप्रेस हैं।

यह फैसला तब लिया गया है, जब हाल ही में इंडिगो के ऑपरेशन से जुड़ी दिक्कतें सामने आई थीं। इसके बाद मोदी सरकार को लगा कि भारतीय एविएशन सेक्टर में ज्यादा कंपनियों और विकल्पों की जरूरत है। क्योंकि हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य भारतीय आसमान में ज्यादा एयरलाइंस को बढ़ावा देना है। केंद्र सरकार का मानना है कि नई एयरलाइंस के आने से यात्रियों को बेहतर सेवा और ज्यादा विकल्प मिलते है।

वहीं हवाई इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि इससे भारतीय एविएशन सेक्टर में नई प्रतिस्पर्धा शुरू होगी। हालांकि, इन नई एयरलाइंस के सामने असली चुनौती अब शुरू होती है। उन्हें पूंजी जुटानी होगी, विमान बेड़े को तैयार करना होगा और मजबूत नेटवर्क खड़ा करना होगा, ताकि वे सही मायनों में उड़ान भर सकें। जानकारों के मुताबिक, अगर ये एयरलाइंस सफल होती हैं, तब इसका सीधा फायदा यात्रियों को मिलेगा।

एनओसी मिलने का मतलब है कि केंद्र सरकार ने इन कंपनियों को एयरलाइन शुरू करने की आगे की प्रक्रिया शुरू करने की अनुमति दे दी है। अब अगला कदम डीजीसीए से एयर ऑपरेटर सर्टिफिकेट (एओसी) लेना होगा। इसके साथ ही इन्हें विमान (फ्लीट), पायलट और स्टाफ, मेंटेनेंस और रूट नेटवर्क से जुड़ी सारी तैयारियां करनी होंगी। यह पूरी प्रक्रिया आमतौर पर कई महीनों तक चलती है। इसी दौरान यह साफ होता है कि कोई एयरलाइन आर्थिक रूप से कितनी मजबूत है और उड़ान संचालन के लिए कितनी तैयार है।

# घाटे में चल रही पा किस्तान की सरकारी एयरलाइन बिक गई

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान की सरकारी एयरलाइन (पीआईए) को वहां के एक कारोबारी ने 134 अरब पाकिस्तानी रुपये (4300 करोड़ रुपये) में खरीद लिया है। एयरलाइन लंबे समय से घाटे में थी। आईएमएफ की शर्तों के तहत घाटे वाली सरकारी कंपनियों की बिक्री जरूरी थी। आने वाले समय में और भी सरकारी कंपनियां बेची जा सकती हैं। चालू वित्त वर्ष के पांच महीनों (जुलाई-नवंबर 2025) में पाकिस्तान का कुल कर्ज 3.032 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले साल इसी अवधि में 2.667 अरब डॉलर था। विदेशी कर्ज 46.2 फीसदी बढ़कर 2.521 अरब डॉलर हुआ, जबकि ग्रांट में 43 फीसदी गिरावट दर्ज की गई। नवंबर में विदेशी सहायता 511 मिलियन डॉलर रही। इस महीने आईएमएफ ने पाकिस्तान को 1.2 अरब डॉलर की नई किशत मंजूर की, जिससे कुल आईएमएफ सहायता लगभग 3.3 अरब डॉलर होगी।




# झारखंड की बंद खदानें बनेंगी हरित निवेश और रोजगार का केंद्र

**रांची ।** झारखंड में बंद और गैर-संचालित कोयला खदानों से 11,000 हेक्टेयर भूमि तुरंत उपलब्ध है। अगले 5-10 वर्षों में लगभग 45,000 हेक्टेयर भूमि का नवीनीकरणीय ऊर्जा, हरित विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स जैसे हरित निवेश के लिए उपयोग किया जा सकता है। 16,977 करोड़ रुपये डीएमएफ में उपलब्ध हैं, जिन्हें कोयला-आधारित जिलों में आजीविका विविधीकरण, कौशल विकास और कल्याणकारी गतिविधियों में निवेश किया जा सकता है। इससे धनबाद, बोकारो और रामगढ़ में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। राज्य में 77 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता है। फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं और हरित इस्पात उत्पादन से झारखंड हरित विकास में अग्रणी बन सकता है। अगले एक दशक में राज्य के प्रमुख हॉटस्पॉट जिलों में आर्थिक विविधीकरण और सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# पलायन नहीं, प्रगति का बिहारः हर बिहारी को यहीं रोजगार दिलाने का संकल्पःसम्राट चौधरी

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि उनका संकल्प है कि राज्य के हर बिहारी को बिहार में ही रोजगार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि बिहार के युवा यहीं शिक्षा प्राप्त करें और यहीं काम करें, ताकि उन्हें रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन न करना पड़े। बिहार को अवसरों की भूमि बनाने के लिए सरकार हर मोर्चे पर योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है।पटना के नेउरा स्थित एबीसी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आयोजित वार्षिक समारोह ह्यगूंजह्ण को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अगले पांच वर्षों में एक करोड़ नौकरी और रोजगार सृजन का लक्ष्य तय किया है। इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार ने अलग से विभाग का गठन किया है, जो रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसरों के सृजन पर केंद्रित होकर काम करेगा।अपने संबोधन में सम्राट चौधरी ने बिहार की गौरवशाली ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वही पावन भूमि है जहां भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ, भगवान महावीर ने अहिंसा का संदेश दिया और गुरु गोविंद सिंह जी का अवतरण हुआ। उन्होंने कहा कि बिहार सृजन, संघर्ष और ज्ञान की धरती रही है और आज भी यहां अपार संभावनाएं मौजूद हैं। जरूरत है इन संभावनाओं को सही दिशा देने की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में रोजगार सृजन तभी संभव है जब राज्य में सुशासन और मजबूत कानून-व्यवस्था हो। उन्होंने बताया कि सरकार अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान चला रही है। दानापुर से शुरू



हुए विशेष सफाई अभियान के तहत अपराधियों पर निर्णायक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने दो टूक कहा कि कानून तोड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहारी मेहनती होते हैं और सुशासन में विश्वास रखते हैं। कुछ लोग अपने गलत कार्यों से बिहार की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करते हैं, लेकिन असली पहचान सृजन करने वाले बिहारियों की है। देश के हर कोने में बिहारियों ने अपने परिश्रम और प्रतिभा से पहचान बनाई है। अब सरकार चाहती है कि वही प्रतिभा बिहार के विकास में लगे और राज्य को आगे बढ़ाए। शिक्षा और कौशल विकास को बदलाव की मजबूत नींव बताते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि एक समय बिहार में मात्र छह मेडिकल कॉलेज थे और इंजीनियरिंग कॉलेजों की संख्या भी बेहद कम थी। आज हालात तेजी से बदल रहे हैं। लगभग हर जिले में मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इंजीनियरिंग की पढ़ाई मात्र दस रुपये शुल्क पर कराई जा रही है, ताकि आर्थिक कमजोरी किसी छात्र की राह में बाधा न बने। पॉलिटेक्निक कॉलेजों की संख्या भी 13 से बढ़कर 53 हो चुकी है। युवाओं को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें शिक्षा के साथ-साथ कौशल पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। आज का दौर प्रतिस्पर्धा का है और जो युवा अपने क्षेत्र में दक्षता हासिल करेंगे, वही बिहार के असली ब्रांड एंबेसडर बनेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए हरसंभव सहयोग कर रही है। सम्राट चौधरी ने बताया कि साइकिल योजना, पोशाक योजना, छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आर्थिक सहायता जैसी योजनाओं का उद्देश्य यही है कि कोई भी छात्र आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित न रहे। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए रोजगार, स्वरोजगार और वित्तीय सहायता की विशेष व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही नई औद्योगिक नीति के जरिए बिहार को उद्योग और निवेश का नया केंद्र बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार आज तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। कभी राज्य का कुल बजट महज छह हजार करोड़ रुपये हुआ करता था, जो अब बढ़कर तीन लाख सत्रह हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह बदला हुआ बिहार है, जो युवाओं की मेहनत, जनता के विश्वास और सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले वर्षों में बिहार रोजगार और विकास के नए मानक स्थापित करेगा।

## संक्षिप्त डायरी

### हाजीपुर में बदमाशों ने दो युवकों को चाकू मारकर किया घायल, एक की मौत



**हाजीपुर।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत मलमला चंवर में बीते देर रात्रि गाड़ी पासिंग को लेकर हुए विवाद में फॉर्च्यूनर सवार बदमाशों ने कार सवार दो युवकों को चाकू मारकर घायल कर दिया। जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। स्वजन का रोते-रोते बुरा हाल है। मृतक पातेपुर थाना क्षेत्र के बरडिहा गांव निवासी स्वर्गीय रामकिशन राय के 25 वर्षीय पुत्र चंद्रशेखर कुमार बताया गया। घायल की पहचान बैजनाथ राय के 22 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार मनीष कुमार अपने तीन दोस्तों के साथ हाजीपुर स्थित आकाश कुमार दोस्त के यहां भोज खाने के लिए बीते रात्रि आया था। भोज खाकर अपने दोस्तों के साथ चार पहिया वाहन से अपने घर पातेपुर लौट रहा था। इसी दौरान सदर थाना क्षेत्र के मलमला चंवर के निकट गाड़ी साइड करने को लेकर विवाद हुआ। चाकू गोदकर किया घायल जसमें फॉर्च्यूनर पर सवार एक युवक चाकू लेकर उतरा और बारी-बारी से दो युवक को चाकू गोद कर घायल कर दिया। और गाड़ी को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना पर राहगीर जुट गए। घटना की जानकारी डायल 112 की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद चंद्रशेखर कुमार को पीएमसीएच रेफर कर दिया। इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के संबंध में घायल मनीष कुमार ने बताया कि हाजीपुर अपने दोस्त आकाश के यहां भोज खाने के लिए आए हुए थे।

### आरा से लापता महिला औरंगाबाद में मिली



**औरंगाबाद।** में पुलिस ने 16 दिन से लापता विक्षिप्त महिला को परिजनों को सौंप दिया है। महिला चार दिन पहले भटकते हुए अंबा क्षेत्र में पहुंची थी। जहां गश्ती दल की नजर उस पर पड़ी। मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह अपना नाम और पता बताने में असमर्थ थी। जिसके बाद टीम ने उसे सुरक्षित रखा। पहचान के लिए तस्वीर आसपास के सभी थानों को भेजी गई। सोशल मीडिया के माध्यम से भी सूचना साझा की गई। लगातार प्रयासों के बाद महिला की पहचान भोजपुर जिले के सीकरहटा गांव निवासी सन्नी देओल की पत्नी रीता(25) के तौर पर हुई। जिसके बाद परिजनों को जानकारी दी गई।आरा के करनौल चांदी गांव के निवासी भाई अर्जुन कुमार ने बताया कि बहन रीता अपने ससुराल वालों के साथ खेत में धान काटने गई थी। सोलह दिन पहले अचानक लापता हो गई थी। परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। बुधवार को चरपोखरी थाना के चौकीदार अर्जुन कुमार के घर पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मेरी बहन अंबा थाना में सुरक्षित है। यह खबर मिलते ही बहनोई और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ थाने पर पहुंचा। रीता को सुरक्षित देखा। इसके लिए अंबा पुलिस का आभार व्यक्त किया है।इस संबंध में थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि महिला को उसके परिजनों तक पहुंचाने में एसआई राजा कुमार की अहम भूमिका रही। पुलिस टीम ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए महिला की देखभाल की और पूरी जिम्मेदारी के साथ पहचान सुनिश्चित कर परिजनों को सौंपा। इस सराहनीय कार्य की क्षेत्र में व्यापक प्रशंसा हो रही है।

### सिपाही भर्ती के लिए दौड़ रहे 2 कैंडिडेट्स की मौत



**रोहतास।** में गुरुवार सुबह पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे 2 छात्रों को हाईवा ने कुचल दिया। परिवार वाले दोनों को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। घटना बंजारी सीमेंट फैक्ट्री के पास की है। दोनों छात्र अपने साथियों के साथ पुलिस भर्ती के लिए दौड़ पर निकले थे। साथियों ने बताया कि दोनों ने रिटेन निकाल लिया था। अब सिर्फ फिजिकल निकालना बाकी थी। समहुता गांव के पास बेकाबू हाईवा ने दोनों को कुचल दिया। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर भाग निकला। मृतकों की पहचान काराकाट थाना क्षेत्र के मुंजी डिहरा गांव का रहने वाले रंजन और आशीष कुमार के तौर पर हुई है। अब सिलसिलेवार तरीके से जानिए पूरा घटनाक्रम रंजन 5 फीट दूर गिरा, आशीष 7 फीट दूर रंजन और आशीष के साथ दौड़ रहे उनके दोस्त ने बताया कि,सुबह के करीब 6 बजे थे। हम सिपाही भर्ती के लिए दौड़ रहे थे। सब कुछ ठीक था। जैसे ही हम बंजारी सीमेंट फैक्ट्री के पास पहुंचे एक बेकाबू हाईवा आई।रंजन और आशीष सड़क की ओर थे। हाईवा ने दोनों को उड़ा दिया। टक्कर के बाद रंजन 5 फीट दूर जा गिरा। आशीष करीब 7 फीट दूर था। दोनों के सिर से खून बह रहा था। दोनों को टक्कर मार के ड्राइवर वहां से गाड़ी लेकर भाग निकला। दोनों दर्द से चिल्ला रहे थे। आसपास मौजूद लोगों की मदद से हम उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। रास्ते में परिवार को सूचना दी।मृतक रंजन कुमार के पिता हुलास सिंह ने बताया कि, मेरा बेटा रंजन सुबह करीब 6 बजे अपने दोस्त आशीष के साथ दौड़ने के लिए घर से निकला था। बंजारी सीमेंट फैक्ट्री के पास दोनों एक बेकाबू हाईवा की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने एक छात्र को मृत घोषित कर दिया। वो सिपाही भर्ती के लिए मन से मेहनत कर रहा था। मुझसे कहता था देखना पापा जल्द ही वर्दी पहनकर घर आऊंगा।पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने शवों को परिजनों को सौंप दिया है। अज्ञात हाईवा और उसके ड्राइवर की तलाश जारी है। आशीष और रंजन दोनों मैट्रिक के स्टूडेंट थे। वो सिपाही भर्ती की भी तैयारी कर रहे थे। रोज सुबह दोनों दौड़ लगाने के लिए जाते थे।

## जनसाधारण एक्सप्रेस से पूर्व राज्यमंत्री का पर्स चोरी



**मुजफ्फरपुर।** ट्रेनों से पुलिस-पब्लिक के साथ अब पूर्व सांसदों का भी सामान चोरी होने लगा है। ट्रेन में सफर के दौरान बुधवार को सुबह केरल की पूर्व राज्यमंत्री व पूर्व लोकसभा सांसद पीके श्रीमथी का पर्स चोरी हो गया। वह कोलकाता से मुजफ्फरपुर आने वाली 13157 जनसाधारण एक्सप्रेस के एसी-2 कोच में थीं। कोलकाता से दलसिंगसराय किसी कार्यक्रम में भाग लेने आ रही थीं। उनके पर्स में आईफोन के अलावा कुछ आभूषण व कागजात थे, जिसमें एटीएम, पैन, आइकार्ड आदि थे। समस्तीपुर जीआरपी में प्राथमिकी कराई है। जीआरपी को शक है कि झाझा-किउल के बीच में बदमाशों ने पर्स चोरी किया है। इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी रेल पुलिस के साथ कई उच्च पदस्थ पुलिस के आला अफसर व राजनीतिक लोगों को भी दी है। इस पर उनके पर्स की खोज में कई राज्यों की पुलिस जुट गई है। बिहार, झारखंड के अलावा बंगाल की एसआईटी को भी लगाया गया है। चोरी होने के बाद कई घंटे तक आईफोन खुला रहने से बदमाशों का लोकेशन भी पुलिस को मिला है। इस पर पुलिस काम कर रही है।मोबाइल लोकेशन पहले झाझा स्टेशन के चकाई गांव की तरफ पता चला, उसके बाद दोपहर में देवघर की तरफ आया। मुजफ्फरपुर रेल एसएसपी, केरल की रेल एसपी के साथ जमालपुर रेल एसपी, पटना रेल एसपी ने भी अपने खुफिया को लगाया है। रेल एसपी वीणा कुमारी ने चोरी गए पर्स की शीघ्र बरामदगी करने का दावा किया है।

## मुशहरी में कई राउंड फायरिंग से दहशत, बाइक सवार बदमाशों ने चलाई ताबड़तोड़ गोलियां



**मुजफ्फरपुर।** जिले के मुशहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत रोहुआ पेट्रोल पंप के समीप बाइक सवार बदमाशों ने कई राउंड फायरिंग कर दहशत फैला दिया। बदमाशों द्वारा एक घर को निशाना बनाते हुए फायरिंग की गई। घटना के बाद इलाके के लोग दहशत में आ गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। घटना में शामिल बदमाश का तस्वीर सीसीटीवी में भी कैद हो गया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। इस खबर को लगातार अपडेट किया जा रहा है। हम अपने सभी पाठकों को पल-पल की खबरों से अपडेट करते हैं। हम लेटेस्ट और ब्रेकिंग न्यूज को तुरंत ही आप तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## समय पर जुमार्ना नहीं चुकाया तो वाहन होंगे जब्त, खान विभाग ने जारी किए निर्देश

**पटना।** बालू समेत अन्य लघु खनिजों के अवैध परिवहन पर सरकार ने शिकंजा और कस दिया है। अब ऐसे मामलों में पकड़े गए वाहनों पर लगाए गए जुमार्ने की राशि यदि तय अवधि के भीतर जमा नहीं की गई, तो संबंधित वाहन को अंतिम रूप से जब्त कर राज्यसात कर लिया जाएगा। खान एवं भू-तत्व विभाग ने इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए हैं। दरअसल, विभाग को लगातार विभिन्न जिलों से सूचनाएं मिल रही थीं कि बिहार के कई हिस्सों में बिना नंबर प्लेट या फर्जी नंबर प्लेट वाले वाहनों से बालू समेत अन्य लघु खनिजों का अवैध परिवहन किया जा रहा है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए



विभाग ने विशेष छापामारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान दर्जनों वाहन पकड़े गए और संबंधित वाहन मालिकों पर नियमों के तहत जुमार्ना भी लगाया गया। विभाग द्वारा जुमार्ना चुकाने के लिए बकायदा एक निश्चित मियाद तय की जाती है, लेकिन कई मामलों में यह देखा गया कि निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बावजूद जुमार्ने की राशि जमा नहीं की जा रही है। इस लापरवाही को देखते हुए अब विभाग ने कड़ा निर्णय लिया है। खान एवं भू-तत्व विभाग ने सभी जिलों के खनिज विकास पदाधिकारियों को निर्देश भेजा है कि जिन वाहनों का जुमार्ना तय समय पर जमा नहीं हुआ है, उन्हें अंतिम तौर पर जब्त कर राज्यसात करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। इसके तहत ऐसे सभी वाहनों की सूची तैयार कर जिलाधिकारी कार्यालय को सौंपने का निर्देश दिया गया है, ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई पूरी की जा सके। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य अवैध खनन और परिवहन पर प्रभावी रोक लगाना है। सख्त कार्रवाई से बालू माफिया और नियमों की अनदेखी करने वालों में स्पष्ट संदेश जाएगा कि सरकार अब किसी भी तरह की ढिलाई बरतने के मूड में नहीं है।

## बिहार में वंदे भारत ट्रेन से स्मैक की स्मगलिंग

**बेगूसराय।** पुड़िया है क्या? हां है, कितने का चाहिए? 200 वाला 4, 500 वाला 6 दे दो। नहीं इतना नहीं है। क्यों क्या हुआ, पैसे दे रहा हूं। नहीं भाई, कुछ थोड़ा सा है, चाहिए तो बताओ। यार, 31 दिसंबर को पार्टी के लिए कुछ माल इस एड्रेस पर सप्लाई करनी है, हो जाएगा क्या? हां हो जाएगा, लेकिन पैसे थोड़े ज्यादा लगेंगे। मामला टाइट चल रहा है, छापेमारी हो रही है, पकड़े जाने का डर है। ऊपर लिखी गई बातचीत बेगूसराय के अलग-अलग चौक-चौराहों पर मौजूद पान और सिगरेट के गुमटी की है। दरअसल, बेगूसराय में पिछले डेढ़ महीने यानी 45 दिनों में 10 करोड़ रुपए से अधिक की स्मैक, जबकि 50 लाख रुपए के 200 किलो गांजा भी पकड़ा गया था। बेगूसराय पुलिस की इतनी बड़ी कार्रवाई के बाद दस्मैक पीने वाले से उसकी मानसिक स्थिति को लेकर जबकि पैडलर्स से ड्रग, स्मैक और गांजा तस्करी के तरीकों को जानने की कोशिश की। साथ ही मनोवैज्ञानिक से स्मैक पीने वालों की मनोदशा पर भी बातचीत की।बेगूसराय में स्मैक,





गांजा खरीद-बिक्री के लिए एक पूरा सिस्टम बना हुआ है। शहर के लगभग सभी चौक-चौराहों पर मौजूद पान की गुमटी स्मैक-गांजा के अड्डे हैं। यहां स्मैकर आते हैं और 200 से लेकर 500 रुपए बढ़ाते हैं। रुपए मिलते ही पान की गुमटी में बैठा शख्स एक पुड़िया चुपके से उन्हें पकड़ा देता है। अगर आप नए हैं, दुकानदार ने आपको पहले कभी नहीं देखा है तो फिर आपको पुड़िया नहीं मिलेगी। इसके लिए आपको किसी पुराने स्मैकर के साथ दुकान पर आना होगा। जिला मुख्यालय में खासकर हेमरा चौक, पावर हाउस चौक, स्टेशन चौक, हर हर महादेव चौक स्मैक बिक्री के सबसे बड़े अड्डे हैं। यहां से कुछ कुछ हाई प्रोफाइल लोगों के लिए होम डिलीवरी की भी सुविधा है। जैसे फोन करते ही उन्हें शराब पहुंच जाता है, उसी तरीके से फोन करते ही उनके बताएं जगह तक स्मैक पहुंच जाता है। अब जानिए, स्मैकर ने अपनी आपबीती में क्या कहा? स्मैक के आदि हो चुके अमित (बदला हुआ नाम) ने ऑफ द कैमरा बताया कि मैं पुणे में पढ़ाई करता था, पढ़ाई के दौरान ही ड्रग्स की लत लग गई। पापा गांव में किराना की दुकान चलाते हैं, एक साल पहले भाई की मौत होने के बाद मैं गांव आ गया। यहां स्मैक नहीं मिलता था, मिलता भी था तो मुझे अड्डा नहीं पता था।शराब की डिलीवरी पहुंचाने वाले ने कहा कि मैं तुम्हें अड्डे पर ले चलूंगा। अगले दिन पापा दोपहर में जब खाना खाने गए तो मैं दुकान पर आया, ये मेरा रूटिन था। पापा के जाने के बाद मैंने गल्ले से 200 रुपए निकाले और शराब की डिलीवरी वाले के साथ करीब 20 किलोमीटर दूर एक पान की दुकान पर पहुंचा। शराब की डिलीवरी वाले ने 200 रुपए का नोट पान दुकानदार को दिया, उसने तत्काल एक पुड़िया दी और कहा कि यहां से तेजी से निकल जाओ। हालांकि, जाते-जाते उसने दुकानदार से मेरा परिचय करा दिया, कहा कि ये रोजाना वाले हैं, देख लेना दिक्कत न हो। अब मेरा रोज का है, शाम 4 बजे घर से निकलता हूं, किसी दिन ऐसा होता है कि निकलने में देर हो जाती है, पापा कोई काम पकड़ा देते हैं, तो ऐसे लगता है कि कुछ खो गया है, कुछ छूट गया है, बेचैनी होने लगती है। पैडलर्स बोले- दो रूट से बेगूसराय में स्मैक और गांजा पहुंचता है पैडलर्स ने नाम न छापने और कैमरे पर न आने की रिक्वेस्ट पर बताया कि बेगूसराय और बिहार में स्मैक दो रूट से आता है, एक रुट है हावड़ा होकर और दूसरा रूट है न्यू जलपाईगुड़ी होकर। दोनों जगह पर बार्डर एरिया में जाते ही हम लोगों को स्मैक सुरक्षित तरीके से मिल जाता है।

# मुंगेर में 5 गाड़ियां टकराई, कोहरे के कारण हादसा

सर्द पछुआ हवा और घने कोहरे ने पूरे बिहार में कनकनी बढ़ा दी है। पिछले एक हफ्ते से राज्य में कोल्ड-डे की स्थिति बनी हुई है। प्रदेश के कई जिलों का तापमान 9 से 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। गुरुवार सुबह सुपौल, बांका, बेगूसराय, औरंगाबाद, जहानाबाद, नालंदा समेत करीब 10 जिलों में घना कोहरा है। विजिबिलिटी 10 से 50 मीटर है। मुंगेर में कोहरे के कारण 5 गाड़ियां आपस में टकरा गईं, हालांकि इसमें किसी को चोट नहीं आई। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज पूरे बिहार में कोल्ड वेव और घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इससे कनकनी और बढ़ने की संभावना है। 25 से 29 दिसंबर तक कई जिलों में शीतलहर की स्थिति बन सकती है। 30 दिसंबर से ठंड और शीतलहर से हल्की राहत मिलने की उम्मीद है। इधर, ठंड को देखते हुए भागलपुर जिला प्रशासन ने 10वीं तक के स्कूल 31 दिसंबर तक के लिए बंद कर दिया है। वहीं बेगूसराय में स्कूल कल 26 तारीख तक बंद रहेंगे।बीते 24 घंटे के दौरान प्रदेश का न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस रहा। पटना का न्यूनतम तापमान गिरकर 11 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। गयाजी समेत कई जिले कोहरे में डूबे रहे। सबसे कम 50 मीटर गयाजी में विजिबिलिटी दर्ज की गई। अगले 4-5 दिनों तक तापमान ऐसा ही रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी का सीधा असर बिहार पर पड़ रहा है। जब तक हवा की दिशा में बदलाव नहीं होगा, तब तक ठंड और कोहरे से राहत मिलना मुश्किल है। गयाजी में घर में आग लगने से पति-पत्नी जिंदा जले, बांका में अलाव ताप रहे मां-बेटे झुलसे गयाजी में घर में अचानक आग लगने से पति-पत्नी की जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं, भोजपुर के तीयर थाना क्षेत्र के



कटाई बोझ गांव में मंगलवार घर में आग तापने के दौरान नौ महीने की गर्भवती महिला बुरी तरह झुलस गई। महिला को पहले इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया। बांका में अलाव ताप रहे मां और बेटा गंभीर रूप से झुलस गए। वहीं, भागलपुर के पीरपैंती में बुधवार सुबह घने कोहरे के कारण एक कार की बस से टक्कर हो गई। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस के पहुंचने से पहले सभी मौके से फरार हो गए। 29 दिसंबर ठंड-कोहरे से राहत नहीं मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि 29 दिसंबर तक ठंड से राहत मिलने की संभावना कम है। इस दौरान शीत दिवस की स्थिति बनी रह सकती है। साथ ही घना कोहरा छाने की भी संभावना। न्यूनतम और अधिकतम तापमान दोनों सामान्य से नीचे रह सकते हैं।मौसम विभाग के अनुसार, अगले 4 से 5 दिनों में राज्य के बाकी हिस्सों में भी कुछ जगहों पर मध्यम से घना कोहरा देखने को



मिल सकता है। खासकर सुबह के समय दृश्यता बेहद कम रहने की आशंका है। अगले 2 से 3 दिनों के दौरान बिहार के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में 1 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि तापमान में यह बढ़ोतरी लोगों को ठंड से पूरी तरह राहत नहीं दे पाएगी, क्योंकि न्यूनतम तापमान में खास बदलाव के संकेत नहीं हैं। पिछले साल से कोल्ड डे अधिक लेकिन शीतलहर नहीं मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पिछले साल के मुकाबले इस बार कोल्ड डे अधिक रहेगा, लेकिन शीतलहर कम पड़ेगी। मौसम वैज्ञानिक आनंद शंकर के अनुसार, अबतक कोई मजबूत पश्चिमी विक्षोभ नहीं आया है। पश्चिमी विक्षोभ आने से तापमान बढ़ता है। इसके बाद तेजी से ठंड भी बढ़ती है। इससे शीतलहर चलती है। लेकिन इस साल कुहासा और बादल छाए हुए हैं। इससे धूप नहीं निकल पा रही है। धूप नहीं निकलने से अधिकतम तापमान बहुत कम हो जाता है। इससे कोल्ड डे जैसी स्थिति बन जाती है। इस साल भी यही स्थिति बनी हुई है।

पछुआ जेट स्ट्रीम बना ठंड का कारण मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पछुआ जेट स्ट्रीम समुद्र तल से करीब 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर सक्रिय है और इसकी रफ्तार लगभग 140 नॉट बताई गई है। इसी वजह से उत्तर भारत के साथ-साथ बिहार में भी ठंडी हवाओं का प्रभाव बढ़ गया है। यह स्थिति फिलहाल बनी रहने की संभावना है। कोहरा देख घटा दी स्पीड, लेट चल रहीं एक्सप्रेस ट्रेनें घने कोहरे में सुरक्षित परिचालन के लिए पूर्व मध्य रेल की करीब 400 एक्सप्रेस ट्रेनों की अधिकतम स्पीड करीब 75 किमी प्रति घंटा तय कर दी है।

# सर्दियों में छोटे बच्चों को कैसे नहलाएं? ठंड से बचाकर ऐसे करें सही देखभाल



सर्दियों में छोटे बच्चों को नहलाना चुनौती भरा हो सकता है। दरअसल, ठंड के कारण उन्हें जल्दी सर्दी-जुकाम हो जाता है। ऐसे में सही तरीकों और कुछ आसान उपायों की मदद से आप बच्चे को सुरक्षित तरीके से नहला सकते हैं।

सर्दियों के मौसम में बच्चों की देखभाल करना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। खासकर जब बच्चों के नहाने की बात हो तो और भी परेशानी होने लगती है। दरअसल, इस मौसम में ठंडी हवा और कम तापमान के कारण ठंडा पानी उन्हें नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में सबसे जरूरी है कि छोटे बच्चों को नहलाते समय कुछ खास तरह की सावधानियां बरती जाएं, जिससे वे ठंड से सुरक्षित रहें और उनकी स्किन भी हेल्दी बनी रहे।

### बच्चों को नहलाते समय किन बातों का रखें ध्यान?

### गुनगुने पानी से करवाएं स्नान

सर्दी के मौसम में बच्चों को नहलाने के लिए हमेशा गुनगुने पानी का उपयोग करें। हालांकि, बच्चों को नहलाते समय इस बात का ध्यान रखें कि पानी अधिक गर्म न हो। इसके लिए पानी को पहले अपने हाथों से चेक कर लें। बच्चों को दोपहर में नहलाना बेहतर होता है। दोपहर में हल्की धूप निकलती है, जिससे उन्हें ठंड नहीं लगती।

### नहलाने के बाद तुरंत अच्छी तरह पोंछें

छोटे बच्चों का शरीर ठंड बहुत जल्दी पकड़ता है। ऐसे में बच्चों को नहलाने के तुरंत बाद तौलिए से उन्हें अच्छी तरह सुखा लें। इस दौरान उनके शरीर के हर हिस्से से पानी पूरी तरह हटा दें। नहलाने के तुरंत बाद बच्चों को गर्म और मुलायम कपड़े पहनाएं, ताकि उनके शरीर में ठंडी हवा न लगे।

### हल्के गुनगुने तेल से करें मालिश

सर्दी के मौसम में स्नान के बाद बच्चों को हल्की मालिश करना बेहद फायदेमंद होता है। नहलाने के बाद बच्चे के शरीर पर हल्के गर्म तेल से नरम हाथों से मसाज कर सकते हैं। इससे शरीर में गर्माहट बढ़ती है और उनकी त्वचा भी मॉइस्चर रहती है।

### ज्यादा देर तक कपड़े न उतारें

सर्दियों में बच्चों को नहलाते समय इस बात का ध्यान रखें कि उनके कपड़े अधिक समय तक न उतरे रहें। बच्चों को नहलाते समय कमरे को हल्का गर्म रखें, जिससे उन्हें सर्दी नहीं लगेगी।

### हर रोज न नहलाएं

सर्दी के मौसम में बच्चों को हर रोज नहलाना जरूरी नहीं होता है। अगर बहुत अधिक ठंड हो तो बच्चों को नहलाने से बचें। इस दौरान मुलायम स्पंज से उनके बॉडी को सही से पोंछ सकते हैं। अगर बच्चों को नहला रहे हों, तो गर्म पानी और तौलिया पहले से ही तैयार रखें।

# कमजोरी दूर करने के लिए बच्चों को क्या खिलाएं?

कमजोर बच्चे को वजन बढ़ाने और ताकत के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार दें, जिसमें दूध, दही, पनीर, दालें (मूंग, चना), सोयाबीन, मूंगफली, अंडे, केले, आलू, और घी शामिल हों; साथ ही बादाम, अखरोट, काजू जैसे सूखे मेवे और मखाना भी दें, क्योंकि ये कैलोरी, प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होते हैं जो शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी हैं।

### आहार में शामिल करें:

डेयरी उत्पाद: फुल फैट दूध, दही, पनीर, छाछ, लस्सी दें, या दूध में केला और मेवे मिलाकर शेक बनाकर दें।

अनाज और दालें: साबुत अनाज (दलिया, रोटी), दालें (मूंग, मटकी, चना), सोयाबीन, और क्विनोआ दें।

मेवे और बीज: बादाम, अखरोट, काजू, किशमिश, मखाना और पोस्ता दाना दें, सूखे मेवों का पेस्ट बनाकर दें।

फल और सब्जियां: केला, आलू, और आंवला (विटामिन सी के लिए) शामिल करें।

अन्य ऊर्जावान चीजें: अंडे (प्रोटीन और ब्रेन डेवलपमेंट के लिए), घी (ऊर्जा और फैट के लिए), और च्यवनप्राश (रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए) दें।

### कुछ अतिरिक्त सुझाव:

छोटे-छोटे आहार: बच्चे को एक बार में ज्यादा खिलाने के बजाय, थोड़ी-थोड़ी मात्रा में बार-बार पौष्टिक आहार दें।

पानी की जगह जूस/छाछ: खाने के साथ पानी की बजाय दूध, छाछ, या फलों का जूस दें।

आकर्षक भोजन: बच्चों को स्वादिष्ट और रंगीन खाना दें ताकि वे खाने के लिए उत्साहित हों।

घी का प्रयोग: पराठे या दाल में घी डालकर दें, यह एनर्जी का अच्छा स्रोत है।



# हरड़ का उपयोग हर मौसम में फायदेमंद

**स्वस्थ रहने के लिए हरड़ का प्रयोग नियमित करना चाहिए। शास्त्र में इसकी सात जातियां बतायी गयी है। विजया, रोहिणी, पूतना, अमृता, अभया, जीवंती और चैतकी। व्यावहारिक दृष्टिकोण से तीन प्रकार की होती है। छोटी हर्रे, पीली हर्रे और बड़ी हर्रे। यह तीनों एक ही वृक्ष के फल है।**



स्वस्थ रहने के लिए हरड़ का प्रयोग नियमित करना चाहिए। शास्त्र में इसकी सात जातियां बतायी गयी है। विजया, रोहिणी, पूतना, अमृता, अभया, जीवंती और चैतकी। व्यावहारिक दृष्टिकोण से तीन प्रकार की होती है। छोटी हर्रे, पीली हर्रे और बड़ी हर्रे। यह तीनों एक ही वृक्ष के फल है। यह कॉम्ब्रेटेसी परिवार का पौधा है। इसका उपयोगी भाग फल है।

इसका वृक्ष विशाल लगभग 80-100 फीट ऊंचा होता है। फूल छोटा, सफेद या पीले रंग का होता है। फल एक से डेढ़ इंच लंबा अंडाकार, पृष्ठ भाग पर पांच रेखाओं से युक्त, कच्चा में हरा, पकने पर धूसर पीला रंग का हो जाता है। प्रत्येक फल में एक बीज होता है। पके हुए फलों का संग्रहण अप्रैल-मई माह में करना चाहिए।

यह कफ वात व पित जनित रोगों में उपयोगी है। पाचन शक्ति बढ़ती है। खांसी, सांस, कुष्ठ, बवासीर, पुराना ज्वर, मलेरिया, गैस, अपच, प्यास, त्वचा रोग, पेशाब की जलन, आंखों के रोग, दस्त, पीलिया आदि में लाभदायक है।

खट्टेपन से वात रोगों को दूर करती है। चटपटेपन से पित रोग और कसैलेपन से कफ का नाश करती है। इसका सेवन बरसात में सेंधा नमक के साथ, जोड़ों में मिश्री के साथ, हेमंत ऋतु में सोंठ के साथ, बसंत ऋतु में शहद के साथ, गर्मी में गुड़ के साथ करना चाहिए।

खाना खाने से पहले इसे लेने से भूख बढ़ती है। बाद में खाने से खाना आसानी से पचता है



छोटी हर्रे का चूर्ण लगभग चार से छह ग्राम रात में भोजन करने के एक से दो घंटे बाद पानी के साथ प्रयोग करने से कब्ज की समस्या दूर होती है।

इसका चूर्ण गुड़ व गिलोथ के काढ़े के साथ प्रयोग करने से गठिया में आराम मिलता है।

इसे तंबाकू की तरह चिलम में रखकर पीने से सांस की समस्या दूर होती है

मुख व गले के रोगों में इसका काढ़ा बना कर कुल्ला किया जाता है।

इसका चूर्ण दो ग्राम गुड़ के साथ खाना चाहिए। छोटी हर्रे को सुपारी की तरह छोटा-छोटा टुकड़ा कर लें और दिन में खाना खाने के बाद लगभग एक टुकड़े को मुंह में डाल कर अच्छी तरह से चबाना चाहिए। इसके नियमित प्रयोग से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

# सर्दियों में रोजाना तिल खाने से मिलेंगे अद्भुत फायदे



अक्सर हम छोटी-छोटी प्राकृतिक चीजों की अहमियत को कम आंकते हैं। इनमें से एक है तिल, जो खाने के स्वाद को बढ़ाने के साथ-साथ सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद माना जाता है। यह आयुर्वेद और विज्ञान दोनों के मुताबिक शरीर के लिए कई तरह से लाभकारी है। यह शरीर को ऊर्जा देने का काम करता है, साथ ही बीमारियों से बचाव और शरीर को मजबूत बनाने में भी मददगार है। आयुर्वेद के अनुसार, तिल की तासीर गर्म होती है। सर्दियों में इसका सेवन करने से शरीर गर्म रहता है और ठंड से होने वाली बीमारियों से बचाव होता है। तिल के नियमित सेवन से शरीर में गर्मी बनी रहती है, जिससे थकान और कमजोरी कम होती है। आयुर्वेद में इसे 'सर्वदोष हारा' भी कहा गया है, क्योंकि यह वात और कफ दोनों को संतुलित करता है, जो शरीर में ठंडक, जोड़ों में दर्द और कब्ज जैसी समस्याओं को कम करने में मदद करता है।

विज्ञान के अनुसार, तिल में एंटीऑक्सीडेंट्स पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर में मुक्त कणों से होने वाले नुकसान को रोकते हैं। ये एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को स्वस्थ और जवान बनाए रखते हैं। नियमित सेवन से त्वचा पर झुर्रियां कम होती हैं, रंग निखरता है, और त्वचा की चमक बढ़ती है। इसके साथ ही, तिल में मौजूद सेसामोलिन और सेसामिन जैसे तत्व शरीर में सूजन को कम करते हैं और दिल की सेहत को भी बनाए रखते हैं। तिल में अनसैचुरेटेड फैटी एसिड मौजूद होता है, जो खराब कोलेस्ट्रॉल को घटाने में मदद करता है और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है। इससे दिल स्वस्थ बना रहता है और ब्लड प्रेशर भी नियंत्रित रहता है। इसका नियमित सेवन दिल की बीमारियों, एथेरोस्क्लेरोसिस और स्ट्रोक के जोखिम को कम कर सकता है।

तिल ऊर्जा का भी अच्छा स्रोत है। इसमें मौजूद प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और मैग्नीशियम शरीर को ताकत देते हैं। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों के लिए तिल हड्डियों को मजबूत बनाए रखने में मदद करता है। आयरन एनीमिया को रोकने में भी लाभकारी है। साथ ही, तिल का सेवन पाचन को सुधारता है और कब्ज जैसी समस्या को दूर रखता है। इसके अलावा, तिल का प्रयोग कुछ बीमारियों में राहत देने के लिए भी किया जाता है। आयुर्वेद में माना जाता है कि तिल का तेल जोड़ों के दर्द, गठिया और मांसपेशियों की कमजोरी को दूर करने में मदद करता है। वैज्ञानिक रिसर्च में भी इसे सूजन कम करने और शरीर के प्रतिरोधक तंत्र को मजबूत करने वाला बताया गया है।

# ज्यादा नमक से बीपी ही नहीं डायबीटीज का भी खतरा

नमक हमारी सेहत के लिए कितना जरूरी है, इससे कोई अनजान नहीं है। यह शरीर में कई तरह की महत्वपूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। लेकिन ज्यादा नमक खाने से ब्लड प्रेशर की समस्या होती है यह तो हम सब जानते हैं। हाल ही में हुए एक शोध में पता चला है कि ज्यादा नमक खाने से डायबीटीज होने का खतरा भी बढ़ जाता है। प्रत्येक 2.5 ग्राम अतिरिक्त नमक के सेवन से टाइप 2 डायबीटीज का खतरा 43 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। रिसर्च में बताया गया है कि जो लोग हर दिन तकरीबन 7.3 ग्राम



नमक का सेवन करते हैं, इनमें उन लोगों के मुकाबले डायबीटीज का खतरा ज्यादा होता है जो लोग हर दिन 6 ग्राम तक नमक का सेवन करते हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि नमक में मौजूद सोडियम इंसुलिन प्रतिरोध पर सीधा असर डालता है। इस वजह से हाई ब्लड प्रेशर और वजन बढ़ने जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। ज्यादा मात्रा में नमक का सेवन वयस्कों में लेटेंट ऑटोइम्यून डायबीटीज का खतरा बढ़ा देता है।

रिसर्च के मुताबिक सोडियम के प्रभाव से लेटेंट ऑटोइम्यून डायबीटीज का खतरा हर दिन प्रति ग्राम सोडियम पर 73 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। नमक में मौजूद सोडियम इसका प्रमुख कारण है। इसलिए अपने खाने में नमक कम डालें। नमक का ज्यादा मात्रा में सेवन आपके रक्त संचरण और ब्लड प्रेशर को बिगाड़ सकता है। इसके अलावा नमक के ज्यादा सेवन से दिल की बीमारी का खतरा भी बढ़ जाता है।

# गुड़ और चना

## शरीर को ऊर्जा देने के प्राकृतिक स्रोत

हेल्थ एक्सपर्टस की माने तो चना और गुड़ को अपनी डाइट में शामिल करना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इन दोनों में आयरन, कैल्शियम और मिनरल्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर को ऊर्जा देने के साथ-साथ पाचन तंत्र को भी मजबूत बनाते हैं।



गुड़ और चना शरीर को ऊर्जा देने का प्राकृतिक स्रोत हैं। अगर आप दिनभर थकान और सुस्ती महसूस करते हैं, तो इनका नियमित सेवन आपको ऊर्जावान बनाए रख सकता है। इनमें मौजूद कैल्शियम, मिनरल्स और आयरन शरीर को आवश्यक पोषण देते हैं और कमजोरी को दूर करते हैं। इसके अलावा, पाचन तंत्र की समस्या जैसे कब्ज से राहत पाने के लिए भी यह एक कारगर उपाय है। विशेषज्ञ बताते हैं कि बाहर के अस्वस्थ भोजन या अनियमित दिनचर्या के कारण कई बार पेट की समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में चना और गुड़ पेट साफ करने और पाचन क्रिया को दुरुस्त करने में सहायक होते हैं। गुड़ ब्लड को साफ करने का काम करता है, जबकि चना शरीर से हानिकारक टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करता है। इसके अलावा, जो लोग अपने वजन को नियंत्रित करना चाहते हैं, उनके लिए भी यह फायदेमंद है। चने में भरपूर मात्रा में फाइबर मौजूद होता है, जो भूख को नियंत्रित करके वजन घटाने में मदद करता है। साथ ही, यह हड्डियों को मजबूत करने का भी काम करता है, जिससे सर्दियों में जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं से बचाव होता है।

कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग अक्सर बीमार पड़ते हैं। चना और गुड़ का सेवन इम्यूनिटी को मजबूत करता है और शरीर को संक्रमण से बचाने में सहायक होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इनका नियमित सेवन करने से शरीर को संपूर्ण पोषण मिलता है और कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव संभव होता है। इसलिए, सेहतमंद जीवन के लिए चना और गुड़ को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। बदलती जीवनशैली और अनियमित खानपान के कारण हम अक्सर जरूरी पोषक तत्वों की कमी का शिकार हो जाते हैं, जिससे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।



# बॉक्सिंग डे टेस्ट में जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

मेलबर्न (एजेंसी)। स्टीव स्मिथ की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई टीम गुरुवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज के बॉक्सिंग डे टेस्ट में उतरेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले ही पांच मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली है। ऐसे में उसको मनोबल बढ़ा हुआ है जिससे वह इस चौथे टेस्ट मैच में भी जीत की प्रबल दावेदार है। इस मैच में नियमित कप्तान पैट कमिंस और स्पिनर नाथन लियोन नहीं खेल रहे। कमिंस को कार्यभार प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है। वहीं लियोन चोटिल होने के कारण बाहर है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया बिना किसी मुख्य स्पिनर के पूरी तरह तेज गेंदबाजों के भरोसे उतरेगी। बॉक्सिंग डे टेस्ट में नाथन लियोन की जगह टॉड मर्फी को अवसर मिलता है या नहीं ये देखना होगा। माइकल नीसर, ब्रेंडन डॉजेट और जे रिचडर्सन में से किसी दो अंतिम एकादश में जगह मिलना तय है। अगर रिचडर्सन को मौका मिलता है, तो यह एशेज 2021-22 के बाद उनका पहला टेस्ट होगा। वहीं नीसर के लिए यह उनका पहला रेड-बॉल टेस्ट होगा। अब तक उन्होंने जो तीन टेस्ट मैच खेले हैं, सभी पिंक-बॉल टेस्ट रहे हैं। इस बीच कैमरन ग्रीन को बल्ले से खराब दौर के बीच बल्लेबाजी क्रम में नीचे 7 पर उतारा जाएगा। उस्मान ख्वाजा नंबर 5 पर बल्लेबाजी करेंगे और फॉर्म में चल रहे ऐलेक्स कैरी नंबर 6 पर बने रहेंगे। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम इंग्लैंड तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर के बिना उतरेगी। आर्चर चोटिल होने के कारण बाहर हो गये हैं। के लिए अब भी कोई जगह नहीं है। उनकी जगह पर गस एटकिंसन को शामिल किया गया है। विशेषज्ञ स्पिनर शोएब बशीर को इस बार भी टीम में जगह नहीं मिली है। इंग्लैंड को इस मैच में जीत दर्ज करनी है तो बेहतर बल्लेबाजी और गेंदबाजी करनी होगी। अनुभवी बल्लेबाज जो रुट को बड़ी पारी खेलनी होगी।




बेन डकेट से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। इस मैच में ऑली पोप की जगह पर जैकब बेथेल को नंबर 3 पर बल्लेबाजी के लिए शामिल किया गया है। टीम की बल्लेबाजी रुट के अलावा जैक क्रॉली व हैरी ब्रुक पर भी आधारित रहेगी। जहां तक पिच की बात है मेलर्बन की इस पिच से तेज गेंदबाजों को अच्छी सहायता मिलने की संभवना है।

### टीम इस प्रकार है

**ऑस्ट्रेलिया :** स्टीव स्मिथ (कप्तान),जेक वेदराल्ड, ट्रैविस हेड, मार्नस लाबुशेन, उस्मान ख्वाजा, ऐलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, माइकल नीसर,मिचेल स्टार्क, ब्रेंडन डॉजेट/जे रिचडर्सन, स्कॉट बोलैंड

**इंग्लैंड:** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, जेकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रूक, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्राइडन कार्स, जॉश टंग

# सिंधु बनी बीडब्ल्यूएफ एथलीट्स कमीशन की चेयरपर्सन




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु को 2026-2029 तक के लिए विश्व बैडमिंटन संघ (बीडब्ल्यूएफ) के एथलीट्स कमीशन की चेयरपर्सन बनाया गया है। ऐसे में पूर्व ओलंपिक पदक विजेता सिंधु अब बीडब्ल्यूएफ काउंसिल में सदस्य के तौर पर काम करेंगी जिससे खिलाड़ियों के हित की बातें इस संस्था के जरिये वह उठा सकेंगी। इस दौरान उन्हें विश्वस्तर पर भागीदारी में भी सहायता मिलेगी। वहीं नीदरलैंड की डेबोरा जिल को सिंधु की सहायक बनाया गया है। सिंधु ने कहा, साथी एथलीटों द्वारा यह महत्वूर्ण जिम्मेदारी सौंपना मेरे लिए सम्मान की बात है, जिसे मैं विनम्रता और के साथ स्वीकार करती हूं। मैं पिछले कार्यकाल में किए गए असाधारण काम के लिए चेयरपर्सन रही ग्रेसिया पोली को भी दिल से धन्यवाद देना चाहती हूं।

उन्होंने कहा, 'हमारे पास अब हर खिलाड़ी की आवाज उठाने का एक मध्यम आ गया हे। यह एक शानदार अवसर है। मैं इसमें हर खिलाड़ी का प्रतिनिधित्व करने और सार्थक, स्थायी बदलाव के लिए लड़ने के लिए बीडब्ल्यूएफ मीडिया के साथ मिलकर काम करने को लेकर पूरी तरह गंभीर हूं।

# बुमराह और ऋषभ ने अपने कमेंट पर मुझसे माफी मांगी थी : बावुमा

जोहांसबर्ग (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के कप्तान टेम्बा बावुमा ने कहा है कि भारत दौरे में कुछ बातों को लेकर उनका तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत से विवाद हुआ था हालांकि दोनो ने ही बाद में उनसे मुलाकत कर खेद जताया था। बावुमा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने इस दौरे में भारतीय टीम को 2-0 से हरा दिया था। सीरीज का पहला टेस्ट कोलकाता में खेला गया था। इसी टेस्ट में बुमराह और ऋषभ ने बावुमा की कम लंबाई पर टिप्पणी करते हुए उन्हें बौना कहा था। जिसकी मीडिया में काफी आलोचना भी हुई थी। बावुमा ने कहा है कि इसके बाद ऋषभ और बुमराह ने उनसे इस मामले में माफी मांग ली थी।

वहीं बावुमा ने मान कि कोच शुकरी कॉनराड ने भारतीय टीम को घुटने पर लाने जैसे जो टिप्पणी की थी वह गलत थी। उन्हें इस प्रकार की बात नहीं कहनी



चाहिये थी।

बावुमा ने कहा, 'मुझे पता है कि मेरे साथ एक घटना हुई थी जहां भारतीय खिलाड़ियों ने मुझे कुछ कहा था पर मैच समाप्त होने के बाद ऋषभ और बुमराह आए और उन्होंने माफी मांगी।' उन्होंने कहा, 'तब मुझे नहीं पता था कि यह किस बारे में थी। मैंने उस समय इसके बारे में सुना नहीं था और मुझे फिर इस बारे में अपने मीडिया मैनेजर से बात करनी पड़ी थी।'

बावुमा ने आगे कहा, मैदान पर जो होता है उसे हम मन में नहीं रखते हुए बेहतर प्रदर्शन करने पर ध्यान देते हैं।

# श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 मैच को जीतकर सीरीज पर कब्जा करने उतरेगी भारतीय टीम

तिरूवनंतपुरम (एजेंसी)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां श्रीलंकाई टीम के खिलाफ होने वाले तीसरे टी20 मैच में जीत के साथ ही पांच मैचों की सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। भारतीय टीम पहले दोनो ही मैचों में जीत के साथ ही अभी सीरीज में 2-0 से आगे है। भारतीय टीम ने विशाखापत्तनम में पहले दो टी20 मैचों में आठ और सात विकेट से जीत दर्ज की है। भारतीय टीम अभी तक बल्लेबाजी और गेंदबाजी में मेजबान टीम पर भारी पड़ी है। भारतीय टीम की ओर पहले मैच में जेमिमा रौड्रिग्स जबकि दूसरे में शेफाली वर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं गेंदबाजी भी अबतक अच्छी रही है। स्पिनरों ने पहले मैच में श्रीलंका को छह विकेट पर 121 और दूसरे में नौ विकेट पर 128 रनों पर ही समेट दिया था। एन श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा और क्रांति गौड़




ने अब तक दोनो ही मैचों में अच्छी गेंदबाजी की है।

भारतीय टीम को हालांकि फिल्डिंग पर ध्यान देना होगा। अब तक के दोनो ही मैचों में उसने काफी अवसर खोये। पहले मैच में पांच कैच गिरे जबकि दूसरे मैच में तीन रन आउट के अवसर उसने गंवाए।

वहीं श्रीलंका को उम्मीद इस मैच में जीतकर सीरीज में हार टालना चाहेगी। पहले दोनो ही मैचों में उसके बल्लेबाज और गेंदबाज असफल रहे थे। अब उसे अपने बल्लेबाजों और गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। उसकी बल्लेबाजी में भी निरंतरता की कमी रही है। दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं।

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंका :** चामरी अटापट्टू (कप्तान), हसिनी परेरा, विष्मी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।

# ब्राजील के फोन्सेका ने टॉप 15 टेनिस खिलाड़ियों में जगह बनाने का रखा लक्ष्य

रियो डी जेनेरो ।ब्राजील के टीनएजर जोआओ फोन्सेका ने अगले साल दुनिया के टॉप 15 पुरुष टेनिस खिलाड़ियों में शामिल होने का लक्ष्य रखा है, क्योंकि वह अपनी हालिया प्रगति को आगे बढ़ाना चाहते हैं। 19 साल के इस खिलाड़ी ने 2025 में दो खिताब जीते, जो एटीपी टूर पर उनका पहला पूरा सीजन था, लेकिन उन्होंने कहा कि



वह इसे सिर्फ़ एक शुरुआत मानते हैं। रियो डी जेनेरो में जन्मे फोन्सेका ने मैगज़ीन वेजा को बताया, 'मेरा इरादा दुनिया के टॉप 15 में जगह बनाने का है। यह थोड़ा मुश्किल है, लेकिन मैं बड़ा सोच रहा हूं। मैं बिना उतार-चढ़ाव के लगातार अच्छे नतीजों पर भी ध्यान दूँगा।' फोन्सेका ने इस साल 113वीं रैंक से शुरुआत की थी, लेकिन ब्यूनस आयर्स (एटीपी 250) और बेसल (एटीपी 500) में जीत के बाद वह 24वें नंबर पर पहुंच गए हैं। 2025 में उनकी अन्य उपलब्धियों में फ्रेंच ओपन और विंबलडन में तीसरे राउंड तक पहुंचना शामिल है। उन्होंने टेनिस के अलावा नए साल के कुछ और संकल्पों के बारे में भी बात की। फोन्सेका ने कहा, 'अपने खाली समय में, मैं इटैलियन सीखना चाहता हूं, पोकर कोर्स करना चाहता हूं और अपने पैसे मैनेज करना चाहता हूं।' ब्राजील के एकमात्र पुरुष ग्रैंड स्लैम सिंगल्स चैंपियन गुस्तावो कुएटर्न हैं, जिन्होंने 1997, 2000 और 2001 में फ्रेंच ओपन जीता था।

# टी20 विश्वकप से पहले लय में आये रिंकू, विजय हजारे ट्रॉफी में खेली आक्रामक पारी

नई दिल्ली । विजय हजारे ट्रॉफी में फिनिशर रिंकू सिंह ने अच्छा प्रदर्शन किया है। नये साल में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के पहले रिंकू के लय में आने से भारतीय टीम प्रबंधन को भी राहत मिलेगी। पिछले कुछ समय से रिंकू का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था इससे बाद भी प्रबंधन ने उन्हें फिनिशर के तौर पर भारतीय टीम में शामिल था। वहीं अब रिंकू ने विजय हजारे ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश की कप्तानी करते हुए हैदराबाद के खिलाफ आक्रामक पारी खेलकर एक बार फिर अपनी क्षमताओं को साबित



किया है। रिंकू ने 48 गेंद में 139.58 के स्ट्राइक रेट से 67 रन बनाए। ऐसे में प्रशंसकों को उसने इसी प्रकार के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। रिंकू भारतीय टी20 टीम के लिए फिनिशर की भूमिका निभाते हैं। रिंकू ने अंतिम बार एशिया कप 2025 के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। तब उन्हें केवल एक गेंद खेलने का अवसर मिला था। रिंकू ने उसपर चौक लगाकर भारतीय टीम को खिताबी जीत दिलायी थी। उनको सिर्फ एक बॉल खेलने का मौका मिला था और उन्होंने उसी पर चौका लगाकर भारत को फाइनल जिताया था। वहीं रिंकू के अलावा आईपीएल में मुम्बई इंडियंस की ओर से खेलने वाले पंजाब के बल्लेबाज नमन धीर ने भी विजय हजारे ट्रॉफी में अच्छी बल्लेबाजी की है। नमन ने महाराष्ट्र के खिलाफ 97 रन बनाये। उन्होंने अपनी पारी में 7 चौके और 4 छक्के लगाए। नमन को उनकी इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी दिया गया। नमन मुम्बई के भरोसेमंद खिलाड़ियों में है।

# डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिल्स की कप्तानी करेंगी जेमिमा रोड्रिग्स

मुम्बई (एजेंसी)। दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 2026 सत्र के लिए मेग लैनिंग की जगह बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स को कप्तान बनाया है। लैनिंग की कप्तानी में दिल्ली की टीम तीन बार टूर्नामेंट के फाइनल तक पहुंची है पर एक बार भी खिताब नहीं जीत पायी है। दिल्ली कैपिटल्स के सह मालिक पार्थ जिंदल ने पहले ही कहा था कि इस बार टीम की कमान किसी भारतीय खिलाड़ी को ही दी जाएगी। दिल्ली की टीम में दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी बल्लेबाज लाउरा वोलवार्ट भी शामिल हैं। वोलवार्ट की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका की टीम महिला विश्व कप के फाइनल में पहुंची थी पर इसके बाद भी दिल्ली ने जेमिमा पर भरोसा जताया है।

डब्ल्यूपीएल में जेमिमा का प्रदर्शन अच्छा रहा है। इस बल्लेबाज ने 27 मैचों में तीन अर्धशतक के साथ ही 28.16 के औसत से 507 रन बनाए हैं, और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 139.66 का रहा है। उनका इस टूर्नामेंट में सबसे अधिक स्कोर नाबाद 69 रन रहा है। दिल्ली कैपिटल्स डब्ल्यूपीएल 2026 में अपने पहले मुकाबले में 10 जनवरी को मुंबई इंडियंस से खेलेगी।

जेमिमा ने कप्तान बनाये जाने पर खुशी जतायी है। साथ ही कहा, दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान बनना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। मैं टीम के मालिकों और सहयोगी स्टाफ की आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताते हुए मुझे इस टीम का नेतृत्व करने का अवसर दिया। यह शानदार अवसर मिलना मेरे और मेरे परिवार के लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। इस बल्लेबाज ने कहा, मैंने पिछले तीन वर्षों में बहुत कुछ सीखा है और दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपने कुछ बेहतरीन पल साझा किए हैं। हमारे पास एक मजबूत टीम है और मैं मैदान में उतरने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि हम एक बहुत ही अच्छे सत्र की उम्मीद कर रहे हैं।

### दिल्ली कैपिटल्स टीम

जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, मारिजाने कप्प, एनाबेल सदरलैंड, निकी प्रसाद, लाउरा वोलवार्ट, चिनेले हेनरी, श्री चरणी, स्नेह राणा, लिजेल ली, दीया यादव, तानिया भाटिया, ममता मादीवाला, नंदनी शर्मा, लुसी हैमिल्टन, मिन्नू मणि।




# जयपुर के सुभाष ने हांगकांग इंटरनेशनल जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में जीता गोल्ड




जयपुर । राजस्थान की राजधानी जयपुर के सुभाष चौधरी ने हांगकांग इंटरनेशनल जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में ब्वायज अंडर 17 वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। कोच खांगा राम चौधरी ने बुधवार को बताया कि यह प्रतियोगिता हांगकांग में 19 से 24 दिसम्बर तक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि सुभाष चौधरी जयपुर की नीरजा मोदी स्कूल 10वीं कक्षा का विद्यार्थी है। इसके फिटनेस कोच अंकित मानावता है और सुभाष ने पहले राउंड में बाई मिली, दूसरे राउंड में हांगकांग के ली हो सोम को 11-6, 11-6, 11-8 से, प्री क्वार्टर में मकाऊ के तम हाऊ इन को 11-0, 11-4, 11-4 से हराया। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हांगकांग के हा चूं हीन को 11-5, 9-11, 11-6, 11-8, और सेमी फाइनल में हांगकांग के युएन तज लांग को 11-5, 11-5, 11-2 से तथा फाइनल मुकाबले में सिंगापुर के रेहान सिंह को 11-4, 11-4, 11-5 से हरा कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

# इस साल सबसे अधिक रनों का शुभमन का रिकार्ड तोड़ पायेंगे रुट !




मेलबर्न । इंग्लैंड के जो रुट के पास इस साल सबसे अधिक रनों का रिकार्ड अपने नाम करने का अच्छा अवसर है। अभी तक इस साल सबसे ज्यादा रन भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल के नाम हैं। भारत के टेस्ट व एकदिवसीय कप्तान बने शुभमन ने इस साल तीनों प्रारुपों को मिलाकर कुल 1764 रन के साथ नंबर-1 पोजीशन हासिल की हुई है। वहीं दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के शाई होप हैं उनके नाम 1760 रन पर हैं। वहीं इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज रूट के नाम 1598 रन हैं और वह शुभमन से 167 रन पीछे हैं। वेस्टइंडीज और भारतीय टीम को अब इस साल कोई और मैच नहीं खेलना है। ऐसे में अब शुभमन और होप और ज्यादा रन नहीं बना सकते। वहीं रुट को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 26 दिसंबर से एक टेस्ट मैच खेलना है। ऐसे में रुट के पास दो पारियों मे शुभमन का रिकार्ड तोड़ने का अच्छा अवसर है। अब देखना है कि वह इसमें सफल रहते हैं या नहीं। रूट अगर चौथे एशेज टेस्ट में शतक लगाने में सफल हुए तो वह शुभमन को पीछे छोड़कर पहले नंबर पर पहुंच सकते हैं। वहीं इस साल सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में ब्रायन बेनेट 1585 और आगा सलमान- 1569 रन हैं।

# जोकोविच की नजरें ऑस्ट्रेलियाई ओपन पर लगीं




माल्टा । सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच की नजरें अब अगले साल होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन पर लगी हैं। इसमें वह रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम जीतने उतरेंगे। इससे पहले वह एडिलेड इंटरनेशनल में उतरकर अपनी तैयारियों की समीक्षा करेंगे। हैं। इसी को देखते हुए जोकोविच ने नये ट्रेनिंग पार्टनर फ्रांस के आर्थर काजॉक्स के साथ अभ्यास शुरु कर दिया है। इससे काजॉक्स बेहद उत्साहित हैं। इस युवा खिलाड़ी ने लिखा, तीन शानदार दिन, ट्रेनिंग, सीखने और एक महान खिलाड़ी के साथ अनुभव साझा करने का अवसर मिला। बहुत आभारी हूं। काजॉक्स ने साल 2025 में अपनी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 58 हासिल की। उन्होंने एटीपी फाइनल में खेलते हुए कई बड़े खिलाड़ियों को हराया और ग्रैंड स्लैम स्तर पर ऑस्ट्रेलियन ओपन और विंबलडन में दो जीत दर्ज की। इस प्रदर्शन से प्रभावित होकर ही जोकोविच ने उन्हें ट्रेनिंग पार्टनर बनाया है। इस साझेदारी से दोनों खिलाड़ियों को लाभ हो रहा है। जहां जोकोविच एक युवा से खेलकर इससे अपने खेल को और बेहतर बना रहे हैं। वहीं काजॉक्स को एक शीर्ष खिलाड़ी से खेलने के कारण सीखने का मिल रहा है। जोकोविच जैसे खिलाड़ी के साथ अभ्यास करने से काजॉक्स को तकनीक और रणनीति बनाने का भी अनुभव हो रहा है।

# मुश्किल हालात में कमान संभालने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों की जरूरत है : पीआर श्रीजेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। एसजी पाइपर्स हॉकी के डायरेक्टर पीआर श्रीजेश ने कहा है कि अगर फ्रेंचाइजी को हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के आने वाले सीजन में अच्छा प्रदर्शन करना है, तो अनुभवी खिलाड़ियों को आगे बढ़कर नेतृत्व की भूमिका निभानी होगी, खासकर जब हालात ठीक न हों।

भारत के पूर्व महान खिलाड़ी ने कहा, 'पिछले सीजन में हमने जीत के साथ शुरुआत की थी, लेकिन उसके बाद टीम बिखर गई, टीम को संभालने वाला कोई लीडर नहीं था, अनुभवी खिलाड़ियों को आगे आकर कमान संभालनी चाहिए थी। इस बार ऐसा नहीं होना चाहिए।' एसजी पाइपर्स 2024-25 सीजन में पुरुष और महिला दोनों कैटेगरी में टेबल में सबसे नीचे रही थी। श्रीजेश, जो जूनियर इंडिया हॉकी टीम के हेड कोच भी हैं, ने बताया कि पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय अनुभवी खिलाड़ी रूपिंदर पाल सिंह को टीम में मेंटरशिप और बीच में नेतृत्व देने के लिए चुना गया है।

'रूपिंदर को चुनने के पीछे मेरा विचार यह था कि हमें एक मेंटर की जरूरत है, हमें ऐसे किसी व्यक्ति की जरूरत है जो मैदान पर टीम को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करे। हम उनका समझदारी से इस्तेमाल करेंगे ताकि उनसे ज़्यादा से ज़्यादा फायदा मिल सके।' पद्म भूषण पुरस्कार विजेता, जिनके नेतृत्व में भारत की जूनियर हॉकी टीम ने 2025 के हॉकी जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता था, ने कहा कि वह परिणाम से खुश हैं, लेकिन इस बात पर ज़ोर दिया कि आने वाले दिनों में टीम के प्रदर्शन का बारीकी से विश्लेषण किया जाएगा।

'कांस्य पदक अच्छा है, इन युवा खिलाड़ियों के पास अपने सभी प्रयासों का नतीजा दिखाने के लिए कुछ है, हालांकि, महत्वपूर्ण यह है कि वे समझें कि वे सेमीफाइनल में या पूरे टूर्नामेंट में और क्या कर सकते थे। इसलिए एचआईएल के बाद हम सबसे पहले उन्हें उनके सभी मैच दिखाएंगे। मैं चाहता हूं कि वे जानें कि 2027 में उन्हें उन्हीं चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, शायद किसी दूसरे शहर में, और उन्हें उनसे निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार रहना होगा।'

उन्हें लगा कि जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में, जिसमें भारत हार गया था, वह बेहतर फैसले ले सकते थे। 'मुझे लगा कि जर्मनी के खिलाफ मैच के दौरान मैं कुछ चीजें बेहतर कर सकता था, टैक्टिकली और फैसले लेने के मामले में भी। हालांकि मेरे ज़्यादातर फैसले सही थे, यहां तक कि अर्जेंटीना के खिलाफ हमने जो इनडायरेक्ट वेरिएशन किए थे, हमने वही वेरिएशन उनके खिलाफ लगातार आजमाए और वे काम आए, साथ ही, मेरा एक और शानदार फैसला यह था कि आखिरी फ्लिक के लिए रोहित की जगह मैंने अनमोल को लेने के लिए कहा, जो सही साबित हुआ।'

श्रीजेश, जिन्होंने तीन बार FIH गोलकीपर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता है, ने एक खिलाड़ी और एक कोच होने के बीच कुछ बड़े अंतर बताए। उन्होंने कहा, 'मैं अपने कोचिंग रोल का आनंद ले रहा हूं, जूनियर टीम के साथ लगभग एक साल हो गया है, और मैं नए खिलाड़ियों के एक नए ग्रुप का इंतजार कर रहा हूं, और मुझे नए




ग्रुप के साथ शुरू से शुरुआत करनी होगी, इसलिए यह एक बड़ी चुनौती होने वाली है। एक खिलाड़ी के तौर पर, प्रोग्रेस लीनियर होती है 1 से 10, फिर 10 से 15, 15 से 20 और इसी तरह, लेकिन एक कोच के तौर पर आप 20 तक पहुंचते हैं, फिर जब नया बैच आता है तो आप फिर से एक से शुरू करते हैं।'

## एक करोड़ का इनामी नक्सली गणेश उइके ढेर, पांच अन्य नक्सली भी मुठभेड़ में मारे गए

कंधमाल (एजेंसी)। ओडिशा के कंधमाल जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में शीर्ष माओवादी नेता गणेश उइके समेत छह नक्सली मारे गए। राज्य में नक्सल विरोधी अभियान का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि, यह मुठभेड़ चकापाद पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले घने जंगलों में हुई। मारा गया गणेश उइके (69 वर्ष) सीपीआई (माओवादी) की केंद्रीय समिति का सदस्य था और ओडिशा में इस प्रतिबंधित संगठन का प्रमुख था, जिस पर प्रशासन ने 1.1 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। मूल रूप से तेलंगाना के नलगोंडा जिले का रहने वाला उइके, पक्का हनुमंतु और राजेश तिवारी जैसे कई नामों से भी जाना जाता था।

**सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी उपलब्धि**

पुलिस ने बताया कि इस सफल ऑपरेशन में गणेश उइके के अलावा पांच अन्य नक्सली भी मारे गए हैं, जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं। फिलहाल अन्य तीन नक्सलियों की पहचान नहीं हो पाई है। सुरक्षा बलों के लिए इसे एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है क्योंकि उइके लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों की रडार पर था और क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों मे शामिल था। फिलहाल इलाके में अभी भी तलाश अभियान जारी है।

## काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन का बड़ा फैसला... वीआईपी प्रोटोकॉल और स्पर्श दर्शन पर रोक

वाराणसी (एजेंसी)। नए साल का उत्साह अभी से देशभर में देखने को मिल रहा है। इसी उत्साह और आस्था के चलते देश के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों में शामिल वाराणसी में श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है। खासतौर पर द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक काशी विश्वनाथ मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। लगातार बढ़ती भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। अगले आदेश तक काशी विश्वनाथ मंदिर में वीआईपी दर्शन, प्रोटोकॉल के जरिए होने वाले दर्शन और स्पर्श दर्शन पर रोक लगा दी गई है। आस्थावान श्रद्धालु नए साल की शुरुआत भगवान के दर्शन और पूजा-अर्चना के साथ करने के लिए अभी से वाराणसी पहुंचने लगे हैं। शीतकालीन छुट्टियों और अंग्रेजी कैलेंडर के नववर्ष के कारण काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ गई है। इसी के चलते मंदिर परिसर और आसपास के इलाकों में भारी भीड़ देखी जा रही है। मंदिर प्रशासन का कहना है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुचारू दर्शन व्यवस्था को बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में सभी श्रद्धालुओं को समान रूप से दर्शन की सुविधा देने पर जोर दिया जा रहा है। बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने और किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचने के लिए विशेष या विशिष्ट दर्शन की अनुमति फिलहाल संभव नहीं है।

## मुर्गों की लड़ाई के दौरान व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

रांची (एजेंसी)। झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में 35 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि विजय तिर्की चिलगु में मुर्गों की लड़ाई देखने गया था, तभी वहां पहले से इंतजार कर रहे हथियारबंद लोगों ने उस पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक, विजय आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त था। उन्होंने बताया कि हमलावरों ने विजय को कई गोली मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारी के अनुसार, विजय की व्यक्तिगत दुश्मनी या गैंगवार के कारण हत्या करने की आशंका है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारी ने कहा, ''हमने कुछ संदिग्धों की पहचान कर ली है। उन्हें पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

## सेना के जवानों को इंस्टाग्राम इस्तेमाल की परमीशन-वॉट्सएप, टेलीग्राम पर गैर-गोपनीय जानकारी शेयर कर सकेंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सेना ने जवानों के सोशल मीडिया एप्स के इस्तेमाल को लेकर नई पॉलिसी जारी की है। इंस्टाग्राम पर रील, फोटो और वीडियो देख सकेंगे हालांकि कमेंट करने की परमीशन नहीं है। वॉट्सएप, टेलीग्राम जैसे एप्स पर गैर-गोपनीय जानकारी शेयर कर सकेंगे। इसके अलावा यू-ट्यूब और एक्स का इस्तेमाल केवल जानकारी के लिए किया जा सकेगा। वहीं लिंक्डइन, स्काइप और सिग्नल एप के लिए भी नई गाइडलाइन जारी की गई है। भारतीय सेना ने पिछले महीने नए कोट कॉम्बैट के डिजाइन (डिजिटल प्रिंट) का पेटेंट कराया था। यह तीन-लेयर वाली यूनिफॉर्म सैनिकों के लिए हर मौसम में आरामदायक है। यानी कोई बिना सेना की अनुमति के इस डिजाइन का यूनिफॉर्म न तो बना सकेगा न बेच सकेगा व उपयोग कर सकेगा। ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई और जुर्माना होगा। इस नए कोट कॉम्बैट को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट), दिल्ली ने आर्मी डिजाइन ब्यूरो के साथ तैयार किया है। सेना ने जनवरी 2025 में नया कॉम्बैट यूनिफॉर्म को पेश किया था।

## कोडीन कफ सिरप मामले में मुख्य आरोपी जायसवाल के परिजनों के नाम पर दर्ज संपत्ति जब्त होगी

वाराणसी(एजेंसी)। कोडीन कफ सिरप मामले में 50 हजार के इनामी शुभम जायसवाल के परिजनों के नाम दर्ज 38 संपत्ति अब वाराणसी पुलिस जब्त करेगी। कोतवाली पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर अदालत ने संपत्ति जब्त करने के लिए नोटिस दे दिया है। डीसीपी गौरव बंसवाल के अनुसार जल्द ही पुलिस कार्रवाई शुरू करेगी और शैली ट्रेडिंग के मालिक भोला प्रसाद, उनकी पत्नी और बेटी के नाम दर्ज कुल 38 करोड़ की संपत्ति जब्त होगी।

डीसीपी बंसवाल ने बताया कि फरार और 50 हजार के इनामी शुभम जायसवाल के परिजनों के नाम दर्ज 38 करोड़ की संपत्ति जल्द ही पुलिस जब्त करेगी। इसके लिए उन्हें कोर्ट से ऑर्डर मिल गया है। डीसीपी काशी जोन ने बताया कि शुभम कोडीन कफ सिरप मामले में मुख्य अभियुक्त है और अभी फरार चल रहा है। उसके पिता शैली ट्रेंडर्स के प्रोपराइटर भोला प्रसाद को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। फिलहाल वे जेल में हैं। रिपोर्ट के अनुसार भोला प्रसाद, उनकी पत्नी शारदा जायसवाल, बेटी प्रगति जायसवाल और शुभम की पत्नी वैशाली के नाम पर 38 करोड़ की संपत्ति दर्ज है। जिसे जब्त किया जाएगा।

# बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हिंसा गंभीर चिंता का विषय: मायावती



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लखनऊ (ईएमएस)। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो एवं उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही साम्प्रदायिक हिंसा और हाल ही में एक दलित युवक की नृशंस हत्या पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से नृशंस हत्या की गयी है उसको लेकर भारत भर में लोगों का सड़कों पर फूटा आक्रोश स्वाभाविक है। इस मामले में केंकार को समुचित संज्ञान लेकर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

बसपा नेत्री मायावती ने एक्स पर लिखा कि अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों के जान, माल व मज़हब को जिस प्रकार से साम्प्रदायिक हिंसा का शिकार बनाकर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है उससे अपने देश में ही नहीं बल्कि अन्यत्र भी चिन्ता की लहर है तथा अभी हाल ही में वहाँ एक दलित युवक की जिस प्रकार से नृशंस हत्या की गयी है उसको लेकर भारत भर में लोगों का सड़कों पर फूटा आक्रोश स्वाभाविक है, जिसका भारत सरकार को तुरन्त समुचित संज्ञान लेकर आगे हर स्तर पर कुछ और भी अधिक सक्रिय भूमिका निभाने की देश को आशा है और यही समय की माँग भी लगती है। उन्होने कहा कि वैसे तो अपने देश में भी ख़ासकर दलितों व आदिवासियों आदि पर सदियों से होने वाली जातिवादी द्वेष, जुल्म-ज्यादती, शोषण व तिरस्कार आदि रुका नहीं है बल्कि हर स्तर पर लगातार जारी है तथा उनकी सुरक्षा को लेकर बने क़ानूनों को एक प्रकार से निष्क्रिय ही बना दिया गया है, किन्तु पड़ोसी देश बांग्लादेश में इसी प्रकार की होने वाली जुल्म-ज्यादती कोई कम गंभीर बात नहीं है बल्कि यह अति-दुखद व चिन्ता की बात है।

बसपा सुप्रीमो ने कहा कि साथ ही, पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यकों की दयनीय स्थिति को लेकर ख़ासकर देश में लोगों की चिन्तायें लगातार बनी रहती हैं और इस मामले में सरकार अपनी भूमिका भी निभाने का प्रयास करती रहती है, किन्तु हाल के दिनों में बांग्लादेश में जिस प्रकार से भारत व हिन्दू विरोधी घटनायें घटित हो रही हैं उसको लेकर केन्द्र सरकार को लोगों की अपेक्षा के अनुसार और भी अधिक सक्रियता एवं प्रभावी क़दम उठाने की ज़रूरत लग रही है जिसको लेकर जनता का समर्थन अवश्य ही सरकार के साथ होगा। सरकार उचित ध्यान दे।


## बिहार में उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी में टूट के आसार... तीन विधायक लिट्टी-चोखा भोज में शामिल नहीं हुए

पटना। उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी में अब टूट होती दिख रही है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के तीन विधायक माधव आनंद, रामेश्वर महतो और आलोक सिंह उपेंद्र कुशवाहा के आवास पर लिट्टी-चोखा भोज में शामिल नहीं हुए। तीनों विधायकों ने भोज में शामिल न होकर पटना में नितिन नबीन से मिलने पहुंचे। बीजेपी के नए कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवास पर ये मुलाकात हुई। बताया जा रहा है कि उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी के विधायक माधव आनंद मंत्री की रेस में थे, लेकिन कुशवाहा ने अपने बेटे को मंत्री बना दिया। दरअसल रालोमा के टिकट पर मधुबनी से जीते माधव आनंद मंत्री की रेस में सबसे आगे थे,



लेकिन उपेंद्र कुशवाहा ने अपने बेटे दीपक प्रकाश को मंत्री बना दिया। इसके बाद से उनकी नाराजगी की खबरें सामने आईं। हालांकि, डैमेज कंट्रोल के लिए कुशवाहा ने माधव आनंद को पार्टी के विधायक दल का नेता नियुक्त कर दिया। कुछ दिन पहले ही मंत्री नहीं बनने पर नाराजगी भी जाहिर की थी। उन्होंने कहा था, मेरी व्यक्तिगत इच्छा है कि मैं मंत्री बनूं। मंत्री बनने की हर काबिलियत मुझमें है। अर्थशास्त्री हूं। 55 देशों की यात्रा कर चुका हूं। आगे भी मंत्री बनने की इच्छा रहेगी। उम्मीद है कि आगे मुझे कैबिनेट में मौका मिलेगा। माधव आनंद एक उद्यमी और कारोबारी बैकग्राउंड से आते हैं। चुनावी हलफनामे में उनकी कुल संपत्ति 55 करोड़ से ज्यादा है। मधुबनी सीट से उन्होंने आरजेडी के उम्मीदवार और दो बार के पूर्व विधायक समीर महासेठ को 20,552 वोटों के अंतर से हराया। माधव आनंद को लगभग 97,956 वोट मिले।

## नेताजी की अस्थियां को भारत वापस लाने की उठी मांग... पड़पोते ने राष्ट्रपति मुर्मू से की भावुक अपील



**कोलकाता (एजेंसी)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के अवशेषों को भारत वापस लाने के दशकों पुराने संवेदनशील मुद्दे फिर चर्चा में आ गया है। नेताजी के पड़पोते चंद्र कुमार बोस ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से यह भावुक अपील की है। चंद्र कुमार बोस ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर मांग की है कि नेताजी की अस्थियां जापान के रेंकोजी मंदिर से भारत लाई जाएं।

उन्होंने राष्ट्रपति को लिखे अपने खत में बताया कि परिवार चाहता है कि यह प्रक्रिया 23 जनवरी 2026 (नेताजी की 129वीं जयंती) से पहले पूरी हो जाए। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है कि इतने दशकों बाद भी देश के महान नायक के अवशेष पराये देश में रखे हुए हैं।

उन्होंने बताया कि यह केवल चंद्र कुमार बोस की मांग नहीं है, बल्कि नेताजी की बेटी अनीता बोस फाफ (जो जर्मनी में रहती हैं) भी लंबे समय से भारत सरकार से उनके अवशेषों को वतन लाने और उनका डीएनए टेस्ट कराने की अपील करती रही हैं। नेताजी की मृत्यु को लेकर भारत में हमेशा से दो विचारधाराएं रही हैं। एक वर्ग आधिकारिक विमान दुर्घटना के सिद्धांत को मानता है, जबकि दूसरा वर्ग इस स्वीकार नहीं करता। यही कारण है कि अस्थियां वापस लाने का मुद्दा राजनीतिक और भावनात्मक रूप से जटिल रहा है। इस बार 129वीं जयंती का लक्ष्य रखकर सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है ताकि नेताजी को उनकी अपनी मिट्टी में अंतिम विदाई दी जा सके।

**नेताजी की अस्थियां जापान में कब से**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बारे में ऐसी मान्यता है कि 18 अगस्त, 1945 को मौजूदा ताइवान में जापानी मिलिट्री के एक विमान हादसे में उनका निधन हो गया था; और सितंबर 1945 से उनकी अस्थियां रेंकोजी स्थित बौद्ध मंदिर के एक सुरक्षित कलश में रखी हुई हैं। नेताजी की मौत को लेकर अभी तक जो जांच हुई हैं, उसका यह निष्कर्ष निकाला गया है कि विमान हादसे में वह गंभीर रूप से झुलस गए थे और एक जापानी मिलिट्री के अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांसें ली थीं।

# विजयन सरकार पिछले 10 वर्षों से भ्रष्टाचार में डूबी हुई : राजीव चंद्रशेखर

**तिरुवंतमपुरम (एजेंसी)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर के बीच तीखी बयानबाजी जारी है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए है। बीजेपी नेता चंद्रशेखर ने विजयन सरकार पर पिछले 10 वर्षों से भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने विशेष रूप से सबरीमाला मंदिर से जुड़े मुद्दों को उठाया। चंद्रशेखर का दावा है कि मंदिर से करीब 4-4.5 किलो सोना चोरी हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि एलडीएफ द्वारा नियुक्त देवस्वम बोर्ड के तहत 4 पंचधातु की मूर्तियां अंतरराष्ट्रीय गिरोहों को बेची गईं। भाजपा इन आरोपों के जरिए एलडीएफसरकार को हिंदू विरोधी या कुप्रबंधन करने वाली सरकार के रूप में पेश करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने पथिनट्टम पाडी (18 पवित्र सीढ़ियां) के कुछ हिस्सों को लूटे जाने का भी दावा किया। भावनात्मक और धार्मिक मुद्दों का चंद्रशेखर द्वारा लगाए गए आरोप-विशेषकर सोने की चोरी और मूर्तियों की तस्करी-अत्यंत गंभीर हैं। ये आरोप सीधे तौर पर हिंदू मतदाताओं की भावनाओं और मंदिर प्रशासन (देवस्वम बोर्ड) की पारदर्शिता से जुड़े हैं।

वहीं मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन ने केंद्र सरकार पर केरल को आर्थिक रूप से निशाना बनाने का आरोप लगाया है। विजयन का कहना है कि केंद्र जानबूझकर राज्य की उधार लेने की क्षमता को सीमित कर रहा है। केरल राज्य विकास आयोग (केआईआईएफबी) द्वारा लिए गए ऋण को राज्य के कुल ऋण में शामिल करने पर विजयन ने आपत्ति जाहिर की है, उनका कहना है कि यह आरबीआई के पुराने नियमों के खिलाफहै। उन्होंने केंद्र पर अनुच्छेद 293(3) का दुरुपयोग कर राज्यों के विकास मॉडल को कमजोर करने का आरोप लगाया। चंद्रशेखर के अनुसार, केरल में पिछले 10 वर्षों में जो भी विकास हुआ है, वह प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के कारण हुआ है। उन्होंने विजयन पर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया। विजयन ने संकल्प लिया है कि केंद्र की बाधाओं के बावजूद केरल अपना विकास



एजेंडा जारी रखेगा। उन्होंने इसे केरल के विकास मॉडल पर हमला बताया है। विवाद में राजीव चंद्रशेखर का उल्लेख केरल भाजपा के संदर्भ में किया गया है, जो वर्तमान में राज्य की राजनीति और केंद्र के प्रतिनिधित्व के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी बने हुए हैं।

## मायावती के भतीजे आकाश आंनद के घर आई लक्ष्मी

लखनऊ (एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के गुट के लिए व्यक्तिगत और राजनीतिक दोनों लिहाज से काफी चर्चा में है। बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद पिता बन गए हैं। उनके घर बेटी का जन्म हुआ है। मायावती ने खुद एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए खुशी जाहिर की। पूर्व सीएम मायावती ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि आकाश आनंद ने अपनी बेटी को भी बहनजी (मायावती) की तरह ही बहुजन समाज के मिशन के प्रति समर्पित करने का संकल्प लिया है। मां और नवजात बच्ची दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं।

वहीं खुशखबरी के साथ-साथ मायावती ने पड़ोसी देश बांग्लादेश में हो रही सांप्रदायिक हिंसा और वहां हिंदू अल्पसंख्यकों की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने हाल ही में वहां एक दलित युवक की नृशंस हत्या का जिक्र कर कहा कि इससे भारत के लोगों में भारी आक्रोश है। मायावती ने केंद्र सरकार से अपील की है कि वे इस मामले में अधिक सक्रिय और प्रभावी कदम उठाएं ताकि वहां के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने देश के भीतर भी दलितों और आदिवासियों पर होने वाले जातिवादी द्वेष और कानूनों की निष्क्रियता पर सवाल उठाए, लेकिन साथ ही जोर दिया कि बांग्लादेश में जो हो रहा है वह अत्यंत गंभीर और दुखद है।

## एण्डटीवी के कलाकारों ने साझा कीं क्रिसमस की यादें

एजेंसी




**मुंबई :** क्रिसमस आते ही घरों में रौनक बढ़ जाती है। रोशनी, सजावट और त्योहार का माहौल खुशियाँ, अपनापन और पुरानी यादें लेकर आता है। इस मौके पर एण्डटीवी के लोकप्रिय कलाकार अपने क्रिसमस सेलिब्रेशन के प्लान्स और स्कूल के दिनों की यादें साझा कर रहे हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं-प्रियंवदा कांत (घरवाली पेड़वालीह्य की लतिका), सोनल पंवार (हप्पू की उलटन पलटन की मलाइका) और विदिशा श्रीवास्तव (भाबीजी घर पर हैं की अनीता भाभी)।

प्रियंवदा कांत, जोकि घरवाली पेड़वाली में लतिका का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, क्रिसमस मेरे लिए बहुत खास है। स्कूल के दिनों में हम क्लासरूम सजाते थे, हाथ से बने कार्ड्स देते थे और कैंटीन से प्लम केक खाने का मजा लेते थे। एक साल मैं स्कूल के क्रिसमस प्ले में एंजेल भी बनी थी, जो आज तक याद है। इस साल मैं परिवार और दोस्तों के साथ घर पर ही क्रिसमस मनाऊँगी। हम कुकीज बनाएँगे, क्रिसमस फिल्में देखेंगे और सीक्रेट सांता खेलेंगे। मेरे लिए क्रिसमस का मतलब है खुशियाँ बाँटना और अपनों को खास महसूस कराना। सोनल पंवार ऊर्फ हप्पू की उलटन पलटन की मलाइका अपनी यादें साझा करते हुए कहती हैं, स्कूल के दिनों में क्रिसमस किसी त्योहार से ज्यादा एक जादू जैसा लगता था। हमें क्रिसमस मेला, सजावट और पूरी रौनक बहुत पसंद थी। हम दोस्त मिलकर क्लासरूम को पेपर स्नोफ्लेक्स और छोटे-छोटे सितारों से सजाते थे। एक बार मैं स्किट में सांता बनी थी और सबको चॉकलेट बाँटी थी-वो पल आज भी याद है। इस साल मैं घर पर परिवार के साथ सादा लेकिन प्यारा जश्न मनाऊँगी। थोड़ी सजावट, सीक्रेट सांता और साथ में ढेर सारी हँसी। उम्र चाहे जो भी हो, क्रिसमस की वो बचपन वाली खुशी जिंदा रखना दिल को बहुत सुकून देता है। भाबीजी घर पर हैं में अनीता भाबी का किरदार निभा रहीं विदिशा श्रीवास्तव कहती हैं, इस साल का क्रिसमस मेरे लिए वाकई बहुत खास है, क्योंकि लंबे समय बाद हम पूरे एण्डटीवी परिवार के साथ सेट पर इसे मना रहे हैं। टीम ने खूबसूरत सजावट, केक और मजेदार सीक्रेट सांता के साथ एक प्यारी सी क्रिसमस पार्टी रखी है। मैं इस जश्न का बेसब्री से इंतजार कर रही थी - सबके साथ मिलकर हँसना, खुशियाँ बाँटना और त्योहार के पल शेयर करना बहुत अच्छा लगता है। इस खुशी को और बढ़ा दिया है शिल्पा शिंदे की शो में वापसी ने। उनके लौटने से पूरी टीम में नई ऊर्जा और उत्साह आ गया है। चारों तरफ खुशी और हँसी का माहौल है, और सच में ऐसा लग रहा है जैसे पूरा परिवार एक साथ मिल गया हो। मेरे लिए यह क्रिसमस साथ होने, आभार जताने और मुस्कानें बाँटने का नाम है - और इससे बेहतर जश्न मैं सोच भी नहीं सकती।

## देखिए अश्वत्थामा के प्रायश्चित और कल्कि अवतार के उदय की गाथा, 'कल्कि 2898 ए.डी.', अनमोल सिनेमा पर पहली बार

एजेंसी




**मुंबई :** जब अधर्म की काली छाया दुनिया पर हावी होने लगेगी, तब पृथ्वी पर जन्म लेगा एक दिव्य अवतार- कल्कि, जो अधर्म का विनाश करके धर्म की पुनर्स्थापना करेगा। फिल्म 'कल्कि 2898 ए.डी.' इसी भविष्यवाणी को साकार करती है, और इसे अश्वत्थामा की अमर गाथा से जोड़ती है, वह योद्धा, जो शापित होकर अनंत काल तक पृथ्वी पर भटकने को मजबूर है। इस ब्लॉकबस्टर फिल्म में जबर्दस्त विजुअल्स के साथ एक अद्भुत संसार नजर आएगा, जिसमें अमिताभ बच्चन इस शापित महायोद्धा की भूमिका निभा रहे हैं। तैयार हो जाइए एक अद्भुत अनुभव के लिए, देखिए अनमोल सिनेमा पर पहली बार 'कल्कि 2898 ए.डी.', रविवार 28 दिसंबर को शाम 7 बजे। अपनी कला के माहिर निर्देशक नाग अश्विन की कल्पना से जन्मी 'कल्कि 2898 ए.डी.' भारतीय सिनेमा के लिए एक नया अध्याय साबित हुई है। अपने शानदार वीएफएक्स, बेमिसाल दृश्यों के अलावा पुराणों एवं भविष्य की दुनिया के अनोखे संगम के साथ, यह फिल्म एक ऐसा सिनेमाई अनुभव लेकर आई है, जिसे पहले कभी नहीं देखा गया। चाहे भव्य युद्ध हों या कल्पनाओं के शहर, हर सीन इतनी बारीकी से गढ़ा गया है कि लगेगा, जैसे आप उसी दुनिया का हिस्सा हैं।

द्वापरयुग में जब कौरवों और पांडवों के बीच महाभारत का युद्ध हुआ था, तब कौरवों की सेना के महारथी-गुरु द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा ने पांडवों के कुल का नाश करने के लिए एक गर्भवती स्त्री पर ब्रह्मास्त्र चलाया था। इससे क्रोधित होकर श्री कृष्ण ने अश्वत्थामा को अमरता का श्राप दिया था, जिसके कारण वह हमेशा-हमेशा के लिए जीवित रहकर पृथ्वी पर पीड़ा सहने को मजबूर है।

# दुनिया देख रही इसरो का दम, जापान और दक्षिण कोरिया जो न कर सके, भारत ने कर दिखाया!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरिक्ष की रेस में भारत अब केवल भागीदार नहीं, बल्कि लीडर बनकर उभरा है। बुधवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने श्रीहरिकोटा से एक ऐसा कीर्तिमान रचा, जिसने वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में भारत की धाक को और मजबूत कर दिया है। जहाँ जापान, ब्राजील और दक्षिण कोरिया जैसे विकसित देश हाल के दिनों में अपने मिशन में विफल रहे, वहीं इसरो के बाहुबली एलवीएम 3 ने एक बार फिर 100 प्रतिशत सफलता का परचम लहराया।

इसरो ने अमेरिकी कंपनी के ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 सैटेलाइट को उसकी सटीक कक्षा में स्थापित किया। यह मिशन इसरो के व्यावसायिक इतिहास में एक मील का पत्थर है। इसरो की इस कामयाबी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो की पूरी टीम को बधाई देकर यह भारत के लिए गौरव का क्षण है। इसरो की यह सफलता अंतरिक्ष क्षेत्र में हमारी बड़ी छलांग को दर्शाती है।

इसरो की यह कामयाबी इसलिए बड़ी है क्योंकि पिछले कुछ समय में दुनिया के कई दिग्गज देशों के अंतरिक्ष मिशन धराशायी हुए हैं। भारत ने अपनी विश्वसनीयता से यह साबित किया है कि कम लागत और उच्च तकनीक का सही तालमेल क्या होता है।

मार्च 2023 में जापान को तब गहरा सदमा लगा जब उसका एच3 रॉकेट दूसरे चरण में इंजन फेल होने के कारण नष्ट हो गया। इस हादसे में जापान का कीमती एएलओएस-3 उपग्रह भी बर्बाद हो गया था।

हाल ही में दक्षिण कोरिया का कमर्शियल रॉकेट हनबिट-नैनो ब्राजील से लॉन्च होने के मात्र 30 सेकंड बाद ही क्रैश हो गया। इस मिशन में 5 सैटेलाइट्स थे, जो समुद्र/सुरक्षित क्षेत्र में जा गिरे।

अंतरिक्ष इतिहास का सबसे दुखद हादसा ब्राजील के अल्कांतारा स्पेस सेंटर में हुआ था, जब बीएलएस-1 वी03 रॉकेट लॉन्च पैड पर ही फट गया था। इस हादसे ने 21 वैज्ञानिकों की जान ले ली थी, जिससे ब्राजील का स्पेस प्रोग्राम सालों पीछे चला गया।

वहीं इसरो का एलवीएम 3 रॉकेट की यह लगातार छठी सफल उड़ान है। यह वही रॉकेट है जिसने-चंद्रयान-2 और चंद्रयान-3 जैसे ऐतिहासिक मिशन पूरे किए। अब 6100 किलो का भारी-भरकम वजन उठाकर अपनी ताकत का लोहा मनवाया। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 सैटेलाइट के सफल प्रक्षेपण से पूरी दुनिया में मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव आएंगे। अब दुर्गम इलाकों में भी सीधा सैटेलाइट-टू-फोन कनेक्शन संभव हो सकेगा। अंतरिक्ष विज्ञान में रिस्क हमेशा बना रहता है, लेकिन इसरो ने अपनी तकनीक और कठोर परीक्षणों से विफलता की दर को लगभग शून्य कर दिया है। अन्य देश अरबों डॉलर खर्च करके भी विफल हो रहे हैं, इसरो बहुत ही कम बजट में जटिल मिशन (जैसे चंद्रयान-3 और अब एलवीएम 3 की सफल उड़ानें) पूरे कर रहा है। जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों के मिशनों में तकनीकी खामियां अक्सर विदेशी इंजन या पुराने डिजाइनों पर निर्भरता के कारण भी आती हैं, जबकि भारत ने अपने क्रायोजेनिक इंजन और रॉकेट चरणों को स्वदेशी रूप से विकसित किया है।






नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**